


## 10 दिन का मिशन...नौ महीने में पूरा

### सुनीता विलियम्स को लेकर 17 घंटे में स्पेसएक्स का कैप्सूल पहुंचा धरती पर

# भारत की बेटी 'जीत' गई



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री मंगलवार सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का ये सफर 17 घंटे में पूरा हुआ। भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3:27 बजे स्पेसएक्स ने समुद्र में लैंड किया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में फंसे नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर स्पेसएक्स का कैप्सूल धरती के लिए मंगलवार सुबह रवाना हो गया था। यात्री फ्लोरिडा के तट पर उतरे। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पिछले साल 5 जून 2024 को नासा के मिशन के तहत बोइंग के अंतरिक्ष यान पर बैठकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी।



**वापसी के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन का इस्तेमाल**

दोनों के लिए 10 दिन का मिशन 9 महीने से अधिक के इंतजार में बदल गया। उनका स्टारलाइनर यान खराब हो गया और वे वहीं फंसकर रह गए। अब उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन का इस्तेमाल किया गया। नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रोस्कोस्मोस कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव भी ड्रैगन कैप्सूल में वापस आए।

**1,148 डॉलर अतिरिक्त मुआवजा**

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अतिरिक्त मुआवजे के रूप में 1,148 डॉलर (लगभग 1 लाख रुपए) मिलने की संभावना है।

## स्पेसक्राफ्ट ने उगली आग, खुले 4 पैराशूट

## अहम रहे 46 मिनट

अमेरिका के फ्लोरिडा तट पर ड्रैगन कैप्सूल के 7 संभावित स्प्लेशडाउन साइट हैं। यानी समंदर में गिरने का स्थान। इनमें से 3 गल्फ ऑफ मैक्सिको की तरफ हैं और 4 अटलांटिक सागर की तरफ। ग्राउंड पर बैठी टीम यह तय करती है कि मौसम और दूसरे सेफ्टी फैक्टर के हिसाब से इनमें से कौन सी साइट ड्रैगन के लैंडिग (स्प्लेशडाउन) के लिए सही रहेगी। मिशन कंट्रोल में बैठे नासा और स्पेसएक्स के साइंटिस्ट ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को उसके आखिरी आर्बिट ट्रेजेक्टरी में भेजने के लिए उसके थ्रस्टर का इस्तेमाल करते हैं।



*ड्रैगन कैप्सूल 28000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धरती के वायुमंडल में आया*

*ड्रैगन कैप्सूल 28000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धरती के वायुमंडल में गुजरता है। इस रफ्तार से जब कैप्सूल गुजरता है तो वायुमंडल से रगड़ खाता है और घर्षण यानी फ्रिक्शन की वजह से तापमान 7,000 डिग्री फैरनहाइट तक पहुंच जाता है।*

### *इससे पहले पीएम मोदी ने सुनीता को लिखा पत्र, भारत आने का दिया न्योता*

## आप हमारे दिलों के बहुत करीब



बोनी पंड्या निश्चित रूप से आपकी वापसी की प्रतीक्षा कर रही होंगी और मुझे विश्वास है कि स्वर्गीय दीपकभाई की शुभकामनाएं भी आपके साथ हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को लिखे गए पत्र को साझा करते हुए ट्वीट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा- भले ही आप हजारों मील दूर हैं, लेकिन आप हमारे दिलों के बहुत करीब हैं। पीएम ने लिखा कि जब मैंने राष्ट्रपति ट्रंप या राष्ट्रपति बाइडेन से अमेरिका की यात्रा के दौरान मुलाकात की, तो मैंने हमेशा आपकी कुशलता और भलाई के बारे में पूछा। 1.4 अरब भारतीय आपके उपलब्धियों पर हमेशा गर्व करते आए हैं।

## खबर संक्षेप

### जेब में मोबाइल फटा प्राइवेट पार्ट डैमेज

**राजगढ़।** जिले के सारंगपुर में एक युवक की जेब में मोबाइल फट गया। इस दौरान वह बाइक चला रहा था। ब्लास्ट होते ही संतुलन बिगड़ा और युवक हाईवे पर गिर गया। जेब में मोबाइल ब्लास्ट होने से उसके टेस्टिकल्स (अंडकोष) फट गए। जानकारी के मुताबिक, पानीपुरी का ठेला लगाने वाला 19 साल का अरविंद बाइक से नैनवाड़ा गांव लौट रहा था। घायल के भाई ने डॉक्टरों को बताया कि अरविंद ने हाल ही में रेडमी कंपनी का पुराना मोबाइल खरीदा था। रात भर चार्जिंग पर लगा रहने के बाद उसे जेब में रखकर सब्जी खरीदने गया था। एक घंटे बाद लौटते समय हादसा हो गया।



### जिला अस्पताल के गेट पर महिला की डिलीवरी

**रायसेन।** जिला अस्पताल में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां एक गर्भवती महिला को जननी एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया, लेकिन गेट पर ही उसकी डिलीवरी हो गई। इस दौरान नवजात बच्चा जमीन पर गिर गया। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया, जिसके बाद परिजन ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम कमका कुराद निवासी रेखा को प्रसव पीड़ा होने पर जननी एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल लाया गया था। उनके पति नेपाल सिंह अस्पताल में पर्चा बनवाने गए थे, लेकिन एम्बुलेंस में ड्राइवर के अलावा कोई सहयोगी स्वास्थ्यकर्मी नहीं था।



### इंदौर की गेर अभी नहीं जाएगी यूनेस्को

**इंदौर।** गेर को यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन में शामिल नहीं किया जाएगा। यूनेस्को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हर साल किसी एक आयोजन को धरोहर के रूप में शामिल करता है। इंदौर की गेर को इसमें शामिल करने के लिए पिछले कई साल से प्रयास हो रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार का कहना है कि इंदौर में 75 सालों से निकल रही गेर अभी तक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में ही चिन्हित नहीं की गई है।



### कथित नक्सली एनकाउंटर को लेकर सदन में जमकर हंगामा, सरकार का ऐलान

राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा इसकी जांच एसआईए से कराई जा रही

# नक्सली नहीं तो एक करोड़ रु. की सहायता व सरकारी नौकरी

◆ *मंडला जिले के खटिया में एक सप्ताह पहले एक आदिवासी के कथित नक्सली एनकाउंटर मामले में विधानसभा में मंगलवार को फिर हंगामा हुआ। विपक्षी सदस्यों ने आसंदी के सामने आकर जमकर नारेबाजी की। बाद में वे सदन से वॉकआउट कर गए।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंडला जिले के खटिया में एक सप्ताह पहले एक आदिवासी के कथित नक्सली एनकाउंटर मामले में विधानसभा में मंगलवार को फिर हंगामा हुआ। विपक्षी सदस्यों ने आसंदी के सामने आकर जमकर नारेबाजी की। बाद में वे सदन से वॉकआउट कर गए। सदन से बाहर आने के बाद भी विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी कर हंगामा किया। हालांकि, इससे पहले गृह राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सदस्यों को आश्वत किया कि इसकी जांच राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) से कराई जा रही है। यदि नक्सली साबित नहीं होता एक करोड़ रुपए की सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

विधानसभा में ध्यानाकर्षण के तहत एनकाउंटर का मामला विपक्षी सदस्य विक्रांत भूरिया, नारायण सिंह पट्टा व ओमकार सिंह मरकाम ने उठाया। इस पर काफी देर तक दोनों पक्षों की ओर से जमकर बहस हुई। इसी मामले को सोमवार को भी कांग्रेस सदय मरकाम ने सदन में उठाया था।

नक्सली कनेक्शन नहीं निकला तो एक करोड़ की सहायता मिलेगी

भूरिया ने कहा कि पुलिस के दो बयान आए, दोनों में अंतर क्यों है?

मजिस्ट्रीयल जांच से काम नहीं चलेगा, रिटायर जज को नियुक्त करना चाहिए

*एनकाउंटर का मामला विपक्षी सदस्य विक्रांत भूरिया, नारायण सिंह पट्टा व ओमकार सिंह मरकाम ने उठाया*



### 11 बिंदुओं पर मजिस्ट्रीयल जांच हो रही

गृह राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि सरकार संवेदनशीलता के साथ जांच करा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उक्त परिवार की चिंता करते हुए स्वेच्छानुदान से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्टैंडिंग आदेश के आधार पर 11 बिंदुओं पर मजिस्ट्रीयल जांच हो रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें कठोर दंड दिया जाएगा। हालांकि, विपक्षी सदस्य इससे सहमत नहीं हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य बाला बच्चन ने कहा कि इस मामले में जांच व कार्रवाई के अलावा परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी व एक करोड़ रुपए की सहायता दी जाए। इसी दौरान राज्य मंत्री पटेल ने भी घोषणा की। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यदि नक्सली कनेक्शन नहीं निकला तो एक करोड़ रुपए की सहायता व शासकीय नौकरी दी जाएगी।

**विधायकों का दल बनाकर जांच कराई जाए**

सदस्य भूरिया ने कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए विधायकों की एक टीम बनाकर जांच के लिए भेजा जाए। इसके बाद ही निष्पक्ष जांच हो पाएगी। हालांकि इस मुद्दे पर सदन में पक्ष व विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। सदस्य नारायण सिंह ने कहा हम बैगा हैं तो क्या कोई जुर्म है? इसकी उच्च स्तरीय जांच की जाए। इस मुद्दे पर आधे घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई। हंगामे के बीच स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर को भी बार-बार व्यवस्था देनी पड़ेगी।

*सरकार की तरफ से मंत्री ने दिया यह बयान*

***दोनों तरफ से दो घंटे तक रुक-रुककर फायरिंग हुई***

*मंत्री पटेल ने बताया कि मंडला जिले के थाना खटिया क्षेत्र में कान्हा नेशनल पार्क में जंगल सचिंग के दौरान हॉक टीम को यह सूचना प्राम हुई कि झुलुप फरिस्ट कैंप के दो वाचर एक दिन पहले जंगल में नक्सलियों से मिले थे। उनके द्वारा दी गई पर्ची और धनराशि के आधार पर राशन खरीद कर लाए हैं। यह राशन पूर्व से निर्धारित स्थल पर नक्सलियों के हवाले किया जाएगा। उक्त सूचना के आधार पर हॉक टीम उस स्थान के पास पहुंची तो उन्हें दो वाचर एक बोरा (चावल) और एक बैग (अन्य खाद्य सामग्री) के साथ एक चट्टान पर ताली बजाते हुए और कुल्हाड़ी से पत्थर पर आवाज करते हुए दिखे। टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाचरों से बात की तो उनके द्वारा बताया गया कि एक दिन पहले तीन सदस्य महिला नक्सली एवं एक पुरुष नक्सली ने पर्ची व राशि दी थी। उसे देने के लिए यहां आए हैं। मंत्री पटेल ने कहा कि पुलिस के मुताबिक नक्सलियों को इशारा करने के लिए ताली और कुल्हाड़ी की आवाज कर रहे हैं। इसके बाद हॉक टीम ने राशन वहीं छोड़ दोनों वाचर को अपने साथ लेकर उस स्थल पर एंबुश से घेरा लगाया और नक्सलियों के आने का इंतजार किया। कुछ समय बाद दोपहर लगभग 3 बजे टीम को तीन सशस्त्र नक्सली (एक वर्दीधारी और दो सादे वस्त्र में) दिखाई दिए। वे राशन स्थल पर जाकर राशन उठाकर वापस मुड़ने लगे तो टीम लीडर ने आत्मसमर्पण के लिए आवाज लगाई।*

### आलीराजपुर में 6वीं की छात्रा से गैंगरेप

## दो ने दुकान के बाहर पहरा दिया, तीन ने दुष्कर्म किया

आवाज सुनकर बच्ची की मां पहुंची तो भागे



हरिभूमि न्यूज ⏭ आलीराजपुर

आलीराजपुर में 13 साल की 6वीं की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर स्थित एक गांव की है। एएसपी प्रदीप पटेल ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े 7 बजे पीड़ित बच्ची परीक्षा देकर अपनी मां की दुकान पर अकेली बैठी थी। उसकी बड़े बनाने की दुकान है। इस दौरान 5 युवक वहां पहुंचे। मौका पाकर इनमें से तीन ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। दो आरोपी दुकान के बाहर निगरानी करते रहे। पीड़ित के परिजन ने बताया कि रात का समय था। बच्ची की आवाज सुनकर मां पहुंची तो 4 आरोपी भाग गए। एक को मौके से पकड़ लिया था।



*पांचों आरोपियों को किया गिरफ्तार*

*पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 5 में से दो आरोपियों को बच्ची पहचानती है। वहीं एक पर पहले से थाने में एक केस दर्ज है।*

**कांग्रेस नेता यादव ने की कड़ी कार्रवाई की मांग**

इस घटना पर कांग्रेस नेता अरुण यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा- प्रदेश आदिवासियों पर अत्याचार और नाबालिगों से दुष्कर्म के मामलों में पहले स्थान पर है। उन्होंने सरकार से दुष्कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

*जमीन के बदले नौकरी घोटाला केस*

### तेजप्रताप से पांच घंटे ईडी ने की पूछताछ

एजेंसी ⏭ पटना

जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके पुत्र व पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को लंबी पूछताछ की। राबड़ी देवी से करीब चार घंटे जबकि तेज प्रताप यादव से पांच घंटे तक ईडी की पूछताछ चली। इस मामले में 19 मार्च को पूर्व रेल मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद से भी पूछताछ संभव है।



### सीईओ पर प्रताड़ना का लगाया आरोप




## *गेट से लुढ़कते हुए ही कलेक्ट्रेट पहुंचे जनपद अध्यक्ष, आत्मदाह की चेतावनी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी में मंगलवार को बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष लालकमल बंसल ने विरोध प्रदर्शन किया। वे कलेक्ट्रेट गेट से लुढ़कते हुए कार्यालय पहुंचे। उनके साथ समर्थक और जिला पंचायत सदस्य भी मौजूद थे। जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक झा पर आरोप लगाते हुए बंसल ने धरना दिया। उन्होंने कहा कि सीईओ मुझे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। बिना पूछे बैठकों का आयोजन कर रहे हैं और पंचायत राज अधिनियम के विपरीत काम कर रहे हैं।अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने मौके पर पहुंचकर उनकी मांगें सुनीं।

### अमृतसर से बिलासपुर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की छत पर एक बंदर चढ़ गया

ये बंदर आगरा कैंट पर एसी बोगी की छत पर चढ़कर करंट से घायल हो गया

## आगरा से ग्वालियर... एसी बोगी की 'छत पर चढ़कर' बंदर ने रेलवे को खूब छकाया, एक घंटे लेट हो गई ट्रेन

160 किलोमीटर दूरी तय कर डबरा पहुंचा। आरपीएफ ने डबरा रेलवे स्टेशन पर बंदर का रेस्क्यू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

अमृतसर से बिलासपुर जा रही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में मंगलवार को एक अजीब घटना हुई। एक बंदर ट्रेन की छत पर चढ़ गया और खूब उत्पात मचाया। करंट लगने से वह घायल हो गया। घायल बंदर लगभग 160 किलोमीटर का सफर तय करके डबरा रेलवे स्टेशन पहुंचा। यहां आरपीएफ के जवानों ने उसे बचाया। इस घटना की वजह से ट्रेन करीब एक घंटे से ज्यादा लेट हो गई। दरअसल, यह सब आगरा कैंट स्टेशन पर शुरू हुआ। एक बंदर एसी बोगी की छत पर चढ़ गया। वहां उछल-कूद करते समय वह करंट की चपेट में आ गया और घायल हो गया। इसके बाद वह कपलिंग के बीच में कूद गया। इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दी गई।



**ट्रेन कई जगहों पर रोकी गई**

ट्रेन को तुरंत बामोर स्टेशन पर रोका गया। बंदर को नीचे उतारने की कोशिश की गई। लेकिन जैसे ही ट्रेन चलने लगी, बंदर फिर से ट्रेन पर चढ़ गया। इसके बाद ट्रेन ग्वालियर रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां वन विभाग की टीम को बुलाया गया। टीम ने लगभग 10 मिनट तक ट्रेन की जांच की, लेकिन बंदर कहीं नहीं मिला।

**बंदर फिर दिखाई दिया**

ट्रेन फिर से चल पड़ी। कुछ देर बाद बंदर फिर से दिखाई दिया। तुरंत ट्रेन को डबरा में रोका गया। कड़ी मशक्कत के बाद बंदर को ट्रेन की छत से उतारा गया। आरपीएफ कर्मी रामनिवास शर्मा ने बताया कि ट्रेन को बिजली की सप्लाई से अलग किया गया। इसके बाद बंदर को नीचे उतारा गया। उन्होंने कहा कि ट्रेन को बिजली की कैनेटविटी से दूर किया गया और बंदर को उतरा गया। इस घटना की वजह से ट्रेन लगभग एक घंटे से ज्यादा लेट हो गई। यात्रियों को काफी परेशानी हुई। लेकिन सभी खुश थे कि बंदर को सुरक्षित बचा लिया गया।

## पूजा खेडकर केस में अदालत ने कहा

# सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग परीक्षा नहीं ली जा सकती, पूजा के वकील ने हलफनामा देने के लिए कोर्ट से मांगी मोहलत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर अधिकारी पूजा खेडकर मामले में कहा कि सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग परीक्षा नहीं ली जा सकती। पूजा खेडकर पर फर्जी तरीके से सिविल सेवा परीक्षा में दिव्यांग और ओबीसी कोटे का फायदा लेने और धोखाधड़ी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा खेडकर की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख तय की है।



### एसवी राजू बोले- राहत की जरूरत नहीं



पूजा खेडकर के वकील ने दिल्ली सरकार के हलफनामे का जवाब देने के लिए कुछ समय देने की मांग की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल की तारीख तय की। साथ ही अदालत ने 15 अप्रैल तक ही पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से राहत दे दी। दिल्ली सरकार की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पूजा खेडकर को राहत देने का विरोध किया और कहा कि उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है ताकि उस मध्यस्थ के बारे में पता चल सके, जिसकी मदद से उन्होंने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र की वजह से पूजा खेडकर को सिविल सेवा परीक्षा देने का अतिरिक्त मौका मिला।

### वकील ने दिया जवाब

## पूजा ने आरोपों को गलत बताया



खेडकर की तरफ से वरिष्ठ वकील बीना माधवन अदालत में पेश हुईं। उन्होंने कहा कि हम जांच एजेंसी के साथ पूछताछ में सहयोग के लिए तैयार हैं। पूजा खेडकर पर गलत जानकारी देकर आरक्षण का फायदा लेने का आरोप है। हालांकि पूजा खेडकर ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया है।

### खेडकर पर लगे कई गंभीर आरोप

खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने ट्रेनिंग पीरियड के दौरान सरकारी आवास, स्टाफ, गाड़ी और दफ्तर में अलग केबिन की मांग की। अपनी निजी ऑडी कार पर लाल-नीली बत्ती और महाराष्ट्र सरकार का लोगो लगाया। उन्होंने चोरी के आरोप में गिरफ्तार एक ट्रांसपोर्टर को छोड़ने के लिए डीसीपी रैंक के अधिकारी पर दबाव बनाया। उन्होंने आईएएस बनने के लिए झूठे दस्तावेज का इस्तेमाल करते हुए यूपीएससी के फार्म में खुद को ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर बताया। पूजा ने दिव्यांगता श्रेणी के तहत यूपीएससी का आवेदन पत्र भरा था। दावा किया गया कि वह 40 फीसदी दृष्टिबाधित हैं और किसी मानसिक बीमारी से जूझ रही हैं। हालांकि मेडिकल के दौरान वह हर बार नहीं पहुंची। एमबीबीएस कॉलेज में दाखिले के समय भी दस्तावेजों की हेर-फेर के आरोप पूजा पर हैं।

### उधर, आईईएस-आईएसएस परीक्षा 5 उम्मीदवारों के आवेदन अस्वीकृत

*संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने भारतीय आर्थिक सेवा और भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2025 के लिए अस्वीकृत उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। यह सूची उन अभ्यर्थियों की है, जिनके आवेदन शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक सत्यापित नहीं हो सका। आईईएस/ आईएसएस परीक्षा 2025 के लिए 200 रुपये शुल्क के भुगतान के संबंध में बैंक अधिकारियों से पुष्टि नहीं मिली थी। कुल मिलाकर, 5उम्मीदवारों के आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। नोटिस में प्रभावित उम्मीदवारों के नाम और पंजीकरण आईडी शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप


### उदयपुर में घड़ी के शोरूम में भीषण आग

**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर के बापू बाजार में मंगलवार को एक घड़ी के शो रूम में भीषण आग लग गई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग एक बहुमंजिला इमारत में लगी। इसके कारण इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया। बिल्डिंग में ही शोरूम का मालिक और उसका परिवार फंस गया। सभी सुरक्षित हैं।



### देवघर का इंडियन ऑयल प्लांट धू-धूकर जला

**देवघर।** झारखंड के देवघर के जसीडीह स्थित इंडियन ऑयल के प्लांट में भीषण आग लग गई है। आग की लपटों ने पूरे इंडियन ऑयल के प्लांट के कैंपस को अपनी चपेट में ले लिया है। आग के विकराल रूप को देखते हुए पुलिस ने आसपास के गांवों को खाली करवाया। प्लांट के आसपास लोगों को सुरक्षित बाहर निकला गया।



### पीतमपुरा में बुजुर्ग दंपती की गला रेतकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली में उत्तर पश्चिम जिले के पीतमपुरा के कोहाट एंक्लेव में बुजुर्ग दंपति की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक मोहिंद्र सिंह और उनकी पत्नी दिलराज कौर की उम्र करीब 70 साल थी। घर की तीसरी मंजिल पर अलग- अलग कमरों में दोनों के शव मिले है। पुलिस को शक है कि दो या तीन दिन पहले हत्या की गई है।



### बाइक का हॉर्न बजाने पर चलाई गोलियां, पत्थरबाजी

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ में बाइक का हॉर्न बजाने से नाराज़ लड़को ने गोलियां चला दी। आरोप है कि पत्थरबाजी भी की गई। मामला लखनऊ के दुबग्गा थाने के फरीदीपुर इलाके का है। फरीदीपुर की गली नंबर 12 में रहने वाले शानू दोस्त शहाबुद्दीन के साथ बाइकसे दूध लेने गए थे। शानू के घरवालों का आरोप है कि कुछ लड़के रोड पर हुड़दंग कर रहे थे।



## मुख्यमंत्री फडणवीस ने नागपुर हिंसा पर कहा- पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे

# सुनियोजित तरीके से शहर में लगाई आग, पत्थरों से भरी मिली ट्रॉली और खास घरों को ही बनाया निशाना

एजेंसी ▸▸ मुंबई

औरंगजेब के खिलाफ फिल्म छावा ने गुस्से को बढ़ाया | धार्मिक सामग्री को जलाने की अफवाह फैलाई गई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर हिंसा को सुनियोजित हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक सामग्री जलाने की अफवाह फैलाई गई। हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। सीएम फडणवीस ने कहा है कि कानून-व्यवस्था को हाथ में लेने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। हिंसा में तीन (डीसीपी) घायल हुए हैं और एक डीसीपी पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया।

सीएम ने कहा कि औरंगजेब के खिलाफ फिल्म छावा ने गुस्से को बढ़ाया है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। विधानसभा में सीएम फडणवीस ने कहा कि नागपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद धार्मिक सामग्री को जलाने की अफवाह फैलाई गई। यह एक सुनियोजित हमला लगता है। किसी को भी कानून-व्यवस्था अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। सीएम ने कहा कि पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।



**औरंगजेब की कब्र और सियासत बेसब्र**

### 11 थाना क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू

*फडणवीस ने कहा कि तीन डीसीपी समेत कुल 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। 5घायल नागरिकों में से तीन को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। एक आईसीयू में है। नागपुर के 11 थाना क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू है। हिंसा मामले में पांच अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं।*

### कुछ लोग 'आक्रांता' का गुणगान कर रहे

*फडणवीस ने कहा कि पुलिस को मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल की शिकायत मिली है। इस पर कार्रवाई की जा रही है। विधानसभा में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी विधायकों ने मंगलवार सुबह एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष का आरोप है कि महायुति सरकार के कुछ मंत्रियों के बयान की वजह से महाराष्ट्र में स्थिति बिगड़ रही है। उधर, सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों ने कुछ लोगों पर मुगल सम्राट औरंगजेब का महिमामंडन करने का आरोप लगाया।*

### कब्र तोड़ने वाले को 5 बीघा जमीन और 11 लाख रुपए देंगे

इसी विवाद को लेकर मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसक झड़प हुई है। अब ये मामला यूपी में भी तूल पकड़ रहा है। यूपी के मुजफ्फरनगर में शिवसेना के एक नेता ने औरंगजेब की कब्र तोड़ने वाले को 5 बीघा जमीन और 11 लाख रुपए तक देने की घोषणा शिवसेना के जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने की है।

### औरंगजेब की कब्र हटाकर वहां विजय स्मारक बने: विहिप

विश्व हिंदू परिषद ने नागपुर में हिंसा फैलाने के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने कहा है कि कुछ लोग हिंसा करके लोगों को डराकर औरंगजेब के काले इतिहास को अपने तरीके से पेश कराना चाहते हैं, ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। संगठन ने कहा है कि औरंगजेब की कब्र के स्थान पर धनाजी जाधव, संताजी घोरपडे, छत्रपति राजाराम महाराज का स्मारक बनना चाहिए।



### आजमी इसके लिए जिम्मेदार: राणे



*महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने हिंसा के लिए सपा के विधायक अबू आजमी को जिम्मेदार बताया है। महाराष्ट्र के मंत्री राणे ने कहा कि ये राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए एक पूर्व नियोजित हिंसा थी।*

### हिंसा होने का कोई कारण नहीं: राउत



*शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि हिंसा होने का कोई कारण नहीं है। यहीं आरएसएस का मुख्यालय है। यह सीएम का निर्वाचन क्षेत्र भी है। यहां हिंसा फैलाने की हिम्मत कौन कर सकता है?*

### सरनेम देखकर पथराव किया



*असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने कहा कि पूरा देश जानता है कि ओवैसी जैसे लोग खुद को नेता साबित करने के लिए ऐसी हरकतें करते हैं। लोगों ने नाम देखकर हमला किया।*

### विपक्ष जबरन राजनीति न करे: बावनकुले



*नागपुर के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए माहौल को खराब किया गया और उन्होंने विपक्ष से मामले का राजनीतिकरण न करने की अपील की। पुलिस आयुक्त और जिला कलेक्टर के साथ समीक्षा बैठक करने वाले बावनकुले ने सभी समुदायों के सदस्यों से सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की।*

### फिरोजाबाद का दिहुली हत्याकांड

## दोषियों को फांसी की सजा और 1-1 लाख का जुर्माना भी लगाया



- 44 साल पहले 24 दलितों को गोली से भूना था

एजेंसी ▸▸ फिरोजाबाद

यहां के दिहुली हत्याकांड के 44 साल बाद मंगलवार को फैसला आया। साल 1982 में डकैतों के गिरोह ने दलितों के गांव पर हमला बोल दिया था और अंधाधुंध गोलियां बरसाकर 24 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। दलित हत्याकांड मामले में अब कोर्ट ने 3 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। इससे पहले 11 मार्च को मैनपुरी कोर्ट में स्पेशल जज ने तीनों हत्यारोपियों को दोषी ठहराया था। अपर सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे फांसी की सजा सुनाई। तीनों ही आरोपियों पर 1-1लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इस हत्याकांड में 18 नवंबर 1981 को जसराना के ग्राम दिहुली में 24 लोगों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। तीनों ही आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

आरोप- प्रत्यारोप छोड़कर शांति का मार्ग प्रशस्त करें

## मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, बजट भी बढ़ाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष के लिए मणिपुर बजट और 2025-26 के लिए लेखानुदान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा को संबोधित करते हुए राज्य की आर्थिक वृद्धि के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।मंत्री ने विपक्षी दलों से आरोप-प्रत्यारोप में शामिल होने के बजाय शांति प्रयासों का समर्थन करने का आग्रह किया। मणिपुर में अशांति ने इसकी अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित किया है, लेकिन सीतारमण ने तेजी से सुधार के बारे में आशा व्यक्त की।उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था में सुधार और आर्थिक गतिविधि में सुधार के साथ, मुझे उम्मीद है कि इस साल से जीएसडीपी में कुछ सुधार दिखाई देगा।

### विपक्ष की जमकर आलोचना की



*सीतारमण ने हिंसाग्रस्त मणिपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनुपस्थिति को लेकर आलोचनाओं का जवाब देते हुए कहा कि पीवी नरसिम्हा राव और आईके गुजराल जैसे पिछले प्रधानमंत्रियों ने भी ऐसी ही स्थितियों के दौरान दौरा नहीं किया था। उन्होंने शांति बहाल करने के प्रयासों के तहत केंद्रीय गृह मंत्री और गृह राज्य मंत्री के दौरों पर प्रकाश डाला।*

### विशेष सहायता..913 करोड़ की घोषणा

*वित्त मंत्री ने 2024-25 के लिए राज्य पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता के तहत 913 करोड़ रुपए की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के लिए 500 करोड़ रुपए की आकस्मिकता निधि स्थापित की गई है। 13 फरवरी, 2025 को संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत जारी उद्घोषणा के बाद राज्य वर्तमान में राष्ट्रपति शासन के अधीन है।*

## हुबली में मनी होली, हुरियारे रंग में सराबोर



**हुबली।** हुबली में मंगलवार को लोग रंगों के साथ होली मनाने के लिए एकत्र हुए।

### बैरिकेडिंग तोड़ ट्रैक पर पहुंचा डंपर, उड़ गए उसके परखच्चे

**अमेठी।** यूपी के अमेठी में मंगलवार तड़के लखनऊ-सुल्तानपुर रेल ट्रैक पर भीषण हादसा हो गया। यहां निहालगढ़ के पूरे शोहरत स्थित रेलवे क्रासिंग बंद हो रही थी, तभी तेज रफ्तार डंपर रेल क्रॉसिंग के एक साइड का बूम तोड़ते हुए ट्रैक पर पहुंच गया। कुछ देर में ही मालगाड़ी आ गई। ट्रेन डंपर को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। डंपर करीब 100 मीटर तक घिसटता रहा। ट्रैक के कई पोल क्षतिग्रस्त हो गए। लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। रेल परिचालन बाधित हो गया। डंपर के परखच्चे उड़ गए। डंपर की लोहे की चादर ट्रेन के इंजन के आगे की हिस्से में चिपक गई।





जबलपुर

बुधवार, 19 मार्च 2025
- चैत मास कृष्ण पक्ष-5
- वर्ष : 19, अंक : 312
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 35
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रंगपंचमी की शुभकामनाएं

haribhoomi.com




## भोपाल में पानी की टंकी में छिपाया था शव, 5 थानों के 100 पुलिसकर्मियों ने 36 घंटे तक की थी सर्चिंग

# करीब 6 महीने बाद मिला न्याय, 5 साल की बच्ची से रेप-मर्डर के दोषी को फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

शाहजहांनाबाद इलाके में 5 साल की बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और जघन्य हत्या के आरोपी अतुल भालसे को कोर्ट ने मंगलवार को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं, वारदात में उसका साथ देने वाली मां और बहन को भी दो-दो साल कैद की सजा दी है। विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने इस मामले में तीनों को दोषी ठहराया है। घटना 24 सितंबर2024 की है। बच्ची का अपहरण कर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी हत्या कर दी थी। बच्ची का शव उसी की मल्टी के एक बंद फ्लैट से बरामद कियागया था।

### वारदात में साथ देने वाली मां बहन को 2-2 साल की कैद



### बच्ची के माता-पिता बोले-आरोपी की मां-बहन को मिले 10 साल की सजा

बच्ची की माता-पिता और दादी ने फैसले के बाद कहा- दोषी की मां और बहन को भी कम से कम 10 साल की सजा हो। क्योंकि, इन्होंने बच्ची के शव को अपने घर में छिपाकर रखा था। ये अपने बेटे को बचाने का प्रयास कर रही थी। जितना गुनहगार इनका बेटा है, उतने ही ये दोनों भी हैं। पुलिस ने गहन जांच के बाद फ्लैट में रहने वाले अतुल निहाले, उसकी मां बसंती बाई और बहन चंचल भालसे को गिरफ्तार कर लिया था। थाना शाहजहांनाबाद ने मामले की जांच पूरी करने के बाद 20 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ स्पेशल कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया था। पुलिस ने आरोप पत्र के साथ डीएनए जांच रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज और पीड़िता के परिजन, चिकित्सकों और पुलिसकर्मियों सहित अन्य गवाहों की सूची भी पेश की थी।

### *जहां लाश मिली वहां से बच्ची का फ्लैट 8 फीट दूर*

*शाहजहांनाबाद इलाके के जिस फ्लैट से 5 साल की मासूम की लाश मिली थी, वह बच्ची के फ्लैट से महज 8 फीट दूर है। इसके बाद भी पुलिस लाश का पता नहीं लगा पा रही थी। जबकि, पुलिस लाश मिलने से दो बार पहले फ्लैट की तलाशी ले चुकी थी। पुलिस को लाश की भनक इसलिए भी नहीं लगी, क्योंकि आरोपी लाश छिपाने की जगह पर फिनाइल का पोंछा लगाते रहे, ताकि बदबू बाहर न फैल सके। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 5 थानों का बल और 100 पुलिसकर्मियों को मासूम की तलाश में उतारा गया।*

*बच्ची और आरोपी अदनान के डीएनए सैंपल मैच*

## इंदौर में नाबालिग से रेप के दोषी को दोहरी उम्रकैद



10 साल की अतिरिक्त सजा भी

11वीं की छात्रा ने बेटी को जन्म दिया था

हरिभूमि न्यूज ⏩ इंदौर

इंदौर में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को जिला कोर्ट ने दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी को अन्य धाराओं में 10 वर्ष का सश्रम कारावास भी हुआ है। दरअसल, वारदात के 3 महीने बाद पेट दर्द होने पर पीड़िता ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया था। जांच में पता चला कि उसे सात माह का गर्भ है। फिर नाबालिग ने बेटी को जन्म दिया था। इसके बाद मां के साथ लसूडिया थाने जाकर उसने आरोपी अदनान खान (21) के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी अदनान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम अदनान खान (21) निवासी इंदौर है। पीड़िता 11वीं कक्षा की छात्रा है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मऊगंज हत्याकांड में शामिल 20 गिरफ्तार




**रीवा।** मऊगंज जिले के ग्राम गड़रा में पुलिसकर्मी और एक अन्य व्यक्ति की हत्या के बाद पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। पुलिस ने इस मामले में 150 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। अब तक 20 आरोपियों को हिरासत में लिया है, इसमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### नीट पीजी 2025: 15 जून को होगी परीक्षा



**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नीट पीजी 2025 परीक्षा की घोषणा कर कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, यह परीक्षा 15 जून, 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो शिफ्ट में कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित की जाएगी।

### प्रेमी जोड़े को पहनाई चप्पल-जूते की माला



**नर्मदापुरम।** यहां एक प्रेमी जोड़े को पंचायत ने गांव से बाहर निकाल दिया। दोनों से एक-दूसरे को जूते-चप्पल की माला पहनाई। इसके बाद गांव में जुलूस निकाला। पंचायत ने फरमान सुनाया कि कोई भी दोनों की मदद नहीं करेगा। जो भी सहानुभूति दिखाएगा उसके साथ भी यही किया जाएगा। मामला काजरी गांव में 16 मार्च रविवार का है।

**संसद में बोले पीएम मोदी:** महाकुंभ के रूप में पूरे विश्व ने भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए

# राम मंदिर व महाकुंभ ने बताया कि देश 1000 वर्षों के लिए कैसे तैयार हो रहा है

देश के हर क्षेत्र से, हर कोने से आए लोग एक हो गए और 'अहम' त्याग कर 'वयम' के भाव से प्रयागराज में जुटे

महाकुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा हमें इस बारे में जरूर सोचना चाहिए जिससे वर्तमान पीढ़ी को पानी का महत्व समझ में आएगा और नदियों की साफ-सफाई के साथ-साथ नदियों की रक्षा भी होगी।

### 'सबका प्रयास' का महाकुंभ साक्षात स्वरूप

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को लोकसभा में महाकुंभ के आयोजन पर बोले। उन्होंने इस दौरान इस आयोजन में योगदान देने वालों का धन्यवाद किया। पीएम ने कहा कि पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने हम सभी को यह अहसास कराया कि देश अगले 1000 वर्षों के लिए कैसे तैयार हो रहा है। इस वर्ष महाकुंभ ने हमारी सोच को और मजबूत किया है, तथा देश की सामूहिक चेतना हमें देश के सामर्थ्य के बारे में बताती है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं और एकता का अमृत इसका बहुत पवित्र प्रसाद है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा जिसमें देश के हर क्षेत्र से, हर कोने से आए लोग एक हो गए और 'अहम' त्याग कर 'वयम' के भाव से प्रयागराज में जुटे।

देश के इतिहास में कई ऐसे पल आए हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी और देश को झकझोर कर जागृत कर दिया



और क्या कहा पीएम ने?

### मॉरीशस की यात्रा का भी किया जिक्र

उन्होंने अपनी हालिया मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि मैं पिछले सप्ताह त्रिवेणी का पवित्र जल मॉरीशस लेकर गया था, जब उस जल को वहां के गंगा तालाब में प्रवाहित किया गया तो वहां बहुत ही उत्साह और आस्था का माहौल था।

### *अपनी विरासत से जुड़ने की परंपरा भारत की सबसे बड़ी पूंजी*

*मानव जीवन के इतिहास में ऐसे कई मोड़ आते हैं, जो पीढ़ियों को दिशा देते हैं। महाकुंभ के दौरान लोग सुविधा-असुविधा की चिंता छोड़कर इसमें शामिल हुए। पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे संस्कारों के आगे बढ़ने का क्रम जारी है। आज भारत का युवा अपनी परंपरा अपनी आस्था और परंपरा को गर्व के साथ अपना बना रहा है। एक देश के रूप में हम बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने का भरोसा बढ़ा। अपनी विरासत से जुड़ने की परंपरा आज के भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी। महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। महाकुंभ से 'एकता का अमृत' और कई अन्य अमृत निकले हैं।*

### स्वामी विवेकानंद, गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भी किया याद

मोदी ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो सर्वधर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण, गांधीजी के 'दांडी मार्च' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'दिल्ली चलो' का नारा देने जैसे ऐतिहासिक अवसरों का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं प्रयागराज महाकुंभ को भी ऐसे ही एक अहम पड़ाव के रूप में देखता हूं जिसमें जागृत होते भारत का प्रतिबिंब दिखा।

**राहुल गांधी ने कहा**

### हम पीएम मोदी के कहे का समर्थन करते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम पीएम मोदी के कहे का समर्थन करते हैं, कुंभ हमारा इतिहास और संस्कृति है। हमारी केवल एक शिकायत है कि पीएम ने कुंभ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि नहीं दी।

### *महाकुंभ ने हमारे सामर्थ्य से जुड़ी शंकाओं और आशंकाओं का उचित जवाब दिया*

*महाकुंभ में हमने अपनी राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए हैं। यह हमें नए संकल्पों की सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। महाकुंभ ने उन शंकाओं और आशंकाओं को उचित जवाब दिया है जो हमारे सामर्थ्य को लेकर कुछ लोगों के मन में रहती हैं। मैं देश के श्रद्धालुओं, उत्तर प्रदेश की जनता और विशेषकर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं। जिस तरह से गंगा को लाने के लिए भगीरथ प्रयास हुआ था उसी तरह का महाप्रयास महाकुंभ में दिखाई दिया। मैंने लाल किले से 'सबका प्रयास' पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के माध्यम से भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। 'सबका प्रयास' का यही साक्षात स्वरूप है।*

**अब देश में ट्रैफिक तोड़ने वालों की खैर नहीं, कार्वाई और कड़ी होगी**

## नियमों को तोड़ा तो लगेगा 10 गुना ज्यादा जुर्माना, सजा भी होगी

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

भारत सरकार शुरू से ही सड़क सुरक्षा को लेकर तरह-तरह के कदम उठाती रहती है। अब सरकार ने मोटर वाहन नियम को तोड़ने को लेकर नए जुर्माना और सजा को लागू कर दिया है। ये नए जुर्माने और सजा लागू कर दिए गए हैं।इन नए नियमों के तहत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने को 10 गुना तक बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही दोबारा गलती करने पर जुर्माना और सजा सख्त की गई है।

### ट्रिपल राइडिंग, खतरनाक ड्राइविंग और रेसिंग

अगर आप टू-व्हीलर पर तीन सवारी करते हुए पकड़े जाते हैं, तो 1,000 रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा। अगर आप खतरनाक ड्राइविंग या रेसिंग करते हुए पकड़े जाते हैं, तो 5,000 रुपए का जुर्माना लगेगा। वहीं, एम्बुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देने पर 10,000 रुपएका भारी जुर्माना देना पड़ेगा।

### दस्तावेजों की कमी

अगर आपके पास लाइसेंस नहीं है, तो 5,000 रुपए और इंश्योरेंस नहीं है, तो 2,000 रुपए का जुर्माना भरना पड़ेगा। 3 महीने की जेल और सामुदायिक सेवा की सजा भी दी जा सकती है। प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं होने पर 10,000 रुपए और 6 महीने की जेल के साथ सामुदायिक सेवा की सजा कर दी गई है। अगर दोबारा बिना इंश्योरेंस के पकड़े जाते हैं, तो 4,000 का जुर्माना देना होगा।

### बिना हेलमेट के सजा

टू-व्हीलर चलाते वक्त अगर आपने हेलमेट नहीं पहन रखा है, तो आपको 1,000का जुर्माना देना पड़ेगा। आपके लाइसेंस को भी 3 महीने के लिए रद्द किया जा सकता है। पहले इसके लिए जुर्माना 100 रुपए था। कार ड्राइव करने के दौरान सीट बेल्ट नहीं पहनने पर 1,000 का जुर्माना देना पड़ेगा।

### ड्राइविंग के दौरान फोन का इस्तेमाल

व्हीकल ड्राइव करने के दौरान अगर आप फोन का इस्तेमाल करते हुए पाए जाते हैं, तो आपको 5,000 का जुर्माना लगाया जा सकता है। पहले इसके लिए जुर्माने के रूप में 500 रुपए था।

*शिवपुरी के माता टीला डैम में शाम को बड़ा हादसा*

## श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, 7 लोग लापता 8 लोगों को बचाया गया, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ शिवपुरी

- टापू पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे

खनियाधाना थाना क्षेत्र स्थित माता टीला डेम में मंगलवार को श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई। जिससे तीन महिलाओं और चार बच्चों सहित कुल सात लोग लापता हो गए हैं। प्रशासन ने मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। वहीं, अब तक आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। जानकारी के अनुसार, रजावन गांव के 15 लोग नाव से डेम के बीच बने टापू पर स्थित



सिद्ध बाबा मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। बीच रास्ते में नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। नाव में सवार कई लोग डूबने लगे। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आठ लोगों को बचा लिया, लेकिन तीन महिलाओं और चार बच्चों का अब तक कोई पता नहीं चला है।

### खदान के गड्ढे में पानी भरा देख नहाने उतरे 2 छात्र, डूबने से मौत

**श्योपुर।** एक पत्थर खदान के पानी भरे गहरे गड्ढे में डूबने से दो स्कूली छात्रों की मौत हो गई। दोनों छात्र अपने घर से हनुमान मंदिर दर्शन के लिए निकले थे और नहाने के दौरान हादसे का शिकार हो गए। हालांकि छात्रों के डूबने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने तलाशी अभियान भी चलाया।

**डीबीटी के माध्यम से सामाजिक कल्याण निधि आवंटित की**

## अमेरिका के डीओजीई की तरह पीएम मोदी के मॉडल ने भारत में बचाए 'पांच लाख करोड़'

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

- अब हर साल लगभग 64,000 करोड़ की बचत हो रही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में लोकप्रिय अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ साक्षात्कार में बताया कि उनकी सरकार ने देश में जनकल्याण योजनाओं के फंड की बर्बादी को रोककर सरकारी तंत्र की दक्षता बढ़ाने का काम पहले ही कर दिया है। यह ठीक वैसा ही है जैसा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाल ही में शुरू किए गए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) का लक्ष्य है। पीएम मोदी ने इस बात



पर प्रकाश डाला कि जब वह सत्ता में आए, तो उन्होंने सामाजिक कल्याण के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रणाली शुरू की, जिसने विभिन्न योजनाओं के फर्जी, अस्तित्वहीन लाभार्थियों को खत्म कर दिया। पहले भ्रष्ट बिचौलियों द्वारा सिस्टम से भारी मात्रा में धन निकाला जा रहा था।

### फर्जी निकासी के कारण होने वाले लीकेज को रोका

*एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भ्रष्ट एलिमेंट द्वारा फर्जी निकासी के कारण होने वाले लीकेज को रोकने के साथ अब हर साल लगभग 64,000 करोड़ की बचत हो रही है। इसी के साथ कुल बचत अब लगभग 5 लाख करोड़ हो गई है। यह ठीक वैसा ही है जो एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई कार्यक्रम ने अमेरिका में पाया है, जहां सामाजिक सुरक्षा लाभ ऐसे लोगों को दिए जा रहे थे जो अब जीवित नहीं हैं।*

*चुनाव आयोग और गृह मंत्रालय की बैठक में फैसला*

## अब वोटर आईडी से लिंक होगा आधार कार्ड, राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को आधार से जोड़ने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुई हाई लेवल मीटिंग में इस पर चर्चा हुई। आयोग ने साफ किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संविधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत ही होगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326



और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के तहत होगी। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड सिर्फ पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं।

### *तकनीकी विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी शुरू*

*चुनाव आयोग और आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई के तकनीकी विशेषज्ञ जल्द ही इस पर काम शुरू करेंगे। इस पूरी प्रक्रिया को साइबर सुरक्षा और डेटा प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए किया जाएगा, ताकि कोई भी नागरिकता से जुड़ा भ्रम न फैले। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पद संभालने के बाद चुनाव सुधारों को तेज कर दिया है। चुनाव आयोग आगामी चुनावों को ज्यादा पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए कई नए कदम उठा रहा है।*

**पूरे प्रदेश के न्यूनतम पारे में औसतन डेढ़ डिग्री की गिरावट, नौगांव में सर्वाधिक 7 डिग्री गिरा**

सबसे अधिक दिन का पारा मंडला में 36.6 डिग्री रहा

## आज हल्के बादल, कल से दर्जनभर जिलों में बारिश का दौर, भोपाल में पड़ेंगी बौछारें

### सबसे कम न्यूनतम पारा शाजापुर में 12.9 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी दिन और रात में कुछ राहत घुली हुई है। दो दिनों के बीच कुछ जिलों में बादल, बौछारों के बाद हवाओं में ठंडक घुली है। बुधवार से कुछ जिलों में बादलों का असर रहेगा, जबकि गुरुवार से शनिवार के बीच भोपाल सहित अधिकांश जिलों में गरज- चमक के साथ बादल, बारिश और बौछारों का सिलसिला शुरू होगा। यह प्रदेश में तीन दिन चलेगा। मंगलवार को कुछ जिलों में हल्के बादलों से धूप का असर कम रहा। इससे दिन और रात में औसत तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है।



### 25 के बाद बढ़ेगी गर्मी

20 से 25 मार्च के बीच गर्मी का असर काफी कम रहेगा। दिन का पारा औसतन 28 से 30 डिग्री के बीच रहेगा, जबकि रात का 17 से 20 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। 25 मार्च के बाद से धूप का असर बढ़ेगा। इससे 31 मार्च तक फिर से गर्मी का पारा 37 से 40 डिग्री के बीच तक पहुंचने की उम्मीद है।

### कब-कहां होगी बारिश?

शुक्ला के अनुसार 19 मार्च को आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। कुछ जगह बादल रहेंगे। 20 मार्च को छतरपुर, दमोह, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट आदि जिलों में कहीं कहीं बौछारें या बारिश होने की उम्मीद है। यह क्रम अगले दिन 21 मार्च को भी चलेगा। इन जिलों के साथ भोपाल, सीहोर, विदिशा, शिवपुरी, अशोकनगर, रायसेन, भिंड, मुरैना सहित आधे से ज्यादा प्रदेश में बारिश और बौछारें पड़ेंगी। 22 मार्च को बारिश और बादलों में कमी आने लगेगी। कुछ जिलों में बादल, गरज चमक के साथ बारिश होगी। 23 मार्च तक मौसम फिर से साफ हो जाएगा, लेकिन तापमान में ज्यादा बढ़त नहीं होगी।

# लड्डू गोपाल बने सेठ...

## भगवान भरोसे संचालित दुकान, अदृश्य हैं 'सेठजी' दुकानदार

**हरिभूमि जबलपुर।**




एक अनोखी और असाधारण रूप से संचालित श्री लड्डू गोपाल दुकान में खरीदी कर संतुष्ट हो रहे ग्राहक, लेकिन यह सच है कि आमतौर पर व्यापारी जब व्यापार करता है, तो उसके जेहन में एक ही बात सामने आती है कि उसका मुनाफा कितना होगा? इसी को दृष्टिगत रखकर वह व्यापार करता है और मुनाफा भी कमाता है। इसके उलट जबलपुर में अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है, जहां पर भगवान स्वयं अदृश्य होकर अपनी दुकान को संचालित कर रहे हैं। दरअसल शास्त्री ब्रिज में श्री लड्डू गोपाल नाम से एक दुकान संचालित हो रही है, यहां पर लड्डू मिल रहे हैं, और यह दुकान बिना दुकानदार के संचालित हो रही है।

गौरतलब है कि मंदिरों के प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डू का व्यापार कर रहे शास्त्री ब्रिज निवासी विजय पांडे द्वारा श्री लड्डू गोपाल के नाम से एक दुकान खोली गई है, इस दुकान में लड्डूओं को डिब्बा में पैक करके रख दिया जाता है, जिसको जितने लड्डू की जरूरत होती है वह लड्डू लेता और पैसा पास हीं रखे बॉक्स में डालकर चला जाता है। जिससे ये दुकान आजकल चर्चा का विषय बनी हुई है।

### भगवान स्वयं कर रहे संचालित

श्री लड्डू गोपाल के नाम से संचालित हो रही इस दुकान में लड्डू मिल रहे हैं, सबसे बड़ी बात यह है कि इस दुकान को स्वयं लड्डू गोपाल ही संचालित कर रहे हैं, यहां पर न तो कोई दुकानदार है और न ही कोई पैसा लेने वाला। इस दुकान को स्वयं दुकान में रखे हुए लड्डुओं के बॉक्स के पीछे उसकी कीमत लिखी हुई होती है, एक बॉक्स रखा हुआ है जहां पर पैसे डालो, वहीं एक और ट्रे रखी है जिसमें से आप बचे खुल्ले पैसे वापस ले सकते हैं।

### फैक्ट फाइल

- लड्डू गोपाल की दुकान स्वयं भगवान कर रहे संचालित
- दुकान में सेल्फ व्यवस्था है, सामान लो और पैसे डालो
- दुकान से होने वाले मुनाफे का आधा हिस्सा बच्चों की चैरिटी के लिए जाएगा
- देश की अनोखी दुकान है जहां पर ग्राहक तो हैं परंतु दुकानदार नहीं
- संचालक ने लड्डू गोपाल के नाम से ही खोला है बैंक में खाता

### दूर-दूर तक फैली ख्याति

सोशल मीडिया के द्वारा चर्चा में आई इस दुकान को देखने और वहां से लड्डू लेने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। अनेक लोगों के रिश्तेदार बाहर हैं जो अपने रिश्तेदारों को फोन करके दुकान में जाकर लड्डू लेने बात कर हैं। यही नहीं कुछ लोग सिर्फ दुकान को देखने भी पहुंच रहे हैं। यह एक ऐसा मंजर है जो भी देखता है, तो आश्चर्यचकित होकर रह जाता है।

### गरीब लोग भी आएं

संचालक विजय पांडे ने बताया कि उनके जीवन में एक लड़की की मन स्थिति का प्रभाव पड़ा। एक दिन एक व्यक्ति आया और वह लड्डू लेना चाहता था, परंतु उसके पास पैसे नहीं थे उसके साथ एक छोटी बालिका थी जिसका जन्मदिन था। यह जानकर मेरे मन में विचार आया कि क्यों न श्री लड्डू गोपाल के नाम से दुकान डाली जाए और संचालक स्वयं लड्डू गोपाल को बनाया जाए... मेरा उद्देश्य है कि यहां पर गरीब लोग आयें अगर उनके पास पैसे हैं तो दें, नहीं हैं तो नहीं दें, जब सक्षम हो जाएं तब दे दें...। इससे उन्हें घाटा लगेगा या फायदा होगा, इसकी चिंता उन्हें नहीं है। सिर्फ भगवान को भोग लगे यही उनका उद्देश्य है। हालांकि सोशल मीडिया के माध्यम से वह लोग नहीं आ रहे हैं जिन्हें वास्तव में लड्डू चाहिए हैं।

# लोन के नाम पर खाते खुलवा कर किया लाखों का अवैध लेनदेन

**जबलपुर।** गारेखपुर थानान्तर्गत तीन जालसाजों ने एक श्रमिक को लोन दिलाने काझांसा देकर उसके अलग-अलग बैंकों में खाते खुलवाकर उन खातों से लाखों अवैधलेन देन को अंजाम देदिया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि दानव बाबा बस्ती निवासी संग्राम सिंह मरावी पुटटी करने का काम करता है संग्राम सिंह की मूलाकात छुई खदान सिविल लाईन निवासी गौरव पनघिरा, सिन्धी कालोनी पनागर निवासी अनिल खत्री व लालामाटी निवासी अमित प्रजापति से गत वर्ष जुलाई में हुईथी तीनों ने संग्राम सिंह को बताया कि हम लोग लोन फायनेंस का काम करत हैं तुम्हे यदि लोन की जरूरत है तो हमें बतानाँ संग्ारम सिंह ने पैसों की जरूरत पडने पर तीनों से सम्पर्क साधा और कहा कि उसे 2 लाख रूपऐ लोन दिलवा दो। तीनों संग्राम से बोले की तुम अपनी पास बुक, आधार कार्ड लेकर आना इसके देखकर बतायंगे कि तुम्हें लोन मिल पायो या नही। कुछ दिनों बाद सांग्राम सिंह तीनों से मिला और अपनी स्टेट बैं की पास बुक दिखायी। तीनों ने कहा कि तुम्हारी सिविल अच्छी नहीं है इस सिविल पर तुम्हें लोन नहीं मिलेगा। तीनों संग्राम से कहा कि तुम्हारे अलग से खाते खुलवाने होंगे और उसमें हम कुछ पैसों डालका तुम्हारी सिविल अच्छी कर देंगे। संग्राम आरोपियों के झांसे में आकर उनके पास सारे दस्तावेज लेकर गया तो उन्होंने संग्राम सिंह का एक खाता पंजाब एण्ड सिंध बैंक राईट टाउन शाखा में तथा दूसरा खाता यूकों बैंक ग्वारीघाट शाखा में और तीसरा खाता उत्कर्ष स्माल फायनेंस बैंक में खुलवाया। तीनों खातों के एटीएम कार्ड व पास बुक संग्राम सिंह को तुरंत मिल गये थे। तीनों ने संग्राम सिंह से एटीएम कार्ड व उसकी पास बुक यह कहते हुये ले ली कि हम तुम्हारा सिविल ठीक करने अगले 6 माह तक इन खातों में पैसे डालेंगे और एटीएम के माध्यम से निकल लेंगे। जब तुम्हारा सिविल मजबूत हो जायेगा तो तुम्हें लोन दिलवा देंगे। गत 14 और 15 नवम्बर को संग्राम सिंह को उत्कर्ष बैंक के हैड ऑफिस से दोपत्र मिले जिसमें कहा गयाथा कि आपके खाते सीज किये जा रहे हैं क्योंकि इन खातों में विवादास्पद लेनदेन हुआ है जिसकी जांच साईबर पुलिस, गुजरात पुलिस कर रही है।

**3 आरोपियों पर मामला दर्ज**

# पूर्व सरपंच, सरपंच व उप यंत्री ने जमा की 6 लाख 70 हजार रुपये की राशि

## जिला पंचायत सीईओ की सख्ती आई काम

**हरिभूमि, जबलपुर।**

न्यायालय विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जबलपुर अभिषेक गहलोत द्वारा बरती गई सख्ती के फलस्वरूप वसूली के तीन प्रकरणों में पूर्व सरपंच, सरपंच एवं उपयंत्री द्वारा वसूली की अधिरोपित 6 लाख 70 हजार 593 रुपये की राशि जमा कर दी है।उल्लेखनीय है कि न्यायालय विहित प्राधिकारी जिला पंचायत में 11 मार्च 2025 को मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 89/92 के तहत जनपद पंचायत कुंडम, शहपुरा पनागर एवं जबलपुर के प्रकरणों की सुनवाई नियत की गई थी। सुनवाई के दौरान विहित प्राधिकारी अभिषेक गहलोत द्वारा दिये गये अनावेदकों को उनके विरुद्ध पारित वसूली आदेशों के परिपालन में वसूली की राशि जमा किये जाने के निर्देश दिये गये थे। विहित प्राधिकारी के आदेशानुसार 18 मार्च को नियत सुनवाई में जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत जमुनिया पुरानी के पूर्व सरपंच रत्नेश राय द्वारा उनके ऊपर अधिरोपित वसूली की राशि 3 लाख 46 हजार 198 रुपये जमा की गई तथा ग्राम पंचायत निरंदपुर जनपद पंचायत पनागर के उपयंत्री प्रशांत कुररिया द्वारा वसूली की 1 लाख 56 हजार 395 रुपये एवं सरपंच अर्चना पटेल द्वारा 1लाख 68 हजार रुपये जमा कर रसीद प्रस्तुत की गई।

इस प्रकार न्यायालय विहित प्राधिकारी जिला पंचायत में नियत सुनवाई 11 मार्च को प्राप्त आदेशों के परिपालन में एक सप्ताह के भीतर कुल वसूली की 6 लाख 70 हजार 593 रुपये की राशि जमा कर अनावेदकों द्वारा रसीद प्रस्तुत की गई। सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिये जाने के बाद भी यदि वसूली योग्य राशि जमा नहीं की जाती है तो संबंधित पंचायत पदाधिकारियों को मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम की धारा 92(2) के तहत सिविल जेल में परिरुद्ध (अधिकतम एक माह ) किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

# जनसुनवाई में आये 140 आवेदन



**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 140 आवेदन दिये। जिसमें 86 नये आवेदन हैं तथा 54 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, अतिक्रमण, लाड़ली बहना के पैसे दिलाने, छात्रवृत्ति भुगतान, स्कूल से टीसी दिलाने, पानी, नाली सफाई, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने के साथ किसानों का धान का अटका हुआ भुगतान के आवेदन आए। इस दौरान अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।



# आरआई सर्किल स्तर पर बनाएं गेहूं उपार्जन केन्द्र : कलेक्टर

**हरिभूमि, जबलपुर।**

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं के उपार्जन की तैयारियों के तहत आज कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि गेहूं के उपार्जन, भंडारण व परिवहन की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जायेगी। साथ ही कहा कि रबी उपार्जन को सुचारू व पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिये इस बार 31 आरआई सर्किल स्तर पर आवश्यकता अनुसार तीन या चार उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जायें। जिसमें तीन हजार मेट्रिक टन का व खाली गोदामों को प्राथमिकता क्रम में लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें भी सुनिश्चित की जायें। गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को लेकर संबंधित अधिकारी तत्परता व जबाबदारी से कार्य करें। बैठक में अपर कलेक्टर मिशा सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## संभागीय मिलेट्स फैस्टीवल सह कृषि मेला 29 एवं 30 मार्च को आयोजित

**जबलपुर।**शासन की कृषि संबंधी योजनाओं के प्रचार प्रसार व नवीनतम कृषि तकनीक के प्रति जागरूकता के लिये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा 29 एवं 30 मार्च को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में दो दिवसीय संभागीय मिलेट्स फैस्टीवल सह कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने बताया कि मेले में 150 से अधिक स्टाल लगाए जायेंगे। जिसमें पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, वन विभाग, दुग्ध संघ, मंडी बोर्ड, बीज निगम, एपीईडीए, ऊर्जा विकास निगम, उर्वरक, बीज, कीटनाशक, एसएचजी एवं एफपीओ आदि विभाग भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि लघु धान्य फसलों को आमजनों की थाली तक पहुंचाने के लिए मेले में फ्रूड कोर्ट भी लगाया जाएगा।

# बिल्डर के खिलाफ दर्ज करो धोखाधड़ी का प्रकरण

## जिला अदालत ने गोराबाजार थाना पुलिस को दिया आदेश

**जबलपुर।** जिला अदालत ने विक्रेता की जमीन पर धोखे से दस्तावेजों की कूटरचना कर रोड, गार्डन बनाने के आरोपी बिल्डर्स आदर्श अग्रवाल एवं सचिन उपाध्याय पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने के आदेश दिये। कोर्ट ने पुलिस को कहा कि अपराध पंजीबद्ध कर प्रतिवेदन पेश किया जाए।

परिवादी पुरुषोत्तम उपाध्याय ने परिवाद में कहा कि उसने चैतन्य प्रमोटर एवं डेव्लपर्स के पार्टनर आदर्श अग्रवाल एवं सचिन उपाध्याय को वर्ष 2011 में खसरा नं. 406/1 की भूमि में से 1 हेक्टेयर भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा विक्रय की थी। शेष भूमि 40 डिसमिल( 17323 वर्गफुट ) स्वयं के लिये बचा ली थी। जिस पर परिवादी का कब्जा था। विक्रय पत्र में यह शर्त थी कि बिल्डर अपनी भूमि में से परिवादी की भूमि में आने-जाने के लिये रास्ता उपलब्ध करायेंगे। अधिवक्ता सत्येंद्र सिंह ने कोर्ट को बताया कि बिल्डर आदर्श अग्रवाल एवं सचिन उपाध्याय द्वारा क्रय की गई भूमि में कॉलोनी का ले-आउट टी.एन.सी.पी. से पास करवाया। जिसमें स्टेण्डर्ड स्केल से प्लॉट और रोड की भूमि दशाई गई तथा परिवादी की शेष बची भूमि को ले-आउट में गार्डन मद में कम साईज का नाप दर्शाकर धोखाधड़ी का अपराध किया गया । परिवादी द्वारा उक्त अपराध की लिखित शिकायत थाना गोरा बाजार में की गई थी। पुलिस द्वारा कार्यचाही ना किये जाने पर परिवादी ने धारा 156 (3) द.प्र.सं. का परिवाद न्यायालय में पेश किया गया था। सुनवाई के बाद न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणीजितेन्द्र रावत की कोर्ट ने आरोपी बिल्डर के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 120बी, 420, 467, 468 का एवं 471 भा.दं.वि. का अपराध पंजीबद्ध किये जाने का आदेश पारित किया।

# विधायक अशोक रोहाणी सहित अन्य के विरुद्ध परिवाद एमपी-एमएलए कोर्ट हस्तांतरित

**जबलपुर।** प्रधान सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने जबलपुर कैंट क्षेत्र के भाजपा विधायक अशोक रोहाणी सहित अन्य पर सामाजिक संपत्ति में अनियमितता के आरोप से संबंधित परिवादों को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट विश्वेश्वरी मिश्रा की एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के लिए स्थानांतरित कर दिया है। परिवादी जितेंद्र मखीजा, सचिव जबलपुर सिंधी समाज कल्याण समिति का आरोप है कि अशोक रोहाणी के अलावा करतार सिंह बजीठा, करतार सिंह भठीजा, शमन दास असवानी, मोतीलाल पारवानी, उमेश पारवानी, जयराज भठीजा, नंदलाल कुंगानी और भरत रोहाणी ने कूटरचना करके सामाजिक संपत्ति का निजी लाभ लिया है। आवेदक की ओर से अधिवक्ता ललित कोटवानी पक्ष रख रहे हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि अपंजीकृत आपराधिक परिवाद प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट में लंबित हैं। चूंकि अशोक रोहाणी वर्तमान में विधायक हैं, अतः प्रकरण जेएमएफसी कोर्ट से प्रत्याहरित करके एमपी-एमएलए कोर्ट अंतरित किया जाता है।

**सामाजिक संपत्ति में अनियमितता के आरोप का मामला**



# शिव मंदिर बाबाताल यज्ञ की कलशयात्रा आज



**सिहोरा।** सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में 36 वां हवनात्मक तथा महाअभिषेकात्मक श्री महारुद्रयज्ञ एंव भागवत कथा का शुभारंभ आज 19 मार्च रंगपंचमी दुसरे शहरों से कलश शोभायात्रा के निकलने के साथ ही हो जायेगा रामलीला का आयोजन मंगलवार से ही प्रारंभ हो गया है। भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा एंव नृसिंह टेकरी के ब्रम्हलीन संत द्वारका दास जी महाराज की कृपा से विश्वशांति मानव कल्याण के उद्देश्य को लेकर आयोजित यज्ञ में भागवताचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री जहां भागवत कथा की मीमांसा करेंगे वहीं यज्ञाचार्य पंडित केशव प्रसाद शास्त्री होंगे।

**इन मार्गों से होकर निकलेगी कलशयात्रा-** यज्ञ समिति के पंडित राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज ने बताया यज्ञ की मंगल कलशयात्रा शाम 5 बजे से यज्ञ स्थल से प्रारम्भ होगी जो पुराना बस स्टेंड,गौरी तिराहा,आजाद चौक,झंड़ा बाजार,काल भैरव चौक,मैना कुआं,हरदौल मंदिर से होकर यज्ञ स्थल पर संपन्न होगी।

**मेले में मनोरंजन के लिए लगे झूले-** बाबाताल महायज्ञ बच्चों से लेकर बड़ों तक मनोरंजन के लिए दुसरे शहरों से आये बड़े बड़े झूले एंव हर तरह की सामग्री खरीदने के लिए दुकानें एक दिन पहले ही सज गई हैं। क्षेत्र के लिए बहुत महत्व रखने वाले इस मेले में पहले दिन से ही ग्रामीण क्षेत्र के अलावा नगर उपनगर वासी पहुंचने लगते हैं।

# उजरौड में हुआ भगवानश्री मुनि सुब्रत नाथजी का अभिषेक



**पाटन।** जबलपुर मार्ग पर स्थित श्री दिगंबर पार्श्व तीर्थ पर आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज के शिष्य निर्यापक मुनि संभव सागर जी महाराज ससंघ उजरौड की धरती पर मंगलवार सुबह आगमन हुआ भव्य आगवानी हुई जहा पर मुनि श्री के मंगलमय प्रवचन हुए। तत्पश्चात शानि ग्रह निवारक भगवान श्री मुनि सुब्रत नाथ जी का महा अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ मुनि श्री ने कराया शांति धारा हुई । नवनिर्मित मंदिर मै आदिनाथ जी बाहुबली जी भरत जी भगवान की का पंच कल्याण महोत्सव का संकल्प लिया गया। जबलपुर पाटन और आसपास के क्षेत्रो से भारी संख्या मै जैन समाज के लोगो ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया।

# बच्चो की दी गई विटामिन की खुराक



**पाटन।** सिविल हॉस्पिटल में बीएमओ डॉक्टर आदर्श विश्नोई के निर्देशानुसार मंगलवार को वार्ड क्रमांक 10 पर बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य एवं उनकी तंदुरुस्ती के लिए आंगन वाडी केंद्र पर विटामिन की खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता साधना राजपूत सहित आंगन वाडी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित रहीं।

केंद्र सरकार, कुलपति, रजिस्ट्रार व चयन समिति के सदस्यों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी के कुलपति पद पर नियुक्ति हाईकोर्ट के अधीन

हरिभूमि जबलपुर।



इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक में कुलपति चयन का विवाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुलपति चयन के लिए गठित कमेटी में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को शामिल किया गया है, जो अवैधानिक है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद केंद्र सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने अंतरिम आदेश के जरिए कुलपति पद पर चयन को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया।

अनूपपुर निवासी अजय मिश्रा की ओर से ये जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया कि इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी में कुलपति चयन के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में कार्य परिषद की ओर से दो सदस्यों के नाम भेजे गए थे। इसके अलावा एक सदस्य का चयन राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है। कार्य परिषद द्वारा जो सदस्य नियुक्त किए गए हैं, उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जबकि नियमो के तहत आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को कुलपति चयन कमेटी में नहीं होना चाहिए और न ही इनके द्वारा कुलपति चयन किया जाना चाहिए। आग्रह किया गया कि उक्त नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी के कुलपति, रजिस्ट्रार सहित कमेटी के सदस्य हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर अन्नपूर्णा नौटियाल, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्विद्यालय चित्रकूट के पूर्व कुलपति प्रोफेसर नरेश चंद्र गौतम चित्रकूट व इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक के पूर्व कुलपति प्रोफेसर प्रकाश मणि त्रिपाठी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अनावेदकों को तीन सप्ताह में हलफनामा में जवाब पेश करने को कहा गया है।

## हाईकोर्ट का निर्देश

### सांसदों व विधायकों के खिलाफ आपराधिक प्रकरणों की विस्तृत जानकारी पेश करो

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सांसदों व विधायकों के खिलाफ उन आपराधिक प्रकरणों की विस्तृत जानकारी पेश करने को कहा है जो हाईकोर्ट भेजे गए हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने एमपी-एमएलए कोर्ट में लंबित प्रकरणों की वस्तुस्थिति बताने के निर्देश दिए। कोर्ट ने पूछा कि ये मामले किस स्टेज पर हैं और कितने मामलों में गवाही शेष है। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

गत सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि प्रदेश की अदालतों में कितने सांसदों और विधायकों के खिलाफ अपराधिक मामले चल रहे हैं। कोर्ट ने सभी की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने कहा था। मंगलवार को सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई।

सुप्रीम कोर्ट ने अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर 16 सितंबर 2020 को देश के सभी उच्च न्यायालयों को कहा था कि मौजूदा तथा पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ चल रहे मुकदमों की मॉनिटरिंग की जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में उच्च न्यायालय द्वारा याचिका पर सुनवाई की जा रही है। पूर्व में हाईकोर्ट ने सरकार को रिपोर्ट पेश करने कहा था।



# नृत्य गोपालजी आज खेलेंगे फूलों की होली

**पाटन।** नृत्य गोपाल मंदिर लोक न्यास की 30 वर्षीय परम्परा अनुसार भगवान नृत्य गोपाल जी अपने भक्तों के साथ रंग पंचमी पर फूलों की होली खेलेंगे। प्रथम चरण में लोक गन्धर्व रूद्र दत्त दुबे, आकाशवाणी कलाकार सौम्या त्रिपाठी, सुखचैन विश्वकर्मा आदि. भक्तिमय होली गीतों प्रस्तुत करेंगे शाम 6बजे से मंदिर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध सर्वराहकार रणधीर सिंह ठाकुर, न्यासी राघवेंद्र शुक्ल,आचार्य जगेन्द्र सिंह के साथ एच एन कुररिया आदि ने किया है।

# सांसद अपने क्षेत्र के स्टेशनों पर काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें : रेल मंत्री




**जबलपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों और चर्चा पर जवाब दिया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय रेल की प्रगति को रेखांकित करते हुए पंक्चुअलिटी, रोजगार, सुरक्षा, निर्यात और इंफ्रा डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रोजगार देने में भी रेलवे सबसे आगे है। उन्होंने देश की प्रगति के लिए सभी से राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। रेल मंत्री ने सदन में कहा कि रेलवे की पंक्चुअलिटी में बड़ा सुधार हुआ है। इस वर्ष में 68 में से 49 डिवीजन में गाड़ियों की पंक्चुअलिटी 80% से अधिक दर्ज की गई है। उससे भी गौरव की बात ये है कि 12 डिवीजन ऐसे रहे जहां पंक्चुअलिटी 95% तक पहुंच गई है। विश्व के बड़े देशों के बराबर पहुंचने की कोशिश हम कर रहे हैं। ये रेलवे की गुणवत्ता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकसभा में रेल मंत्री ने सभी दलों के सांसदों से अनुरोध करते हुए कहा कि कृपया अपने क्षेत्र में स्टेशनों पर काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। हम गुणवत्ता से समझौता बिल्कुल नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रेल देश की प्रगति का प्रतीक है और यह निरंतर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

गडडे व धूल के गुबार से आये दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

# भेड़ाघाट मार्ग के उड़े परखच्चे, जनप्रतिनिधि अधिकारी बेपरवाह



**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट चौराहा से धुंआधार जलप्रपात तक की सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। भेड़ाघाट जाने वाले मुख्य मार्ग के आस पास की बस्तियों का पानी बहकर सड़क पर गढ्डों में जमा हो रहा है जिससे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। लोकनिर्माण विभाग द्वारा बोल्डर डालने से दो पहिया वाहन चालक गिर रहे हैं। सड़क पर गढ्डों से आये दिन सड़क दुघर्टना हो रही है और जनप्रतिनिधि भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। भेड़ाघाट पर्यटन स्थल की छवि भूमिल हो रही है 6 साल पहले लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क का सुधार का कार्य किया गया था लेकिन उसके बाद सड़क का मेंटेनेंस नहीं किया गया जिससे ना केवल पयर्टकों को बल्कि आसपास रहने वाले नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भेड़ाघाट और धुआंधार का लुत्फ उठाने शहर ही नहीं बल्कि कर्इ राज्यों और विदेशी पर्यटकों का रोजाना आगमन होता है खस्ता हाल सड़क से दुर्घटनाएं घट रही है भेड़ाघाट विकास की बड़ी बड़ी बाते करने वाले जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं। भेड़ाघाट विश्व प्रसिद्ध स्थल राष्ट्रीय राजमार्ग 12से सड़क पर धूल के गुब्बारे उड़ रहे हैं और आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### धूमते रहते हैं शराबी

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की संगमरमर की वादियों का नजारा देखने पयर्टक देश विदेश से आते हैं साथ ही मां नर्मदा परिक्रमा वासी डेली हजारों की संख्या में नर्मदा प्रेमी श्रद्धालुजन दर्शन करने आते हैं भेड़ाघाट चौराहा पंचवटी मार्ग पर देशी विदेशी शराब दुकान होने से झूमते शराबियों का नाटक देखा जा सकता है। यह शराबी विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल की छवि भूमिल कर रहे हैं। शराब दुकान इस मार्ग पर होने से मांस मंदिरा की दुकानें भी नर्मदा भक्तों को आहत कर रही हैं नर्मदा तट से 5 किलोमीटर का भी आबकारी विभाग उल्लंघन कर रहा है शराब की दुकान मात्र 3 किलोमीटर की दूरी पर खुली है राज्य सरकार की मंशा पर आबकारी विभाग और शराब ठेकेदार हावी है। तभी तो मुख्यमंत्री डॉ, मोहन के मंसूबों पर पानी फेरा जा रहा है।

# बीच चौराहे में रोककर जबरन ऑनलाईन ट्रांसफर कराए रुपए

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत रानीताल चौराहे के पास दो बदमाशों ने बाईक सवार दो युवकों को रोका और जबरन रुपयों की मांग करते हुए गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटा फुहारा गोहलपुर निवासी 34 वर्षीय सुपरवाईजर सुनील कोष्टा गत दिवस अपने मौसेरे भाई सौरभ कोरी के साथ अमखेरा से करमचंद चौक सुपर वाइजर के ऑफिस जा रहा था, लगभग 11.40 बजे रानीताल चौराहे के पास पहुंचा तो सूरज ठाकुर अपने एक अन्य साथी के साथ उसे रोका और उससे 5 हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गालीगलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे तथा उसे अपना स्कैनर देते हुए बोला कि इसमें 5 हजार रूपये किसी से भी डलवाओ तो सुनील ने अपनी भाभी को फोन करके कहा कि जो स्कैनर भेज रहा हूँ उसमें 5 हजार रूपये डाल दो तो भाभी ने सूरज ठाकुर द्वारा दिये गये फोन पे पर 5 हजार रूपये डाल दिये। इसके बाद सूरज ठाकुर ने पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 308(3), 296, 351,(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

15 दिवस में यदि पूर्ण राशि जमा नहीं हुई, तो जेडीए करेगा तालाबंदी

# जेडीए ने बकायादारों से सख्ती से की वसूली



**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण की सम्पदाधिकारी श्रीमती रीति सोनवे द्वारा आज सिविक सेंटर में जेडीए के बकायादार किरायेदारों से सख्ती से 20 लाख से अधिक राशि की वसूली की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान जेडीए के इंजीनियर्स एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा। जेडीए अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर वसूली नोटिस सौंपे गये एवं बकाया वसूली की कार्यवाही की गई। सम्पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बकायादारों को अंतिम चेतावनी दी जा चुकी है, फिर भी यदि वे 15 दिवस में पूर्ण बकाया राशि प्राधिकरण में जमा नहीं करते है, तो जेडीए तालाबंदी करते हुये सम्पत्ति का कब्जा तत्काल वापिस लेने बाध्य रहेगा और बकाया राशि वसूली कुर्की के माध्यम से की जावेगी। इस दौरान समस्त बकायादारों को शीघ्र राशि जमा करने सचेत किया गया।

घमापुर के सिद्धबाबा क्षेत्र में घटना से सनसनी

# फांसी पर लटके मिले मां-बेटे के शव

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत सिद्धबाबा क्षेत्र में घर के अंदर मां-बेटे की लाश फांसी पर लटकी मिली। दरवाजा अंदर से बंद था। वृद्धा अपने छोटे बेटे के साथ घर पर अकेले रहती थी, जबकि उसका बड़ा बेटा अधारताल में अलग रहता था। पुलिस ने बड़े बेटे को फोन पर सूचना देकर बुलाया और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया, जहां अंदर मां बेटे की लाश फांसी पर लटकी मिली। पुलिस ने दोनों ही शवों को उतारने के बाद पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया मर्ग कायम कर मामलें की जांच की जा रही है।

घमापुर थाना प्रभारी सतीश अंधवान ने ईएमएस को बताया कि 60 वर्षीय मृतिका माया रैकवार अपने छोटे बेटे 36 वर्षीय अजय रैकवार के साथ रहा करती थी। उसका बेटा मजदूरी करता था और बड़ा बेटा विनोद रैकवार परिवार के साथ आधारताल में किराए के मकान में रहता है। मंगलवार की सुबह विनोद ने जब छोटे भाई को फोन किया तो उसने रिसीव नहीं किया, काफी देर तक कॉल करने के बाद भी जब अजय ने फोन नहीं उठाया तो वह काम पर चला गया।

दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस में रहने वाले लोगों ने सूचना दी की आज सुबह से ही मां और बेटे घर से बाहर नहीं निकले है, और दरवाजा अंदर से बंद है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दोनों ही शवों को बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से किसी भी तरह का सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। फिलहाल मर्ग कायम कर मां-बेटे के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। चूंकि दरवाजा अंदर से बंद था प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा जांच के बाद हो सकेगा।

## टैगोर गार्डन से ई-रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** कैंट थाना अतंर्गत टैगोर गार्डन के सामने खड़ा एक ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। कैंट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भानतलैया निवासी 23 वर्षीय ई-रिक्शा चालक विवेक सोंधिया ने गत 9 मार्च की शाम 5 बजे अपना ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एन 3244 को टैगोर गार्डन के सामने खड़ा कर गार्डन के अंदर चला गया था, जहां से शाम 6.30 बजे वह गार्डन से बाहर आया तो देखा कि उसका ई-रिक्शा गायब था। उसने आसपास देखा लेकिन उसका ई रिक्शा नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

10 चाकू भी जप्त किये गये

# अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी, अंग्रेजी, कच्ची शराब और चाकू जब्त की है।

कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वालें 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 78 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 29 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 4 गैरम्यादी, 33 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 6 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 41 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 14 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 10 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 10 चाकू जप्त किये गये।

# मोहास ग्राम पंचायत में जल संकट पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** जिले की मोहास ग्राम पंचायत अंतर्गत निवासरत ग्रामीण वाशिन्दों को पेयजल की समस्या से त्रस्त होने का मामला प्रकाश में आया है। क्षेत्र में पाइप लाइन तो डाली जा चुकी है, किन्तु पानी सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीण जनों को पेयजल के लिये अत्यधिक परेशान होना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी की एकलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**श्रीमती सुशीला श्रीवास्तव-** एसआरएस कॉलोनी चग्गर फार्म के पास तिलहरी निवासी श्री लक्ष्मण लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला श्रीवास्तव (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा हल्दकार-** सीएमपीएफ कॉलोनी प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री अरविंद कुमार हल्दकार की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा हल्दकार (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोना बाई-** महावीर कम्पाउंड सदर निवासी श्री राम दास की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया रैकवार-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री दुर्गा प्रसाद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती माया रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश प्रसाद तिवारी-** मड़ई व्हीकल निवासी श्री महेश प्रसाद तिवारी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय रैकवार-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री दुर्गा प्रसाद रैकवार के पुत्र श्री अजय रैकवार (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामकली कुशवाहा-** नई बस्ती नं. 1 गोहलपुर निवासी




श्री दादू राम कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली कुशवाहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वीरमती जाट-** पूर्वी बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी श्री कन्छेदी लाल जाट की धर्मपत्नी श्रीमती वीरमती जाट (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई-** कजरवारा स्थित मां नर्मदा सिटी होम्स निवासी श्री राम गोपाल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्छेदी सिंह-** रामपुर स्थित शनि मंदिर के निकट निवासी श्री कन्छेदी सिंह (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सी. उड़िदास-** रतन नगर निवासी श्री सी. उड़िदास (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीतू मरावी-** गौरीघाट स्थित श्री रामलला मंदिर के पास निवासी श्री साजन मरावी की धर्मपत्नी श्रीमती नीतू मरावी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अशोक भूमिया-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री अशोक भूमिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लेक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप




### टाटा मोटर्स अप्रैल से वाहनों की कीमतों में करेगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अगले महीने से इलेक्ट्रिक वाहनों सहित अपने यात्री वाहनों की कीमतों में वृद्धि करने की मंगलवार को मंशा जाहिर की। कंपनी की ओर से इस साल यह दूसरी बढ़ोतरी होगी। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा, मूल्य समायोजन कच्चे माल की बढ़ती लागत के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए किया जा रहा है। मूल्य वृद्धि की सीमा मॉडल और संस्करण के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी ने हालांकि प्रस्तावित मूल्य वृद्धि के बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी।

### वेदांता का विभाजन चार नई कंपनियों में होगा

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि कारोबार विभाजन से सृजित होने वाली चार नई कंपनियों में से प्रत्येक में 100 अरब डॉलर की कंपनी बनने की क्षमता है। विविध कारोबार में सक्रिय वेदांता लिमिटेड के प्रस्तावित विभाजन से प्रबंध संरचना, पूंजीगत ढांचे और रणनीतिक प्राथमिकताओं के साथ चार स्वतंत्र प्राकृतिक संसाधन-केंद्रित कंपनियां अस्तित्व में आएंगी। अग्रवाल ने इस संबंध में शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा कि प्रस्तावित विभाजन वेदांता को विशुद्ध रूप से केंद्रित कारोबार बनाने में किस तरह से मददगार साबित होगा।




### पीसी ज्वेलर कर्ज निपटान के लिए शेयर करेगी जारी



**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 1,510 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने के लिए कर्जदाताओं के एक समूह को तरजीही निर्गम के जरिये 51.71 करोड़ शेयरों के आवंटन की मंजूरी दे दी है। पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 14 बैंकों वाले ऋणदाता समूह को निजी आवंटन के आधार पर तरजीही निर्गम के जरिये 51,71,14,620 इक्विटी शेयरों के आवंटन की मंजूरी दी है।

### केवाईसी के लिए बैंक ग्राहकों को बार-बार कॉल करने से बचे



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बैंकों से कहा कि वे ग्राहकों को 'अपने ग्राहक को जानो'' (केवाईसी) दस्तावेजों के लिए बार-बार फोन करने से बचें। आरबीआई लोकपालों के वार्षिक सम्मेलन में मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि किसी भी वित्तीय नियामक की देखरेख वाली इकाई को दस्तावेज जमा करने से अन्य लोगों के लिए एक सामान्य डेटाबेस से उन तक पहुंचना संभव हो जाता है, और बार-बार अनुरोध करने को 'टालने योग्य असुविधा'' बताया।

### सेबी ने स्कोर्स के माध्यम से निपटाई शिकायतें




**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कहा कि उसने अपने शिकायत निवारण सुविधा मंच 'स्कोर्स'' के माध्यम से फरवरी में 4,986 शिकायतों का निपटारा किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि फरवरी के अंत तक स्कोर्स पर आठ शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। इनमें आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, इंडियाबुल्स एआईएफ, इंडियनवेश रेनेसां ट्रस्ट, काइज़न ट्रस्ट और निखिल दयानंद बलजेकर जैसी इकाइयां शामिल हैं। सेबी के आंकड़ों के अनुसार, 31 जनवरी तक लंबित शिकायतों की संख्या 5,393 थी।

# बजाज ला रहा चेतक से भी सस्ता धांसू इलेक्ट्रिक स्कूटर, कीमत 90 हजार तक!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजाज ऑटो जल्द ही एक नया अफोर्डेबल इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच करने की तैयारी कर रहा है, जो चेतक का एक किफायती वैरिएंट हो सकता है। हाल ही में इस नए इलेक्ट्रिक स्कूटर को भारतीय सड़कों पर टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। स्पॉट किए गए मॉडल को कवर किया गया था, इसके बावजूद भी स्कूटर के कुछ खास डिजाइन और फीचर्स की डिटेल्स सामने आई है।

बजाज के सस्ते इलेक्ट्रिक स्कूटर में राउंड एलईडी हेडलाइट देखने को मिलती है। इसमें बिल्कुल चेतक की तरह क्लासिक लुक देने वाली सिंगल-पॉड एलईडी हेडलाइट मिलेगी। इसके अलावा नया टेललाइट सेटअप देखने को मिलता है। चेतक में जहां ड्यूल-टेललाइट होती है, वहीं नए मॉडल में सिंगल एलईडी टेललाइट दी जा सकती है। इसके साथ ही इसमें ओवल शेप्ड मिरर मिलता है। यह स्कूटर को एक प्रीमियम लुक देगा।बजाज के सस्ते इलेक्ट्रिक स्कूटर में कलर्ड डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलता है। भारतीय बाजार में इसका सीधा मुकाबला ओला एस1 एक्स (89,999 रुपये), एथर 450एस (1.10 लाख), टीवीएस क्यूब (1.25 लाख) और हीरो विडा वी1 (1.25 लाख) जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स से होगा। अगर बजाज इस नए स्कूटर की कीमत 80,000 रुपये से 90,000 रुपये के बीच रखता है, तो यह ओला और एथर जैसे ब्रांड्स को कड़ी टक्कर दे सकता है।

## चेतक का एक किफायती वैरिएंट हो सकता है

### परफॉर्मेंस और बैटरी

बजाज के सस्ते इलेक्ट्रिक स्कूटर के टॉप स्पीड की बात करें तो यह स्कूटर 50 किमी/घंटा की टॉप स्पीड देने में सक्षम होगा। वहीं, इसमें मिलने वाली बैटरी और मोटर की बात करें तो इसमें हब-माउंटेड मोटर दी जाएगी, जो मिड-माउंटेड मोटर से सस्ती और एफिशिएंट होती है। चार्जिंग टाइम की बात करें तो उम्मीद है कि यह स्कूटर फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करेगा, जिससे इसे जल्दी चार्ज किया जा सके। इसके रेंज की बात करें तो ये प्रति चार्ज 60-80 किमी. की रेंज देने में सक्षम है। इसमें स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ फुली डिजिटल डिस्प्ले देखने को मिल सकता है। इसमें फ्रंट एप्रन हुक मिलता है।



### हार्डवेयर और सेफ्टी फीचर्स

*इसके फ्रंट में टेलिस्कोपिक फोर्क्स और पीछे ड्यूल शॉक एब्जॉर्बर सस्पेंशन होंगे। इसके ब्रेकिंग सिस्टम की बात करें तो इसके फ्रंट में डिस्क ब्रेक और रियर में ड्रम ब्रेक दिया जाएगा। इसके व्हील्स की बात करें तो इस स्कूटर में 12-इंच के टायर मिलेंगे, जिससे बेहतर ग्रिप और स्टेबिलिटी मिलेगी।*

## एलआईसी के प्रमुख मोहंती ने जताया भरोसा

# एलआईसी का जल्द स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय में होगा प्रवेश, 31 मार्च से पहले सौदे की घोषणा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जीवन बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी के मुख्य कार्यकारी सिद्धार्थ मोहंती ने अगले दो सप्ताह में एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने का मंगलवार को भरोसा जताया। मोहंती ने इस स्वास्थ्य बीमा कंपनी का नाम न बताते हुए कहा कि एलआईसी इसके साथ बातचीत के अंतिम चरण में है और उम्मीद है कि 31 मार्च से पहले सौदे की अंतिम रूप से घोषणा हो जाएगी।

- देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी है

देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में भी कदम रखने की संभावनाएं तलाश रही है। एलआईसी के मुखिया ने यहां आयोजित जीसीए25 कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, ''स्वास्थ्य बीमा कारोबार में शामिल होना एलआईसी के लिए स्वाभाविक विकल्प है, चर्चा अंतिम चरण में है।''

**हिस्सेदारी कई कारकों पर निर्भर**




*मोहंती ने कहा कि एलआईसी लक्षित कंपनी में 51 प्रतिशत या उससे अधिक की नियंत्रक हिस्सेदारी नहीं खरीदेगी। खरीदी जाने वाली हिस्सेदारी की सटीक मात्रा एलआईसी के निदेशक मंडल के निर्णय और मूल्यांकन जैसे कारकों पर निर्भर करेगी। मीडिया में आई कुछ रिपोर्ट के मुताबिक, एलआईसी 4,000 करोड़ रुपये के सौदे में मणिपाल सिग्ना कंपनी में हिस्सेदारी लेने पर विचार कर रही है।*

**खास बातें**

- एलआईसी लक्षित कंपनी में नियंत्रक हिस्सा नहीं खरीदेगी
- एलआईसी 4,000 करोड़ रुपए में मणिपाल सिग्ना में ले सकती है हिस्सेदारी

### एलआईसी ने आरबीआई से लॉन्ग टर्म बांड मांगे

इसके अलावा मोहंती ने बताया कि एलआईसी ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से एडिशनल लॉन्ग टर्म बांड जारी करने की रिक्वेस्ट की है। एलआईसी ने पहले 40 साल के बांड की रिक्वेस्ट की थी, जिसे आरबीआई ने मंजूरी दे दी। अब, एलआईसी 50 साल और 100 साल के बांड के लिए आरबीआई के साथ चर्चा कर रही है।

### अनुबंध संबंधी हमारे पास दायित्व

मोहंती ने कहा, 'हम लॉन्ग टर्म इन्वेस्टर्स हैं। कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार भुगतान करने के लिए हमारे पास कॉन्ट्रैक्चुअल ऑब्लिगेशन्स यानी अनुबंध संबंधी दायित्व हैं। इसलिए, मुझे निवेश और एसेट लायबिलिटी मैनेजमेंट को ठीक से मैनेज करना होगा। पश्चिमी देशों में लॉन्ग टर्म बांड हैं।' इससे पहले आरबीआई ने इंश्योरेंस और पेंशन फंड्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 50 साल के बांड पेश किए थे।

### एलआईसी का तीसरी-तिमाही में मुनाफा 16 फीसदी बढ़ा

देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कॉन्सॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 11,009 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 9,469 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

### सालाना नेट प्रीमियम इनकम 9 फीसदी घटी

लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने 7 फरवरी को तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी की नेट प्रीमियम इनकम सालाना आधार पर 9 प्रतिशत घटी है। वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में नेट प्रीमियम इनकम 1.07 लाख करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की समान तिमाही यानी वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में नेट प्रीमियम इनकम 1.17 लाख करोड़ रुपए रही थी। कंपनी का मार्केट कैप 5.16 लाख करोड़ रुपए है।

# सेंसेक्स 1,131 अंक की छलांग के साथ 75,000 अंक के पार

## चौतरफा खरीदारी से निफ्टी में 326 अंक की बढ़त

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच मंगलवार को चौतरफा लिवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में जबर्दस्त उछाल देखा गया। सेंसेक्स ने 1,131 अंक की तेजी के साथ एक बार फिर 75,000 अंक का स्तर हासिल कर लिया, जबकि निफ्टी 22,800 अंक के ऊपर पहुंच गया।

- कच्चे तेल और डॉलर में गिरावट से निवेशकों की धारणा बदली

विश्लेषकों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कम कीमतों और प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को समर्थन दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,131.31 अंक उछलकर 75,301.26 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 1,215.81 अंक बढ़कर 75,385.76 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 325.55 अंक यानी 1.45 प्रतिशत बढ़कर 22,834.30 अंक पर पहुंच गया। यह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''वैश्विक बाजारों में मजबूती ने स्थानीय निवेशकों का भरोसा बढ़ाया जिससे तमाम क्षेत्रों में मूल्यपरक खरीदारी देखने को मिली। पिछले कुछ सप्ताह की गिरावट के कारण कई शेयर मूल्यांकन के लिहाज से खासे आकर्षक हो गए थे।''



### इन शेयरों में रहा लाभ

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो ने सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक भी लाभ में रहे।

### ये शेयर रहे नुकसान में

दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

# रिलायंस ने रूसी तेल अमेरिका को बेच कमाए 72.4 करोड़ डॉलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पिछले एक साल में रूसी कच्चे तेल से बने ईंधन का अमेरिका को निर्यात कर 72.4 करोड़ यूरो (लगभग 6,850 करोड़ रुपये) कमाए हैं। एक यूरोपीय शोध संस्थान की रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

- एक यूरोपीय शोध संस्थान ने जारी की रिपोर्ट

'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा, ''जनवरी, 2024 से जनवरी, 2025 के अंत तक अमेरिका ने रूसी कच्चे तेल का प्रसंस्करण करने वाली भारत और तुर्की स्थित छह रिफाइनरियों से 2.8 अरब यूरो का रिफाइन तेल आयात किया। रूसी कच्चे तेल की रिफाइनिंग से 1.3 अरब यूरो की आय होने का अनुमान है।'' रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस की दो रिफाइनरियों से पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन का अमेरिकी आयात दो अरब यूरो का था। इसमें से 72.4 करोड़ यूरो रूसी कच्चे तेल से परिष्कृत होने का अनुमान है। सीआरईए की इस रिपोर्ट पर टिप्पणी के लिए रिलायंस को भेजे गए ईमेल का अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस पर पश्चिमी देशों और अमेरिका ने कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए थे। हालांकि, रूसी कच्चे तेल की रिफाइनिंग से तैयार डीजल जैसे ईंधन के निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाए गए थे।



### नायरा एनर्जी ने 18.4 करोड़ यूरो का ईंधन निर्यात किया


गुजरात के वाडिनार में रूस की रोसनेफ्ट-समर्थित नायरा एनर्जी की दो करोड़ टन प्रति वर्ष की रिफाइनरी है। इस रिफाइनरी ने जनवरी, 2024 और जनवरी, 2025 के बीच अमेरिका को 18.4 करोड़ यूरो का ईंधन निर्यात किया। सीआरईए ने कहा कि इसमें से 12.4 करोड़ यूरो रूसी कच्चे तेल से परिष्कृत होने का अनुमान है।

# ज्यादातर भारतीय लंबी अवधि के निवेशक : एनएसई सीईओ

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान ने कहा कि ज्यादातर भारतीय लंबी अवधि के निवेशक हैं।

- 11 करोड़ भागीदारों में केवल दो प्रतिशत ही सक्रिय

उन्होंने कहा कि 11 करोड़ बाजार भागीदारों में केवल दो प्रतिशत ही सक्रिय रूप से वायदा-विकल्प में कारोबार करते हैं। इससे देश में अनुशासित, टिकाऊ निवेश की बढ़ती संस्कृति का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा, ''11 करोड़ बाजार भागीदारों में केवल दो प्रतिशत ही सक्रिय रूप से वायदा-विकल्प में कारोबार करते हैं। अधिकांश दीर्घकालिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' सिंगापुर में हाल ही में एक समूह चर्चा में उन्होंने इस धारणा को खारिज किया कि भारत का शेयर बाजार मुख्य रूप से सट्टा व्यापार से प्रेरित है। एनएसई ने एक बयान में कहा कि इस दौरान चौहान ने उभरते वित्तीय परिदृश्य, प्रौद्योगिकी संचालित पूंजीवाद के उदय और वैश्विक बाजारों की बढ़ती जटिलताओं के बारे में जानकारी दी।



# एलजी और इनोविजन को आईपीओ लाने की मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की कंपनी एलजी की अनुषंगी कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड और मानव संसाधन एवं टोल प्लाजा प्रबंधन सेवा प्रदाता इनोविजन लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है।

- दोनों ही कंपनियों ने दिसंबर में दाखिल किए थे दस्तावेज

पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया और इनोविजन ने सेबी के समक्ष आईपीओ लाने के लिए दिसंबर में दस्तावेज दाखिल किए थे। दोनों को क्रमशः 13 मार्च तथा 12 मार्च को नियामक से इसके लिए मंजूरी मिली।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड की ओर से दाखिल दस्तावेज के अनुसार आईपीओ में कंपनी की मूल कंपनी 10.18 करोड़ से अधिक शेयर यानी अपनी 15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। कंपनी ने कुल निर्गम आकार का खुलासा नहीं किया, लेकिन मामले से परिचित लोगों ने आईपीओ का आकार 15,000 करोड़ रुपये आंका है। दूसरी ओर, इनोविजन का प्रस्तावित आईपीओ 255 करोड़ रुपये के नए निर्गम और प्रवर्तकों रणदीप हुंदल तथा उदय पाल सिंह के 17.72 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।




### सेबी ने नीलसॉफ्ट के आईपीओ को लौटाया

इस बीच, सेबी ने प्रौद्योगिकी आधारित इंजीनियरिंग सेवा एवं समाधान कंपनी नीलसॉफ्ट के आईपीओ के मसौदे को बिना कोई कारण बताये 10 मार्च को लौटा दिया। कंपनी ने आईपीओ लाने के लिए सेबी के समक्ष दिसंबर में प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए थे।

# रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 प्रति डॉलर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच रुपया मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ और 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों के कारण डॉलर में गिरावट आई। इसके अलावा एशियाई मुद्राओं की मजबूती ने भी रुपये को सहारा दिया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। यह डॉलर के मुकाबले 86.71 पर खुला और फिर इसने 86.54 के उच्चस्तर और 86.78 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 86.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 26 पैसे की बढ़त है।



# मर्सिडीज अप्रैल में बढ़ाएगी अपने वाहनों के दामः सीईओ



एजेंसी ▶▶| उदयपुर

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने मंगलवार को कहा कि अगर यूरो के मुकाबले रुपये में गिरावट जारी रही तो कंपनी अप्रैल में अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती है।

- यूरो के मुकाबले रुपये में गिरावट जारी रही तो बढ़ोतरी होगी

कंपनी ने इस साल जनवरी में कीमतों में बढ़ोतरी की थी। उसका अनुमान है कि मांग में कमी के कारण लक्जरी कारों की बिक्री कम से कम दो तिमाहियों तक दबाव में रहेगी। अय्यर ने कहा, विनिमय दर की बात करें तो यह पिछले 20 दिन में वास्तव में थोड़ा चिंताजनक रहा है, क्योंकि यूरो पहले ही 95 रुपये के स्तर पर पहुंच चुका है और हमने कारों की कीमत 90 रुपये के स्तर के हिसाब से तय की है। इस तरह इसमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अगर यह रुझान जारी रहा तो अप्रैल में कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। भारतीय रुपये के मुकाबले यूरो की विनिमय दर में इस साल लगातार गिरावट हुई है।

### वृद्धि की गति जारी रहेगी

सीईओ ने कहा कि कंपनी को विदेशी मुद्रा विनिमय दर में किसी भी प्रतिकूल उतार-चढ़ाव पर प्रतिक्रिया करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि साल की शुरुआत में घरेलू बाजार में वृद्धि की गति जारी रहेगी, लेकिन भू-राजनीतिक स्थिति समग्र ग्राहक धारणा को प्रभावित कर रही है।

### यूरो के मुकाबले रुपए में बड़ी गिरावट

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 12 फरवरी को एक यूरो के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 89.96 के स्तर से गिरकर 12 मार्च को 95.13 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। मंगलवार को एक यूरो का मूल्य 94.55 रुपये था।

## ट्रंप की घोषणा के बाद बिटकॉइन में उतार-चढ़ाव बना हुआ

# क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन खरीदने वाले हो जाएंगे बर्बाद!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर के शेयर मार्केट इन दिनों गिरावट का सामना कर रहे हैं। क्रिप्टोकरेंसी मार्केट भी इस गिरावट से नहीं बची है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की क्रिप्टो स्ट्रेटेजिक रिजर्व की घोषणा के बाद भी बिटकॉइन में उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

- मार्केट एक्सपर्ट पीटर शिफ ने बिटकॉइन को लेकर की घोषणा

मौजूदा समय की बात करें तो एक बिटकॉइन की कीमत लगभग 72 लाख रुपए है, जबकि जनवरी में इसकी कीमत 1 लाख डॉलर के पार थी। ऐसे में एक एक्सपर्ट का ये कहना कि आने वाले समय में बिटकॉइन कौड़ियों के भाव चला जाएगा, लोगों को डरा रहा है। आखिर पूरा मामला क्या है और किस एक्सपर्ट ने दुनियाभर के बिटकॉइन निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है।



### क्यों गिरेगी बिटकॉइन की कीमत

*दरअसल, पीटर शिफ का मानना है कि अमेरिकी टेक कंपनियों के शेयरों में अक्सर तब गिरावट दिखती है, जब नैस्डैक में गिरावट का दौर शुरू होता है। उन्होंने कहा कि नैस्डैक अभी 12 फीसदी तक गिर सकता है। इससे बिटकॉइन की कीमतों पर भारी असर पड़ेगा। इसके अलावा अगर नैस्डैक 20 फीसदी नीचे जाता है तो बिटकॉइन गिरकर 65 हजार डॉलर तक आ जाएगा।*

### बिटकॉइन को लेकर शिफ की भविष्यवाणी?

*बड़े निवेशक और फाइनेंशियल एक्सपर्ट पीटर शिफ ने बिटकॉइन को लेकर एक ऐसी बात बोल दी है कि लोगों के मन में इस क्रिप्टोकरेंसी को लेकर डर बैठ गया है। शिफ का कहना है कि आने वाले समय में बिटकॉइन की कीमत 20 हजार डॉलर तक गिर जाएगी। यानी जो बिटकॉइन कभी एक लाख डॉलर में बिक रहा था, वह 20 हजार डॉलर में बिकने पर मजबूर हो जाएगा।*

### ...तो बढ़ जाएगी बिकवाली

ईटीएफ में निवेश और इसकी बढ़ती लोकप्रियता के कारण फिलहाल बिटकॉइन अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन शिफ का मानना है कि शेयर बाजार में गिरावट से बिटकॉइन की बिकवाली बढ़ सकती है, जिससे इसकी कीमतें गिर सकती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि इतनी बड़ी गिरावट बिटकॉइन को और भी निचले स्तर तक ले जा सकती है।

### कीमत टूटकर 20 हजार डॉलर के करीब आ सकती है

बिटकॉइन दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी है। अभी एक बिटकॉइन की कीमत 83.52 हजार डॉलर (करीब 72.53 लाख रुपए) है। जनवरी में इसकी कीमत एक लाख डॉलर को पार कर गई थी। हालांकि बाद में इसमें गिरावट आ गई। अभी भी इसमें उतार-चढ़ाव जारी है। वहीं शिफ ने बिटकॉइन को लेकर चेतावनी दी है। इस शख्स का कहना है कि इसकी कीमत गिरकर 20 हजार डॉलर तक आ सकती है।

## चिंतन

# आखिर कब तक भड़कती रहेगी सांप्रदायिक हिंसा?

मानवता के मार्ग में हिंसा की कोई जगह नहीं है। राष्ट्र के सामाजिक विकास में कोई भी विभाजनकारी तत्व अवरोधक है। नागपुर में सांप्रदायिक हिंसा भारत की वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, संवैधानिक सहिष्णुता छवि को दागदार बनाती है। सांप्रदायिकता और जातीयता की बुनियाद पर कोई भी राजनीति प्रगतिवादी नहीं हो सकती है। अगर एक अफवाह पर सांप्रदायिक हिंसा भड़कती है, तो यह किसी भी समाज, राष्ट्र के लिए खतरे की घंटी है। ऐसे संगठन, लोग किसी भी राज्य, देश के लिए हितकारी नहीं हो सकते, जिनके लक्ष्य विभाजनकारी हैं। चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, एक फिल्म से या किसी अफवाह से अपना विवेक खो देते हैं, तो ऐसे लोग कम से कम अपने धर्म को नहीं समझते। कोई भी धर्म हिंसा की शिक्षा नहीं देता। भारत की सभ्यता विश्व की सबसे पुरानी है। भारतीय संस्कृति पांच हजार वर्ष पुरानी है। इसकी बुनियाद बहुत मजबूत है। भारत ने अतीत में विभिन्न तरह की कड़वाहट को झेला है। विदेशी मुस्लिम आक्रांता आए, इस्लाम लेकर आए, शासन किया। व्यापारी बनकर अंग्रेज आए, शासक बन गए, ईसाइयत का प्रचार किया, भारत का जी भरकर दोहन किया। लेकिन करीब नौ सौ वर्ष के काल में सनातन कभी कमजोर नहीं हुआ। सनातन व इसकी सांस्कृतिकता की छवि को विभ्रमित करने की सचेष्ट कोशिश जरूर हुई, लेकिन कभी किसी को सफलता नहीं मिली। भारत का राजनीतिक अतीत रक्तरंजित है, विवादों से भरा हुआ है, महिमामंडित है और गलत-सही तथ्यों से शब्दित है। इसलिए अतीत की कब्र खोदने से हमें निराशा ही मिलेगी। कोई भी अतीत वर्तमान के न्याय का आधार नहीं हो सकता। भारत हमेशा भविष्योन्मुखी देश व समाज रहा है, जहां सभी वर्ग, वर्ण, धर्म के लोगों ने जगह पाई है। भिन्नता, बहुलता, बहुसांस्कृतिकता, बहुधर्मिता, बहुजातीयता भारत की खूबी भी हैं और ताकत भी हैं। सांप्रदायिकता और जातीयता की राजनीति से अगर भारत की इस खूबी व ताकत को कमजोर करने की कोशिश होगी तो अंततः राष्ट्र ही कमजोर होगा। यूरोप ने अतीत में काफी हिंसा देखी, विश्व के अनेक हिस्सों में अतीत में अनेक हिंसक घटनाएं हुई हैं, सभी ने सबक सीखा, खुद को सभ्य बनाने की राह चुनी। आजादी के वक्त से ही भारत ने अनेक सांप्रदायिक व जातीय हिंसा को झेला है, तो क्या अब भारत सबक नहीं सीखेगा। धर्म के नाम पर लड़ाई होती रहेगा, खून बहता रहेगा, आखिर मानवता की स्थापना कब होगी? कौन करेगा, जब राजनीति चमकाने के लिए चंद लोग अतीत की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। विश्व के श्रेष्ठ संविधान वाले देश भारत अपने संवैधानिक समानता, एकता, अखंडता, समरसता के लक्ष्यों को साकार कब करेगा? एक अफवाह भर से अगर हिंसा फैलती है, तो क्या लोग तलवार व भाले लेकर हमेशा बैठे रहते हैं? क्या हम इतने खून के प्यासे हो गए हैं? हम इतने आक्रोशित क्यों हैं? हमारी राजनीति देश को किस अंधकार में धकेल रही है? नागपुर की सांप्रदायिक हिंसा देश में पहली घटना नहीं है, देश में ऐसी हजारों घटनाएं हुई हैं, लाखों जानें गई हैं। बुद्ध, महावीर, नानक, कबीर, गांधी के देश में सांप्रदायिक आग क्यों भड़क रही है? क्या हम विभाजनकारी बुनियाद पर विकसित भारत बनाएंगे? सरकार को नागपुर हिंसा की जांच करनी चाहिए, दोषियों को कानून के कटघरे तक पहुंचानी चाहिए। किसी भी संगठन, गुट व लोग को समाज को सांप्रदायिक आग में झोंकने का हक नहीं मिलना चाहिए, इनके प्रति सरकार को कठोर होना चाहिए।



## विश्लेषण
डॉ. एल.एस. यादव

भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गाडर्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह अपनी एकता कायम करते हुए निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है।

# तेज हुआ बलूच आजादी आंदोलन

जो दूसरों के लिए बुरा करता है उसके साथ भी कोई न कोई बुरा करता है। यह कहावत पाकिस्तान पर आजकल सही दिख रही है। भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गाडर्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह की शुरुआत में ही अपनी एकता कायम करते हुए यह निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है और इसके लिए दोनों के खिलाफ अपने अभियानों को ज्यादा तेज करना होगा।

इसके कुछ दिन बाद ही 11 मार्च को बलूचिस्तान के कच्छ जिले के आब-ए-गम इलाके के पास सुरंग में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ बंदूकधारियों ने हमला करके गोलीबारी की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली और दावा किया कि उनकी गोलीबारी में 30 लोग मारे गए तथा 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। यह ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी। इसमें तकरीबन 500 यात्री सवार थे। इस रेल लाइन पर 17 सुरंगें हैं और रास्ता कठिन होने के कारण रेल की गति धीमी रहती है। इसी का फायदा बलूच लिबरेशन आर्मी ने उठाया। इस घटना के बारे में बलूचिस्तान की सरकार ने बताया कि 80 यात्रियों को बचा लिया गया है जिनमें 43 पुरुष, 26 महिलाएं व 11 बच्चे हैं। इसके अलावा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 13 हमलावर मारे गए। पाकिस्तान इस घटना के बाद से दूसरे देशों पर आरोप मढ़ने में जुटा हुआ है।

13 मार्च को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद में शामिल रहा है। जाफर एक्सप्रेस पर हमले के समय आतंकी अपने हैंडलर्स और अफगानिस्तान में रिंग लीडर्स के संपर्क में थे। इन आरोपों को बेतुका बताते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को सख्ती से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केन्द्र कहां है। पाकिस्तान को दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय अपना आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उल्लेखनीय है पाकिस्तान सरकार और सेना इस घटनाक्रम में बलूच विद्रोहियों से निपटने में नाकामयाब दिखी है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दावा किया उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले 33 बीएलए विद्रोहियों को खत्म कर दिया है लेकिन सफल ऑपरेशन की कोई तस्वीर तक जारी नहीं की। अभी जाफर एक्सप्रेस की घटना से पाकिस्तानी सेना उबर भी नहीं पाई थी कि बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों ने 16 मार्च को बलूचिस्तान प्रान्त के नोशकी जिले में



पाकिस्तानी सेना के काफिले पर अचानक हमला करके बड़ी संख्या में सैनिकों को मार दिया। यह काफिला क्वेटा से कफ्तान जा रहा था। बीएलए के दावे के मुताबिक 90 सैनिकों को मार दिया गया। बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो भी जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तानी पुलिस ने हमले में तीन सैनिकों व दो नागरिकों के मारे जाने तथा 30 जवानों के घायल होने की पुष्टि की है। बीएलए के द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने नोशकी में रखशन मिल के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। इस काफिले में आठ बसें थीं जिसमें एक बस पूरी तरह ध्वस्त हो गई।

दूसरी बस को फतेह ब्रिगेड ने घेर लिया और उसके सभी जवानों को मार दिया। दरअसल बलूच अपनी आजादी के लिए अभियान चलाये हुए हैं। सन् 1947 से पहले ही भारत व पाकिस्तान की तरह बलूचिस्तान में भी आजादी की मांग तेज हो गई थी। 4 अगस्त 1947 को दिल्ली में हुई मीटिंग में माउंटबैटन के साथ कलात के वकील के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना थे जिन्होंने कलात, खरान, लास बेला व मकरान को मिलाकर बलूचिस्तान बनाने का सुझाव दिया था। बाद में जिन्ना इससे पलट गए लेकिन कलात के खान ने 12 सितम्बर 1947 को बलूचिस्तान को आजाद देश घोषित कर दिया। 26 मार्च 1948 को पाकिस्तानी सेना वहां घुस गई और इसे अपने आधिपत्य में ले लिया।


इसके बाद सन् 2000 तक बलूचियों ने चार बार पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विद्रोह किया लेकिन हर बार इसे दबा दिया गया। सन् 2005 में अकबर बुगती के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया। 26 अगस्त 2006 को बुगती व उनके साथियों की हत्या कर दी गई। बुगती के बाद बलूच लीडर गिरी को भी मार दिया गया। इसके बाद 2009 से वहां के लोगों को गुप्त रूप से निशाना बनाना शुरू किया गया। तब से अब तक बड़ी संख्या में बलूचों को या तो मार दिया गया या फिर उन्हें गायब कर दिया गया। बलूच विद्रोहियों की शुरू से यही मांग रही है कि पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान को खाली कर दे। उनके सभी नेताओं को बिना शर्त रिहा कर दिया जाए। इसके अलावा बलूचिस्तान में चल रहे चीन के सभी प्रोजेक्ट बंद कर दिए जाएं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रान्त है। यह पाकिस्तान के राजस्व का प्रमुख स्त्रोत है। इस इलाके में गैस, यूरेनियम, सोना, तांबा व अन्य धातुओं के विशाल भंडार हैं। आधे पाकिस्तान की गैस आपूर्ति यहीं से होती है। बलूचिस्तान के लोग इसे अपने संसाधनों की लूट बताते हैं।

बलूचिस्तान, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रमुख हिस्सा है जो बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का एक भाग है। बलूचिस्तान में ही ग्वादर बंदरगाह है जिसका विकास चीन के हाथों में है। चीन अपने शिनजियांग से ग्वादर को जोड़ने के लिए अब तक 46 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। चीन की इस घुसपैठ से बलूच नाराज हैं और विरोध में आन्दोलन चला रहे हैं। उपर्युक्त विवेचन यह स्पष्ट करता है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान के हाथ से निकलने वाला है। पाकिस्तान की सैन्य ताकत की पोल पिछले कुछ वर्षों से लगातार खुलती चली आ रही है और सुरक्षा बलों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। पाकिस्तान के लिए वर्ष 2009 सबसे खराब रहा था जब उसके 1012 सुरक्षा कर्मी मारे गए थे। साल 2012 में 734 तथा वर्ष 2024 में 754 सुरक्षा कर्मी मारे गए। चालू वर्ष 2025 के शुरुआती दो महीनों में सुरक्षा बलों के जवानों के मारे जाने की संख्या में 134 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है और 222 सुरक्षा कर्मी मारे जा चुके हैं। यह औसत इस वर्ष सारे रिकार्ड तोड़ सकता है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श
आचार्य श्रीहरि




# मुस्लिम हिंसक राजनीति की पुनरावृति का दौर

भारत आजादी के पूर्व की मुस्लिम हिंसक राजनीति की पुनरावृति फिर से होने लगी है। इसकी एक झांकी दिल्ली के जंतर-मंतर पर देखने को मिल रही है, जहां पर मजहबी मुस्लिम भीड़ अपना संहारक रूप दिखा रही है। ऐसी भीड़ और भाषा आजादी के पूर्व विखंडन का डर दिखाती थी। सबसे पहले ऐसी भीड़ 1906 में ढाका में जमा हुई थी, जहां पर भारज विभाजन की कसमें खाई गई थी। 1985 में शाहबानो मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में ऐसी भीड़ और भाषा का प्रदर्शन हुआ था। राममंदिर का ताला खोलने के खिलाफ मुस्लिम आबादी 1987 में अपनी हिंसक भीड़ की शक्ति का प्रदर्शन किया था। 2019 में सीएए कानून के खिलाफ ऐसी भीड़ और भाषा का प्रयोग शाहीनबाग सहित देशभर में जगह-जगह हुआ था। इसके अलावा दंगों और विभिन्न घटनाओं में मुस्लिम गिरोह अपनी हिंसक भीड़ की शक्ति का प्रदर्शन करता रहा है। इनमें एक नमाजी हिंसा है। जूमे की नमाज के बाद किसी भी प्रश्न पर होने वाली बर्बर हिंसा और प्रदर्शन को नमाजी हिंसा के नाम से जाना जाता है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के खिलाफ जमा हुई भीड़ और उसकी चेतावनी, आक्रामकता और संहार करने जैसी भाषा को लेकर हिन्दुओं के अंदर बहुत बड़ी प्रतिक्रिया को जन्म दिया है, हिन्दुओं के मन में डर घर कर गया। सोशल मीडिया पर इसकी बहुत बड़ी प्रतिक्रिया देखी जा रही हैं। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया यह है कि यह मुस्लिम भीड़ शाहीनबाग की ही टूकॉपी है। कहने का अर्थ यह है कि शाहीनबाग मानसिकता में शामिल मुस्लिम संगठन और गिरोह ही ऐसी संहार करने वाली धमकियां सरेआम दे रही है। शाहीनबाग की मानसिकता की खुशफहमी अभी तक गई नहीं है, इनकी हिंसक मानसिकता गई नहीं है। यह सब अभी तक जारी है। वक्फ बोर्ड संशोधन कानून अभी प्रस्तावित है, संसदीय विचार-विमर्श में शामिल है, वृहद चर्चा की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, सभी पक्षों को अपने विचार रखने की स्वतंत्रता दी गई है, सभी पक्षों ने अपने विचार भी रखे हैं, फिर भी विरोध को धमकी और संहार करने की भाषा में बदल देना कहीं से भी न्यायप्रिय नहीं है। यह अराजकता है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का घोर उल्लंघन है, दुरूपयोग है। अगर संसद ने वक्फ कानून बनाया है तो फिर वक्फ कानून को समाप्त करने का अधिकार भी संसद को है। इस संसदीय अधिकार का अतिक्रमण मुस्लिम भीड़ अपनी हिंसा की प्रक्रिया से अतिक्रमण नहीं कर सकती है। इस्लामिक विद्वान नदीम शेख ने बहुत ही प्रामाणिक तर्क दिया है। उनका तर्क यह है कि वक्फ बोर्ड जैसी कोई व्यवस्था इस्लाम के अंदर ही नहीं है। उन्होंने प्रमाण भी दिया है। जब कुरान या हदीश में कोई उल्लेख नहीं है तो फिर उस व्यवस्था को लेकर इतनी हिंसक भाषा का प्रयोग क्यों होना चाहिए, इतनी हिंसक भीड़ का प्रदर्शन क्यों होना चाहिए? देश की शांति को छिन्न-भिन्न करने का संकल्प क्यों लेना चाहिए? मूल संविधान के किसी भी अध्याय में वक्फ बोर्ड जैसी कोई व्यवस्था भी नहीं है। विखंडन के लिए जिम्मेदार कांग्रेस ने भारत की सनातन संस्कृति के खिलाफ वक्फ बोर्ड की व्यवस्था लागू की थी। 1954 में जवाहरलाल नेहरू ने इसकी नींव डाली थी। फिर 1964 में इसको शक्तिशाली बनाया गया था। विभिन्न कांग्रेसी सरकारों के दौरान वक्फ अधिनियम को मजबूत करने का काम किया गया है। कांग्रेस अपने स्थापना काल से ही मुस्लिम नीतियों की समर्थक रही है। अभी भी कांग्रेस मुस्लिम जिहाद के रास्ते पर चलती है। वक्फ प्रदर्शनों में कांग्रेस का अप्रत्यक्ष समर्थन है। इसके अलावा मुस्लिम राजनीति करने वाली राजनीतिक पार्टियों और कम्युनिस्टों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष समर्थन सहयोग मिला हुआ है। वक्फ बोर्ड का वर्तमान अधिकार अराजक है और विभिन्न संहिताओं को सीधे चुनौती देता है। वक्फ बोर्ड के दावे से संकट और हिंसक टकराव की स्थिति उत्पन्न होना भी स्वाभाविक है। मुस्लिम आबादी को संविधान और कानून से ऊपर होने की गलतफहमी छोड़ देनी चाहिए। संसद किसी कानून या फिर संविधान के किसी प्रावधान को समाप्त कर सकता है और संशोधित कर सकता है। इसलिए संसद के पास वक्फ बोर्ड को लेकर अधिकार है। अब तक संसद ने संविधान में लगभग डेढ सौ संशोधन किए हैं, इस सच्चाई को जानने की जरूरत है। सबसे बड़ी बात यह है कि मुसलमानों की हिंसक भाषा ने हिन्दुओं को न केवल जगाया है बल्कि हिन्दू अब मुसलमानों को अपना भाई नहीं, अपितु दुश्मन के तौर पर देखने के लिए बाध्य हैं। इसका राजनीतिक लाभ सीधे तौर पर भाजपा को मिलेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर अनायास ही करते हैं हमारा कल्याण



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य जब कुछ चाहता है, तो उसे अभाव का अनुभव होता है; परंतु उस अभाव की पूर्ति किस वस्तु से होगी, वह इसे नहीं जानता। बस, उसे विश्वास होता है कि जिस वस्तु से मेरे अभाव की पूर्ति होगी, उसको भगवान जानते हैं और इसलिए वह उस अज्ञात वस्तु के लिए भगवान पर निर्भर करता है। जैसे छोटा शिशु बिस्तर पर पड़ा रोता है, उसे कोई कष्ट है- जाड़ा लग रहा है, मच्छर काट रहे हैं या और कोई पीड़ा है। वह यह नहीं जानता कि किस वस्तु की प्राप्ति होने पर मेरा संकट दूर होगा- वह केवल मां को जानता है और रोकर मां को बुलाता है। मां आकर स्वयं पता लगाती है कि बच्चा क्यों रो रहा है और पता लगाकर स्वयं उसके कष्ट निवारण का उपाय करती है। इसी प्रकार इस अवस्था में भक्त अपने लिए उपयोगी अज्ञात फल के लिए भगवान पर निर्भर करता है और उन्हीं की कृपा से कल्याणकारी फल को प्राप्त करके संतुष्ट होता है। इसमें फलरूप वस्तु का निर्णय भगवान करते हैं, इस दृष्टि से निर्भरता का यह स्तर ऊंचा होने पर भी सकाम भाव होने के कारण यह भी वस्तुत आंशिक ही है। इसके बाद उन भक्तों की बात है, जो केवल भगवान को ही प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए भगवान पर ही निर्भर करते हैं। इनके लिए भी बिल्ली के बच्चे और छोटे शिशु के उदाहरण दे सकते हैं। ये केवल चिंतन परायण रहते हैं, उसका फल भगवान की प्राप्ति कब होगी, क्यों कर होगी? इस बात को भगवान पर ही छोड़ देते हैं, और वास्तव में यों सब कुछ भगवान पर छोड़ने वाले बड़े लाभ में ही रहते हैं।

# अच्छी बातों से मिलता है लाभ



संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा बुद्ध का प्रवचन सुनने एक युवक प्रतिदिन आता था। कई दिनों तक प्रवचन सुनने के बाद युवक को लगा कि वह लगातार प्रवचन सुनने आ रहा है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है। जैसा वह पहले था, वैसा ही वह अब है। इसका क्या कारण है। बहुत सोचने के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचा कि उसे इस संबंध में बुद्ध से चर्चा करनी चाहिए। यह सब सोचकर वह युवक अगले दिन बुद्ध के पास गया और अपनी शंका के बारे में बताते हुए कहा कि वह रोज उनके प्रवचन सुनने आता है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आया है। आखिर इसका क्या कारण है कि उसे उनके प्रवचनों को कोई लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। तथागत उस युवक की बात बहुत शांत भाव से सुनते रहे। जब वह युवक अपनी बात कह कर चुप हुआ तो बुद्ध कुछ क्षण मौन रहे। फिर उन्होंने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि वह कहां रहता है? युवक ने कहा कि वह श्रावस्ती रहता है। उसका जवाब सुनकर तथागत ने फिर पूछा कि वह यहां आता कैसे है? युवक ने कहा कि वह कभी पैदल आता है तो कभी उसे किसी सवारी का साधन मिल जाता है, जिसके सहारे वह यहां तक पहुंच जाता है। बुद्ध ने फिर उस युवक से पूछा कि वह यहां से अपने घर जाता कैसे है? युवक ने बुद्ध से कहा कि जैसे वह यहां आता है, उसी प्रकार वह यहां से जाता है। बुद्ध ने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि क्या वह यहां बैठे-बैठे अपने घर नहीं जा सकता?

## सटाका




## आज की पाती

### नालियां जाम, मच्छर बढ़े

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सफाई व्यवस्था चरमा गई है। छोड़ी सी कालोनी और समस्याएं ढेर सारी हैं। समिति के जिम्मे साफ-सफाई और मेंटेनेंस का जिम्मा है। पहले हाउसिंग बोर्ड के जिम्मे होता था, तो महीने में हर गली की सफाई हो जाती है। अब शुल्क लेने के बाद भी साल में एक या दो बार गालियों की सफाई होती है। ऐसे में गालियां जाम हैं और पानी का जमाव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जब तक कोई शिकायत न हो, लोग हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं।

*- राजेंद्र कुमार, सेजबहार*

## करंट अफेयर

# यूरोप में 1997 के बाद से खसरे का सबसे बुरा प्रकोप



विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, 1997 के बाद से यूरोप में खसरे के मामलों की संख्या सबसे अधिक है। साल 2024 में 127,350 मामले थे – जो 2023 की तुलना में लगभग दोगुना है। यूरोप के लिए डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. हंस हेनरी पी. क्लुगे ने कहा, /"खसरा वापस आ गया है और यह एक चेतावनी है। उच्च टीकाकरण दरों के बिना, कोई स्वास्थ्य सुरक्षा नहीं है। पिछले साल खसरे से 38 मौतें हुई थीं। इसका संक्रमण कोविड की तरह ही फैलता है। इसके संक्रमण के कारण हल्के मामलों में शरीर पर दाने आते हैं और बुखार होता है, जबकि गंभीर मामलों में इन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन), निमोनिया और अंधापन होता है। अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु की आशंका मुख्य रूप से उन लोगों में होती है, जिन्होंने टीके नहीं लिये हैं, तथा विकसित देशों में खसरे के मामलों में मृत्यु दर लगभग 1,000 में से एक से लेकर 5,000 में से एक तक होती है। खसरे से संक्रमित प्रत्येक व्यक्ति औसतन 12 से 18 अन्य लोगों में वायरस फैला सकता है। यह कोविड से ज़्यादा संक्रामक है। उदाहरण के लिए, कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित व्यक्ति वायरस को लगभग आठ अन्य लोगों में फैला सकता है।

## ऑफ बीट

# मातृ मृत्यु दर 33 अंक घटकर 2018-20 में 97 हो गई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा को बताया कि भारत ने 2020 तक मातृ मृत्यु अनुपात को घटाकर, प्रति लाख जीवित जन्म पर 100 करने का



राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक इसे 70 करने के एसडीजी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उच्च सदन को एक प्रश्न के उत्तर में नड्डा ने बताया कि भारत के महा पंजीयक (आरजीआई) द्वारा जारी नमूना पंजीकरण प्रणाली के अनुसार, देश का वर्तमान मातृ मृत्यु अनुपात प्रति लाख जीवित जन्म पर 97 है। उन्होंने कहा कि एमएमआर 2014-16 में 130 था जो 2018-20 में 97 हो गया। इस प्रकार एमएमआर में 33 अंकों की उल्लेखनीय गिरावट आई है। नड्डा ने कहा, भारत ने 2020 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के,प्रति लाख जीवित जन्मों पर 100 एमएमआर का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक एमएमआर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 70 का एसडीजी लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत में एमएमआर में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें 42 प्रतिशत की कमी आई है। इसी तरह, भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) में 75 प्रतिशत की कमी आई है।

## ट्रेंड

### दिल्ली का विकास



हमारा एक ही लक्ष्य है- दिल्ली की प्रगति, समृद्धि और विकास। इस सदन का उपयोग करते हुए हम पक्ष -विपक्ष को साथ लेकर चलेंगे। सभी का सहयोग लेते हुए सकारात्मक माहौल में चर्चा करेंगे और दिल्ली का विकास व प्रगति सुनिश्चित करेंगे।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### अराजक तत्वों पर कार्रवाई



महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मजार आदि को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं, क्योंकि इससे आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### ओबीसी आरक्षण बढ़ाया



कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का वादा पूरा कर दिया है। सामाजिक न्याय की दिशा में यह वाकई एक क्रांतिकारी कदम है। तेलंगाना ने रास्ता दिखा दिया है, यही पूरे देश की ज़रूरत है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### अडोलसीन्स सीरीज



नेटफ्लिक्स की अडोलसीन्स एक ऐसी सीरीज है जो वास्तव में महान हो सकती है। यह आपको पात्रों के दिमाग में गहराई से डुबो देती है और आपको खुद पर चिंतन करने का मौका देती है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# शहडोल के मिनी ब्राजील की गूंज अमेरिका तक, प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन से मिलेगा फुटबॉल को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ विस्तार से बातचीत में मप्र के शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा की। पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने शहडोल जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर की चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की यात्रा में उन्हें उस जगह के बारे में पता चला, जहां के निवासियों में फुटबॉल के प्रति अटूट प्रेम है। वे अपने क्षेत्र को मिनी ब्राजील कहते हैं। अमेरिकन पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यहां सेंट्रल पार्ट ऑफ इंडिया में मप्र एक स्टेट है, वहां शहडोल एक जिला है, शहडोल जिला बहुत बड़ा ट्राइबल बेल्ट है, जहां काफी ट्राइबल लोग रहते हैं। वहां ट्राइबल महिलाएं स्व-सहायता समूह चलाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शहडोल यात्रा में स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों और शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के प्रणेता खिलाड़ियों से मिलकर चर्चा की और उनका उत्साह बढ़ाया।

### खास बातें

- प्रधानमंत्री ने अमेरिकन पॉडकास्ट में बताया- शहडोल में बसा है मिनी ब्राजील
- प्रधानमंत्री ने शहडोल दौरे को किया याद, कहा-चार पीढ़ियों से लोग खेल रहे फुटबॉल

### शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को किया साझा



प्रधानमंत्री मोदी ने शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि मैं उनसे बातचीत कर रहा था। शहडोल में देखा कि स्पोर्ट्स की ड्रेस पहने हुए वहां 80 से 100 के करीब नौजवान, छोटे बच्चे, सभी लोग एक ही प्रकार से बैठे थे। मैं उनके पास गया, उनसे पूछा कि आप लोग कहां से हैं? जवाब मिला, हम मिनी ब्राजील से हैं। मैंने खिलाड़ियों से पूछा कि मिनी ब्राजील क्या है? तो खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव विचारपुर को लोग मिनी ब्राजील कहते हैं। मैंने फिर पूछा कैसे मिनी ब्राजील कहते हैं? खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव में हर परिवार में चार पीढ़ियों से लोग फुटबॉल खेलते आ रहे हैं। गांव से 80 से अधिक नेशनल प्लेयर निकले हैं। पूरा गांव फुटबॉल को समर्पित है और वो कहते हैं कि हमारे गांव का इंडिविजुअल मैच जब होता है, तो 20 से 25 हजार दर्शक तो आसपास के गांव से ही आ जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में फुटबॉल का क्रेज इन दिनों बढ़ रहा है, उसके लिए शहडोल के मिनी ब्राजील को शुभ संकेत मानता हूं। इससे टीम स्पिरिट पैदा होती है।

### महाप्लानिंग से रुकती है अन्न की बर्बादी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहडोल ही नहीं पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फुटबाल को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हमारी खेल अकादमियों के खिलाड़ियों राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

#### मन की बात में भी हो चुका है जिक्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व में भी मन की बात कार्यक्रम में भी शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के संबंध में चर्चा की जा चुकी है, जिससे शहडोल संभाग के फुटबाल खिलाड़ियों में नया उत्साहवर्धन हुआ है।

#### पूर्व कमिश्नर शर्मा ने भी किया प्रोत्साहित

शहडोल संभाग में फुटबाल को प्रोत्साहित करने के लिए शहडोल संभाग के पूर्व कमिश्नर राजीव शर्मा की पहल पर फुटबाल खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किए गए है। इसके अपेक्षित परिणाम मिल रहे हैं। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर गांव सहित शहडोल संभाग के लगभग सभी गांवों में फुटबाल क्लबों का गठन किया गया है तथा फुटबाल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### जुनवानी सर्किल में 6 हाथियों का झुंड पहुंचा रहा फसलों को नुकसान

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हाथियों का आंतक जारी है। हाथियों का दल जुनवानी गांव पर किसानों की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। करीब 6 हाथियों का दल जुनवानी सर्किल में विचरण कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि, पिछले दिनों से 6 किसानों के फसलों को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है। दो हाथी अब किसानों के घर की बाड़ी तक पहुंच रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। रायगढ़ वन मंडल परिक्षेत्र की टीम हाथियों पर नजर बनाए हुए है। आस -पास के ग्रामीणों को अलर्ट करने की सलाह दी गई है। बताया जा रहा है कि जंगलों में आग लगने के कारण हाथियों का दल भोजन पानी की तलाश में गांव की ओर आ रहे है। वहीं जिले के ही धरमजयगढ़ वन मंडल के किदा बीट अंतर्गत ग्राम जामपाली में एक हाथी के शावक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हाथी पानी और भोजन की तलाश में जंगल से गांव की ओर आ रहे हैं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकालने का प्रयास कर रही है। वहीं वन विभाग के अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं।

### सीएम ने किया 'टॉपर्स की डायरी जीत के राज' पुस्तक का विमोचन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में डॉ. कनिका शर्मा की पुस्तक 'टॉपर्स की डायरी जीत के राज' का विमोचन किया। इस अवसर पर गौरव शर्मा, सुनील शर्मा और परिजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुस्तक की विषय-वस्तु की सराहना की। यह पुस्तक विशेष रूप से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने, परीक्षाओं के भय को समाप्त करने और सकारात्मक मानसिकता, व्यवस्थित दिनचर्या, बेहतर खान-पान और पोषण का ध्यान रखने, लेखन क्षमता में सुधार, भाषा की शुद्धता और भविष्य की योजना बनाकर कार्य करने जैसे पहलुओं पर मार्गदर्शन देती है।

### हैप्पीनेस पर दो दिनी राष्ट्रीय सेमिनार 20-21 मार्च को

**भोपाल।** राज्य आनंद संस्थान की ओर से भोपाल में नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस 20 और 21 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार में मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। चर्चा के लिए मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, समाजशास्त्रियों और नीति निर्माताओं को आमंत्रित किया गया है। सेमिनार में सभी अपने अनुभवों और शोध निष्कर्षों को साझा कर सकेंगे। इस आयोजन से आनंद के विविध आयामों एवं तत्वों पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर गहन चिंतन के लिए मंच मिलेगा। प्रदेश में आनंद विभाग की स्थापना नागरिकों की खुशहाली एवं परिपूर्ण जीवन के लिए आंतरिक तथा बाह्य सकुशलता के लिए अगस्त 2016 में किया गया था। राज्य आनंद संस्थान नागरिकों की खुशहाली और मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए सतत कार्यरत है। संस्थान अपने विभिन्न कार्यक्रमों, के माध्यम से नागरिकों में सकारात्मकता और आत्मिक आनंद की भावना विकसित करने का प्रयास कर रहा है। इसी सिलसिले में आयोजित हो रहे नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस में आतंरिक आनंद की अनुभूति बाह्य प्रभावों के साथ संस्कृति विकसित करने पर फोकस रहेगा।

---

### सामाजिक संस्थाओं की मदद से सार्वजनिक प्याऊ लगाने की व्यवस्था करें

# मप्र में कहीं से भी पेयजल की कमी जैसी बात सामने नहीं आनी चाहिए, सीएम ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- शहरों और ग्रामों में नागरिकों के लिए सुनिश्चित करें पीने के पानी का प्रबंध
- पीएचई की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने पेयजल प्रबंधों की जानकारी लेकर दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल प्रबंध सुनिश्चित कराएं। कहीं से भी पेयजल की कमी जैसी बात सामने नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अफसरों से कहा कि सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ स्थापित कर राहगीरों के लिए भी पीने के पानी का प्रबंध प्राथमिकता के तौर पर कराएं। शहरों में प्रत्येक मोहल्ले में पेयजल की उपलब्धता, पानी की टंकियों की स्वच्छता और व्यवस्थित पेयजल वितरण जैसे कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की एक बैठक में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामों में नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण आबादी को लाभान्वित किया जाए। हर घर में टोंटी से जल पहुंचाने के कार्य पूर्ण किए जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, वहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्थानीय निकाय मिलकर नागरिकों के लिए समाधान की कार्रवाई करें। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संपतिया उइके, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



#### जनजातीय बहुल क्षेत्रों में धरती आबा उत्कर्ष

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में धरती आबा उत्कर्ष अभियान में अन्य विभागों के सहयोग से पेयजल प्रबंध के कार्य भी सम्पन्न किए जाएं। अन्य ग्रामों में एकल ग्राम नल-जल योजना और जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल घोषित ग्रामों में पेयजल की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पेयजल प्रदाय के साथ ही स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का भी संचालन किया जाए। पंचायतों के पदाधिकारी और शहरों में नगरीय निकायों के अमले की ओर से पेयजल प्रदाय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

#### अनुपयोगी हैंडपम्पों को उपयोगी बनाने के लिए रिचार्ज करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा जल संवर्धन अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की सक्रिय भूमिका की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी हैंडपम्पों को उपयोगी बनाने के लिए रिचार्ज करने की योजना का क्रियान्वयन भी प्रदेश में किया जाए। प्रदेश में 5 लाख 62 हजार 776 हैंडपम्प पेयजल प्रदाय में सहयोगी हैं। प्रदेश के 76 लाख 24 हजार 275 घरों में नल कनेक्शन दिए गए-बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के प्रारंभ होने से लेकर अब तक 62 लाख 71 हजार 124 कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। यह प्रदेश के कुल घरों एक करोड़ 11 लाख 80 हजार 901 का 63.81 प्रतिशत है।

### चीतों की बढ़ती संख्या से, चंबल क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा प्रोत्साहन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के चीता प्रोजेक्ट और वन्य जीव संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। श्योपुर स्थित राष्ट्रीय कूनो उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को बाड़े से मुक्त कर राष्ट्रीय उद्यान में स्वछंद विचरण के लिए छोड़ा जा रहा है।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैव विविधता की दृष्टि से, दक्षिण अफ्रीका से प्रदेश की धरती पर चीतों का पुनर्वास, देश ही नहीं अपितु एशिया महाद्वीप का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इस इंटरकांटिनेंटल प्रोजेक्ट के लिए कूनो (श्योपुर) का चयन, प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। प्रदेश के वन विभाग के अमले की लगन और अथक परिश्रम से इस व्यापक परियोजना का सफल क्रियान्वयन संभव हो पाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। इससे पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और चंबल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था समग्र रूप से सशक्त होगी। मुख्यमंत्री ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

---

### पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म, बगीचा थाना क्षेत्र का मामला

# तांत्रिक ने साथी के साथ मिलकर महिला के साथ किया गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर



छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र में एक कोरवा समाज की 28 वर्षीय युवती के साथ नशीली दवा पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस घटना के बाद बच्चे को भी जन्म दिया और अब पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म में शामिल एक तांत्रिक समेत 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह मामला जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र का है। जहां कोरवा समाज की एक 28 वर्षीय युवती के साथ क्रूरता की सारी हदें पार की गईं। पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि, करीब 9-10 महीने पहले उसे पेट दर्द की शिकायत थी। दवा लेने के बावजूद राहत न मिलने पर उसने गांव के ही दिलेश्वर यादव से इस बारे में बात की। दिलेश्वर ने उसे झाड़-फूंक कराकर बीमारी ठीक करने की बात कहते हुए अपने साथ चलने को कहा। 25 जुलाई 2024 की शाम करीब 7 बजे दिलेश्वर यादव के द्वारा पीड़िता को अपनी स्कूटी पर बैठाकर एक तथाकथित तांत्रिक किशोर पंडा के पास ले जाया गया, जहां उसे इलाज के नाम पर नशीली दवा पिलाई गई, जिसके बाद पीड़िता बेहोश हो गई। तांत्रिक और उसके मित्र ने किया दुष्कर्म

बेहोशी के बाद दिलेश्वर यादव और तांत्रिक किशोर पण्डा दोनों ने मिलकर बारी- बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी कि, अगर उसने इसके बारे में किसी को कुछ बताया तो उसे और उसके पूरे परिवार को जान से मार देंगे। जान के डर से पीड़िता चुप रही। लेकिन अगस्त 2024 में उसे अपनी गर्भावस्था का पता चला और 28 फरवरी 2025 को उसने एक लड़के को जन्म दिया। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर बगीचा थाने जाकर मामले में शिकायत दर्ज कराई।

#### दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

*इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए जशपुर एसपी शशिमोहन सिंह ने तत्काल एफआईआर के निर्देश दिए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। आपको बता दें कि थाने में शिकायत करने से पहले पीड़िता को गांव में बैठक कर समझाने और मामले को सुलझाने की भी कोशिश की गई थी कि वह एफआईआर न कराए।*

---

### पुरानी रंजिश के चलते हुई थी वारदात

## मारपीट मामले में भर्ती युवक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीरचांपा

जांजगीर चांपा जिले के डोमाडीह (बिर्रा) में युवक चित्रांशु पटेल और अंकुर वैष्णव के साथ पड़ोसी के छह लोगों ने मिलकर होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की थी। जिसमें घायल युवक चित्रांशु पटेल की रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत ही गई। जिसपर बिर्रा थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

साथ ही पुलिस आरोपियो की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार डभराखुर्द गाँव का निवासी चित्रांशू पटेल अपने दोस्त अंकूर वैष्णव के साथ होली के दिन दोपहर 3.00 बजे करीबन डोमाडीह (बिर्रा) से होली खेलने के बाद दोस्त के साथ घर आ रहा था तभी पड़ोस के रहने वाले राज केवट, भुनेश्वर पटेल, मोहन पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, दरस राम पटेल, दया राम पटेल जोकि रास्ते में मिले और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद करने लगे। तभी युवक चित्रांशु पटेल ने गाली-गलौज देने से मना किया तो राज केवट अपने पांच साथियों के साथ मिलकर जान से मारने कि नियत से बांस के डंडे से मारपीट करने लगे।

### शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की घटना, मची चीख-पुकार

## बाइक सवार को बचाने में बस पलटी, 34 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर चांपा




जिले के ग्राम लोहर्षी में आदर्श यात्री बस सड़क किनारे पलट गई। यह बस बरमकेला से बिलासपुर के लिए निकली थी, जिसमें 40 से 45 यात्री सवार थे। हादसे में 34 यात्रियों को चोट आई है जबकि सात घायल यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार आदर्श यात्री बस बरमकेला से बिलासपुर जाने के निकली थी, इस दौरान वह शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम लोहार्षी हाई स्कूल के पास बाइक सवार को बचाने के दौरान बस चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया जिससे वह सड़क के किनारे पलट गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीखपुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

### कटघोरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, ड्राइवर गिरफ्तार

## एक करोड़ रुपए कीमत का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जहां वाहन में तस्करी करते हुए पुलिस ने गांजा भारी मात्रा में जब्त किया है। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस इस मामले में सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

पुलिस की माने तो इस मामले में बड़ा खुलासा हो सकता है। बताया जा रहा है कि माजदा वाहन के कंटेनर वाहन में गांजा की तस्करी की जा रही थी। जहां पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली तो घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा। उसके बाद जब पुलिस ने उस वाहन की चेकिंग की तो पुलिस वालों की आंख खुली की खुली रह गई। भारी मात्रा में भूरे कलर के टेप में गांजा बंधा हुआ था। तत्काल इस मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसकी सूचना उच्च अधिकारियों के दी। जांच अभी भी जारी है। सूत्रों की मानें तो ओडिशा से उत्तर प्रदेश खपाने जा रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भारी मात्रा में गांजे की तस्करी जारी है। जहां तत्काल पुलिस अलर्ट मोड में आ गई। वाहन की घेरा बंदी शुरू कर दी गई। बताया जा रहा कि मुखबिर की सूचना पर कटघोरा पुलिस ने घेराबंदी कर सुतर्रा रापाखर्रा पुल के पास पकड़ा कंटेनर वाहन से पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। सूत्रों की मानें तो कंटेनर वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया गांजा 500 किलो के आसपास है। जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ के आस पास बताई जा रही है। कटघोरा पुलिस वाहन चालक से पूछताछ कर रही है। सूत्रों की मानें तो काफी लंबे समय से चल रहा गांजा तस्करी का खेल चल रहा है। इस मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह का बड़ा खुलासा आने वाले समय में हो सकता है।

---

### प्रधानमंत्री ने दी योजना पर सकारात्मक प्रतिक्रिया, कहा राज्य सरकार को हर संभव सहयोग मिलेगा

# पीएम मोदी से मिले सीएम साय, बताया बस्तर विकास के मास्टर प्लान का खाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास संबंधी विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बस्तर विकास के मास्टर प्लान का खाका प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं, उद्योगों और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की रूपरेखा शामिल थी। प्रधानमंत्री ने इस योजना पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सुरक्षा बलों की संगठित रणनीति एवं जनभागीदारी के चलते नक्सल प्रभावित इलाकों में तेजी से बदलाव आ रहा है।

उन्होंने बताया कि पुलिस और केंद्रीय बलों के संयुक्त प्रयासों से कई नक्सल गढ़ों में विकास की किरण पहुंची है, जिससे जनता का विश्वास सरकार की योजनाओं में और मजबूत हुआ है। सरकार का अब पूरा ध्यान बस्तर को नए औद्योगिक और आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने पर है, जिससे युवाओं को रोजगार और आदिवासी समुदायों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति और निवेशकों की बढ़ती रुचि पर भी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि निवेश को आसान बनाने के लिए सरकार ने सिंगल विंडो क्लीयरेंस, टैक्स छूट और अनुकूल नीतियों को लागू किया है, जिससे बड़ी कंपनियां छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं।



#### 30 को पीएम करेंगे विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

इसके अलावा, स्टार्टअप्स और छोटे उद्योगों के माध्यम से बस्तर की महिलाओं को उत्पादन और विपणन से जोड़ने की पहल की जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर राज्य की आर्थिक प्रगति में योगदान दे सकें। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी के 30 मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे की रूपरेखा साझा की। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की और प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।

#### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जा रहा जोर

*मुख्यमंत्री साय ने इस मुलाकात में महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। मुख्यमंत्री ने बैठक में बस्तर की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि बस्तर के महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लघु वनोपज, जैविक कृषि, हथकरघा, बांस उद्योग और हस्तशिल्प को प्रोत्साहित कर महिलाओं को न केवल आजीविका के साधन मिल रहे हैं, बल्कि वे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही हैं।*

## हाईकोर्ट का राज्य सरकार को निर्देश

# नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ाः मान्यता नियमों में हुए संशोधनों की ओरीजनल फाइलें पेश करो

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा से जुड़े मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि मान्यता नियमों में हुए संशोधनों की ओरीजनल फाइलें पेश करें। जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की विशेष बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 28 मार्च को निर्धारित की । लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने सरकार से कहा कि मध्यप्रदेश नर्सिंग शिक्षण संस्था मान्यता नियम 2018 के बनने के बाद उन नियमों में किए गए सभी संशोधनों की मूल फाइलें पेश की जाएं। दरअसल तत्कालीन अधिकारियों द्वारा मान्यता नियम 2018 में 3 बार संशोधन किए गये जिसके चलते अपात्र कॉलेजों को भी निरंतर लाभ पहुँचाया गया। अब हाईकोर्ट इस मामले का परीक्षण करेगा कि इन नियमों को संशोधन करने के लिए क्या-क्या



वास्तविक कारण थे और किन अधिकारियों के द्वारा मान्यता नियमों में बदलाव प्रस्तावित किए गए थे।पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित नर्सिंग काउंसिल के द्वारा सभी अनसुटेबल नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और संबद्धता से जुड़ी मूल फाइलें पेश करने कहा था। सुनवाई के दौरान पुनः इसके लिए मोहलत मांगी गई, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के दौरान हर हाल में उक्त आदेश का पालन करने कहा है।

## सामूहिक दुष्कर्म करने वालों को 20-20 वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित की अदालत ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित जबलपुर निवासी रामदास उर्फ खिलन यादव व जय यादव का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ 20-20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक-एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि लालमाटी ग्राम उमरिया निवासी दोनों आरोपितों ने 15 सितंबर, 2023 की रात्रि आठ बजे मंडला वाले उमाकांत गोंड के मकान के पीछे सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने थाना खमरिया पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि वह पढ़ी-लिखी नहीं है, मजदूरी करके आजीविका चलाती है। उसके दो बेटे व दो बेटियां हैं। पति बाहर कार्य करते हैं। घटना वाले दिन वह समाज के गंगाजली कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में आरोपितों ने मुंह दबा लिया। इसके बाद प्लाट में ले जाकर दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

## डेयरी स्टेट के लिए बजट में नहीं किया कोई आवंटन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में सरकार ने स्वीकार किया है कि जबलपुर शहर में 292 डेयरियां स्थित है। इस पर नागरिक उपभोक्त मार्गदर्शक मंच ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदूषण फैलने से रोकने के लिए इन डेयरियों की शिफ्टिंग कब की जाएगी। सरकार की मंशा इस पर स्पष्ट नहीं है। क्योंकि सरकार ने हाल ही में पेश किए बजट में डेयरी स्टेट में कोई भी आवंटन प्रस्तुत नहीं किया। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि विधानसभा में कैंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी ने एक लिखित जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि जबलपुर शहर में 292 डेयरियां स्थित है। इस पर डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि शहर की डेयरियां शिफ्ट करने बनाए गए खम्हरिया डेयरी स्टेट की इस कदर अनदेखी हुई है कि इस वर्ष के बजट में डेयरी स्टेट के लिए बजट में बिल्कुल ही आवंटन नहीं किया गया है। डेयरी स्टेट को पहुंचने हेतु एप्रोच रोड तक नहीं बनी है। ऐसे में डेयरी स्टेट में शहर की डेयरियां शिफ्टिंग कार्य में अवरोध पैदा हो रहा है। डेयरियों के कारण शहर में तथा नदियों में भारी प्रदूषण हो रहा है। डॉ नाजपांडे ने राज्यपाल से ऐसी गंभीर स्थिति में हस्तक्षेप करने का निवेदन पत्र भेजकर किया है।

# लाल-पीली मिट्टी से शहर में बढ़े दमा रोगी

## होली में गेरु के उपयोग पर प्रतिबंध आवश्यक

**जबलपुर।** जिस तरह दीवाली में 125 डेसी बल से ज्यादा ध्वनी वाले पटाखों के निर्माण और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया उसी तरह होली में धूल और मिट्टी उड़ाने पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक हो गया है। एक तो वैसे ही जहां-तहां चल रहे निर्माण कार्यों के कारण रोज हो रही खुदाई से महीनों से धूल की होली हो रही है। होली में लाल-पीली मिट्टी का जमकर उपयोग किया गया। शहर की हर गली, सड़क में धूल-मिट्टी, धूल-मिट्टी पड़ी हैं। सरपट दौड़तें वाहनों की रफ्तार से उड़ रही धूल लोगों को रोगी बना रही हैं। सड़कों पर उड़ने वाली धूल ने वैसे ही वायु प्रदूषण बढ़ा दिया है और होली में यह वायु प्रदूषण बढ़कर चौगुना हो गया। होली पर लाल, पीली गेरू-मिट्टी सस्ते दामों पर बिकने के कारण ज्यादा इस्तेमाल हो रही है। पिछले दो दिनों में शहर धूल-धूल हो गया, दो दिनों से सड़कों पर झाड़ू नहीं लगने से हालात और ज्यादा खराब हो गये। जिस गली जिस सड़क से निकल जाओ धूल के गुब्बार इस कदर उड़ रहे हैं कि सड़क पर पैदल और दोपहिया वाहन पर चलना दुश्वार हो गया है। संस्कारधानी पूरी तरह से धूलधानी हो गई है। धूल फांककर लोग घर पहुंच रहे हैं।



दमा रोगियों की मुसीबत बढ़ गई है, धूल की एलर्जी से लोगों को सर्दी, खांसी और जुकाम हो रहा है। किसी को कन्जेक्टिव आईटिस तो किसी को श्वांस फूलने का रोग हो रहा है। दमा रोगियों के तो खांस-खांसकर हाल बुरे हैं, मुख्य मार्गों पर रहने वाले लोगों के घरों में चौपहिया वाहनों के निकलने से धूल उड़कर घरों में घुस रही है। लोग घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। दुकानदारों ने दुकानों में प्लास्टिक के पर्दे लगा रखे हैं। अब आवश्यकता इस बात की है कि नगर निगम सड़कों पर झाड़ू लगवाकर कर सड़की की धुलवाई करवाये, इसके अलावा कोई चारा नहीं है। जब तक सड़कों की धुलाई नहीं होगी तब तक सड़कों की धूल खत्म नहीं होगी। शहर की इस गंभीर समस्या पर जनप्रतिनिधि पूरी तरह से मौन हैं। पक्ष-विपक्ष नेता भी चुप्पी साधे बैठे हैं।



## पद्म भूषण पंडित कुंजीलाल दुबे की जयंती मनाई गई

**जबलपुर।** पद्म भूषण पं. कुंजीलाल दुबे की 129 वीं जयंती रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर में मनाई, आज रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित पद्म भूषण पं॰ कुंजीलाल दुबे की प्रतिमा पर में फिनिक्स ग्रुप के चेयरमेन पं॰ सुमित कालिया ने पुष्पाजंलि अर्पित कर कहा कि कक्का का जीवन निष्कलंक, और निष्ठावान, ईमानदार राजनैतिक के रूप में सदैव याद किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति राजेश कुमार वर्मा, श्रीमती अंजली विश्वनाथ दुबे, सुमित कालिया, श्रीमती गौरा दुबे कालिया, शेखर दुबे, शशी दुबे, मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, भगत राम सिंह, राम सिंह जाट, प्रशांत मिश्रा, शैलेश राठौर, योगेश गिनोरे, बृजभान सिंह ठाकुर, बलजीत मैनी, ठा॰ दीपक सिंह राजपूत, शैल अवस्थी, देवेन्द्र सरीन, राहुल सरीन, फिनिक्स ग्रुप से सभी सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## रंग पंचमी का त्योहार आज

**जबलपुर।** पांच दिवसीय रंगोत्सव होली के त्योहार का समापन आज बुधवार 19 मार्च को होगा। रंगपंचमी के अवसर पर आज शहर में अनेक स्थानों पर होली मिलन के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। वहीं मस्तानों की टोली की आज रंग गुलाल उड़ाने की तैयारी चल रही है। यद्यपि महाकौशल अंचल में रंगपंचमी का पर्व औपचारिक तौर पर ही मनाया जाता है। मालवा और विंध्य में रंगपंचमी का त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ धुरेड़ी से ज्यादा मनाया जाता है। विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों ने रंगारंग आयोजनों के साथ होली मिलन के कार्यक्रम आयोजित किये हैं। पुलिस ने भी शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिये होली की तरह व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। आयोजन स्थलों पर व्यवस्था की गई है, वहीं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त करने के निर्देश दिये गये हैं।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता उद्‌घाटित

**जबलपुर।**

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता आज तरंग प्रेक्षागृह में प्रारंभ हो गई। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारी, प्रतियोगिता में भाग लेने वाली इंदौर, भोपाल, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा व मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की टीम के खलिाड़ी व बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर एकल नृत्य, नुक्कड़ नाटक व मंचीय नाटकों की प्रस्तुति हुई।

# सामाजिक मुद्दे व ज्वलंत विषयों पर नाटक का मंचन



### पवन मेहरा की र्धनारीश्वर स्वरूप प्रस्तुति

प्रतियोगिता में एकल नृत्य स्पर्धा में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के पवन मेहरा ने सत्यम शिवम सुंदरम पर अर्धनारीश्वर स्वरूप में अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। एकल नृत्य स्पर्धा में प्रस्तुति देने वाले वे एकमात्र पुरूष प्रतिभागी थे। भोपाल की जया सोलंकी ने भरतनाट्यम प्रस्तुत किया। इंदौर की प्रियंका यादव, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की संगीता उद्दे व केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की अनुपमा तिवारी ने कत्थक नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।

### नुक्कड़ नाटक में छाए रहे ज्वलंत मुद्दे

शक्तिभवन परिसर में आयोजित नुक्कड़ नाटक स्पर्धा में सामाजिक मुद्दों को उठाया गया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीम ने वर्तमान में सबसे ज्वलंत मुद्दे साइबर क्राइम व डिजिटल अरेस्ट पर केन्द्रित विषय पर नुक्कड़ नाटक किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम व डिजिटल अरेस्ट के खतरे से आगाह रहने का संदेश दिया गया। दूसरी प्रस्तुति अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर केन्द्रित थी। इस नुक्कड़ नाटक में ड्रग्स के खतरों को बताया गया।

### मंचीय नाटकों में विसंगतियों पर प्रहार

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस तीन मंचीय नाटकों की प्रस्तुति की गई। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा द्वारा अंधेर नगरी चौपट राजा, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने भुक्कड़ व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वृद्धाश्रम नाटक का मंचन किया। अंधेर नगरी चौपट राजा प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र की मूल कृति अंधेर नगरी पर आधारित था। इस नाटक में विवेकहीन और निरंकुश शासन व्यवस्था पर करारा व्यंग्य किया गया। वृद्धाश्रम नाटक में समाज के वरिष्ठ नागरिकों की त्रासदी को दिखाया गया, जबकि भुक्कड़ नाटक में निर्धनता को विषय बनाया गया।

# मिलन समारोह एकता के प्रतिबिंब

**जबलपुर।** मिलन के आयोजन मैत्री व सौहार्द भावना की प्रगाढ़ता में सहयोगी होते हैं, वैमनस्यता दूर करते हैं और एकता के प्रतिबिंब होते हैं ये उद्गार थे शेखावाटी अग्रवाल समाज जबलपुर के संरक्षक अरुण कान्त टीबड़ेवाला के, जो उन्होंने समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। अध्यक्ष पवन बगड़ोदिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन सचिव सौरभ सेक्सरिया ने किया। संरक्षक वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम पोद्दार ने समाज की बढ़ती हुई सक्रियता की सराहना की व उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। महिला सदस्यों रेणु बगड़ोदिया, सुनीता बाजोरिया, हेमलता टीबड़ेवाला व एकता सेक्सरिया द्वारा खिलाए गए गेम्स का सभी ने भरपूर आनंद लिया।





## संत रविदास का होली मिलन आज

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच द्वारा आज 19 मार्च को लालकुआं पोलीपाथर स्थित महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष चंदाबाई के निवास पर होलीमिलन समारोह का आयोजन शारदा प्रसाद चौधरी के मुख्यातिथ्य और रामबाई चौधरी की अध्यक्षता में हुआ है। मानिकलाल जाटव, रामसिपाही सेठ, बाल्मीक चौधरी, राहुल चौधरी, सियाबाई, मीनाबाई, सीताबाई, रामकली, लक्ष्मीबाई ने कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की।

# ट्रांसको के ऑउटसोर्स कर्मियों के बनाये गये आयुष्मान कार्ड

**जबलपुर।** भारत सरकार की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में कार्य कर रहे पात्र आउटसोर्स कर्मियों के भारी संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाये जा रहें है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि भारत सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि विभिन्न सबस्टेशनों और लाइन मेंटेनेन्स में कार्य करने वाले 5919 आउटसोर्स कर्मियों में से इस योजना के लिये पात्र 3878 कर्मियों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। सबस्टेशनों और ट्रांसमिशन लाइनों में जोखिम का कार्य करने वाले कर्मियों के लिये यह कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्वास्थ्य योजना के अतिरिक्त है। इसके अलावा आउटसोर्स कान्ट्रेक्टर्स द्वारा भी किसी बीमा कंपनी, बैंक या पोस्ट ऑफिस के माध्यम से 5 लाख का जोखिम बीमा एम.पी. ट्रांसको की शर्तो व अनुबंध के अनुसार कराया जाता है।





**CHANGE OF NAME**

I, **TANU** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **14648117K** Rank **BHM** Name **PAVAN KUMAR** presently, residing at **VILL- BANIYANI, PO-PARTAPUR, TEH-SAHAWER, DISTT- KASGANJ, (UP)-207241** I have changed of my name from **TANU** (name as per my Husband army service records) to **TANU MISHRA** (name as per my **AADHAR CARD NO. 6921 6282 8137** vide Affidavit dated (Date of the Affidavit **18/03/2025** before Public notary JABALPUR MP HIGH COURT, (MP)
**CORRECT NAME-TANU MISHRA**
**INCORRECT NAME-TANU**



## तिल एवं रामतिल फसल पर किसानों को दिया प्रशिक्षण

**किसानों को वितरित किए गए कृषि उपकरण**

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना तिल एवं रामतिल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के परियोजना समन्वयक डॉ. ए. के. विश्वकर्मा के निर्देश पर जनजातीय उप योजना के अंतर्गत आदिवासी जिला मण्डला के ग्राम पौडीमाल एवं लावरमुडिया ब्लॉक बीजाडांडी में दो दिवसीय तिल एवं रामतिल विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान परियोजना समन्वयक डॉ. ए. के. विश्वकर्मा (तिल एवं रामतिल) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा तिल एवं रामतिल फसल का क्षेत्रफल एवं पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों की हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया। संस्था के कृषि वैज्ञानिक एवं जनजातीय उप योजना के नोडल अधिकारी डॉ. के. एन.गुप्ता द्वारा उप योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की एवं आपने बताया यह उपयोजना भा.कृ.अ.प.द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के आदिवासी बाहुल्य जिलों में चलाई जा रही हैं। इसी के तहत यह उपयोजना आदिवासी बाहुल्य जिला मण्डला में चलाई जा रही है। इसके तहत आगामी खरीफ में तिल एवं रामतिल फसल का बीज,खाद, खरपतवारनाशक, कीटनाशक उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे रामतिल एवं तिल खेती को इस जिले में बढ़ावा दिया जा सकें। जिससे आदिवासी किसानों की अजीविका में एवं स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सकें। इस मौके पर संस्था के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ.रजनी बिसेन द्वारा तिल एवं रामतिल की उन्नत किस्मों, डॉ.के.एन. गुप्ता द्वारा तिल एवं रामतिल फसलों में पौधा संरक्षण विषय पर डॉ. सुरभी जैन द्वारा तिल एवं रामतिल का क्षेत्रफल विस्तार एवं उपयोगिताएं डॉ. कामनी बिष्ट वैज्ञानिक कृषि प्रसार द्वारा किसानों को छोटे कृषि समूह बनाने एवं उसकी उपयोगिता, कृषि विभाग की वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमति संगीता श्रीवास्तव एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति श्वेता डेहरिया द्वारा मध्यप्रदेश शासन की कृषि की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

# कथित नक्सली एनकाउंटर पर आदिवासी समुदाय में आक्रोश

## गोंगपा और कांग्रेस पार्टी ने सरकार पर खड़े किए सवाल

**जबलपुर।** विगत 9 मार्च को कान्हा नेशनल पार्क मंडला के पास भोरमदेव जंगल में हॉक फोर्स ने घेराबंदी कर एक नक्सली को मार गिराने और दो लोगों को गिरफ्तार करने की जानकारी आईजी बालाघाट और पुलिस अधीक्षक मंडला ने पत्रकार वार्ता में दी थी। थाना खटिया क्षेत्र, कान्हा नेशनल पार्क में पुलिस ने पहले दावा किया कि उन्होंने एक नक्सली को मार गिराया, लेकिन बाद में अपना बयान बदलते हुए कहा कि मारा गया व्यक्ति नक्सल समर्थक था। एनकाउंटर में मारा गया कथित नक्सली व्यक्ति खटिया थाना के अन्तर्गत नारंगी गांव के लहसेरा टोला का हिरेन परते, जो बैगा आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखता है। घटना को लेकर समूचे मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में जबरदस्त आक्रोश है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और प्रदेश कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मिलकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। हालांकि मंत्री सम्पत्तिया उईके ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर सरकारी मदद दिलाने का भरोसा दिया है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष देव रावेन भलावी ने सरकार पर आरोप लगाया है कि गोली मारने की घटना गंभीर सवाल खड़े करती है। यह न केवल संविधान की पांचवीं अनुसूची के तहत संरक्षित आदिवासी क्षेत्रों में शासन के दायरे पर सवाल उठाता है, बल्कि मानवाधिकार हनन और न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी गहरी चोट है। प्रशासन निर्दोष आदिवासियों को नक्सली साबित करे या नहीं तो दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो। यदि प्रशासन ने निर्दोष आदिवासियों को नक्सली बताकर गोली मारी है, तो इसे राज्य-प्रायोजित हत्या माना जाना चाहिए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले की जांच करनी चाहिए।इधर कांग्रेस के डाक्टर विक्रांत भूरिया के निर्देश पर मध्यप्रदेश आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने इस घटना पर जांच दल गठित किया है जो जल्द ही रिपोर्ट देगा। घटना के तुरंत बाद पूर्व विधायक डाक्टर अशोक मर्सकोले और बिछिया के विधायक नारायण पट्टा ने पीडित परिवार और गांव वालों से मिलकर घटना की जानकारी ली है। इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा में चर्चा की मांग स्वीकार नहीं किए जाने पर सदन का बहिष्कार कर दिया। 17 मार्च को आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ जबलपुर ने बिछिया के लसरीटोला गांव निवासी हीरन परते की नक्सली बताकर पुलिस द्वारा की गई जघन्य हत्या के विरोध में हत्या की न्यायिक जांच की मांग को लेकर आज घंटाघर कंट्रोल रूम के सामने विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम जबलपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

## राज्यस्तरीय संत निरंकारी समागम 23 को

**जबलपुर।** राज्यस्तरीय संत निरंकारी संत समागम आगामी 23 मार्च को जेडीए स्कीम 41 विजयनगर में आयोजित किया जा रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित की छत्रछाया में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक होने वालें इस आयोजन को लेकर भक्तजन पूर्ण श्रद्धा और उत्साह से तैयारियों में जुट गए हैं। इस अवसर पर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्र होकर सत्संग की मधुरता और आध्यात्मिक आनंद का अनुभव करेंगे।



**नाम सुधार सूचना**

मै रवीन्द्र दुबे RAVINDRA DUBEY श्री सुरेन्द्र कुमार दुबे उम्र 57 वर्ष निवासी जी-116, रामेश्वरम कॉलोनी, एम.आर.-4 रोड, विजय नगर, जबलपुर म.प्र. आधार नं. 7724 2846 0368 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ 1. यह कि मेरे पुत्र Aryan Dubey की कक्षा 10 वी एवं 12 की केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अंकसूची में मेरा नाम RK DUBEY दर्ज है जो कि मेरा शार्ट नेम है तथा मेरा सही व पूरा नाम RAVINDRA DUBEY है। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड एव समस्त दस्तावेजों में मेरा सही व पूरा नाम रवीन्द्र दुबे RAVINDRA DUBEY दर्ज है। 3.यह कि मेरे पुत्र Aryan Dubey की कक्षा 10 वी एवं 12 की केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अंकसूची में मेरा नाम RK DUBEY विलोपित कर मेरा सही व पूरा नाम RAVINDRA DUBEY दर्ज किया जाये।

गलत नाम:-आर.के. दुबे
(R K DUBEY)
सही नाम:- रवीन्द्र दुबे
(RAVINDRA DUBEY)



# जीसीएफ में मनाया गया आयुद्ध निर्माणी दिवस

## रक्षा संस्थानों के निगमीकरण पर जताया आक्रोश

**जबलपुर।**

18 मार्च 1802 को कोलकाता स्थित काशीपुर निर्माणी से उत्पादन चालू हुआ तब से 18 मार्च को आयुद्ध निर्माणी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा आजादी से पहले 18 एवं आजादी के बाद 23 और कारखाना खोला गया जो सरकार के नियंत्रण में गोला बारूद युद्ध के समान का निर्माण करता है आजादी के बाद चार युद्ध में इन्हीं कारखाने से बने उत्पादकों के भरोसे भारत युद्ध लड़ा मगर करोनाकाल के बाद 1 अक्टूबर 2021 को अचानक इन कारखानों को 7 निगम में विभाजित कर दिया गया जिससे कर्मचारी संगठनों में काफी नाराजगी के साथ ऑल इंडिया डिफेंस एंम्पलाईज फेडरेनशन (एआईडीईएफ), भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (बीपीएमएस) और क्रेडा (सीडीआरए) जैसे संगठनों ने पूर्व की भांति 18 मार्च को गर्व के साथ आयुद्ध निर्माणी दिवस मनाना चालू रखा इसी तारतम्य में जीसीएफ के तीनों द्वार पर कर्मचारियों में सुबह से स्थापना दिवस के प्रतीक चिन्ह का बैच लगाकर एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी एवं दोपहर 12:30 बजे भोजन अवकाश के दौरान इन निर्माणीयों के गौरव गाथा एवं इसे बचाने हेतु शपथ ली गई। कार्यक्रम में मजदूर संघ हथौड़ा के रोहित यादव विनय गुप्ता उत्तम विश्वास अमित चंदेल बीरबल पार्थ ओझा राहुल गुप्ता देवेंद्र राजेश आशीष रितेश कृष्णा अमरेश सैकत बीपीएमएस के राकेश रजक लक्ष्मी पटेल मनोज धर्मांजन क्रेडा के अजय रजक, श्री असाटी, मनीष चौरसिया आशीष सहाय संजय शाह जैसे पदाधिकारी के साथ दीप विश्वकर्मा विवेक शुक्ला विजय चौहान रविकांत श्याम सागर कनोजिया रूपेश वीरेन्द्र पटेल सुनु पापाचन जितेंद्र मेहर आदि उपस्थित थे।

**नाम संशोधन**

मैं सतीश असरानी पिता बसंत राम असरानी निवासी प्लाट नं.2 कृष्णा 18 एवेन्यु पोलीपाथर ग्वारीघाट जबलपुर ये कथन करता हू कि मेरे पूर्व पासपोर्ट नं. M 1055686 में मेरा नाम सतीश कुमार असरानी लिखा है, परन्तु मेरे अन्य शासकीय दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि में सतीश असरानी दर्ज है। जो कि सही है अतः आज दिनांक से मुझे सतीश असरानी पिता बसंतराम असरानी से जाना पहचाना जावे।

**गलत नाम**
**सतीश कुमार असरानी**
**सही नाम**
**सतीश असरानी**

# हवाईअड्डा बुनियादी ढांचे के निर्माण में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा अदाणी एयरपोर्ट कम्पनी

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के संचालक, अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की सहायक कंपनी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) एक सामंजस्यपूर्ण और सुव्यवस्थित अनुभव के लिए यात्री सुविधाओं को बदलने के लिए एक रणनीतिक कदम उठा रही है। हवाई अड्डा आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए) के समक्ष रखे गए प्रस्ताव में, एमआईएएल ने मुंबई हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी वृद्धि परियोजनाओं को शुरू करने में एमआईएएल को सक्षम करने के लिए घरेलू यात्रियों के लिए 325 रुपये और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 650 रुपये का उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) प्रस्तावित किया है। एमआईएएल का प्रस्ताव इस परिवर्तन की भरपाई करने और यात्रियों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए एयरलाइन लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में लगभग 35 प्रतिशत की कमी करने का प्रयास करता है, ताकि बुनियादी ढांचे में वृद्धि और विश्व स्तरीय हवाई अड्डे के संचालन को बनाए रखने के बीच संतुलन बनाया जा सके। इस कटौती से मुंबई से उड़ानों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे एयरलाइन्स को लागत का अधिक कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने तथा प्रतिस्पर्धी टिकट कीमतें बनाए रखने में मदद मिलेगी। सीएसएमआईए में प्रति यात्री वर्तमान लाभ (वाईपीपी) 285 रुपये है। एईआरए को प्रस्तुत प्रस्ताव का उद्देश्य वाईपीपी को लगभग 332 रुपये तक संशोधित करना है, जो 18 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो 10 मार्च 2025 को एईआरए द्वारा जारी परामर्श पत्र के अनुरूप है।

अगले पांच वर्षों में, हवाईअड्डा बुनियादी ढांचे के निर्माण में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा और अनुमानित 229 मिलियन यात्रियों से 7,600 करोड़ रुपये का कुल राजस्व वसूल करेगा, जो राजस्व वसूली में एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। नये टैरिफ ढांचे में राजस्व मिश्रण को रणनीतिक रूप से स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है, जिसमें यूडीएफ में वृद्धि की जाएगी, जबकि लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में 35 प्रतिशत की कमी की जाएगी। यह प्रस्ताव भारत के अन्य प्रमुख हवाई अड्डों की टैरिफ संरचनाओं के अनुरूप है और इससे राजस्व स्थिरता बढ़ेगी तथा समग्र यात्री अनुभव में सुधार होगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि सीएसएमआईए यात्रियों के लिए एक प्रतिस्पर्धी और आकर्षक विमानन केंद्र बना रहेगा। एमआईएएल लगातार यात्री सुविधा, परिचालन दक्षता और भारत के ऐतिहासिक विमानन केंद्रों में से एक की दीर्घकालिक स्थिरता में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रमुख पहलों में टी-2 पर घरेलू-से-घरेलू स्थानांतरण सुविधा, समय पर प्रदर्शन में सुधार और टिकाऊ हवाईअड्डा संचालन का समर्थन करने के लिए नया टैक्सीवे जेड, टर्मिनल में प्रवेश पर भीड़ का प्रबंधन करने के लिए ई-गेट्स की शुरूआत, मुफ्त अंतर-टर्मिनल कोच स्थानांतरण और फास्टैग-सक्षम पार्किंग, अन्य यात्री-केंद्रित प्रगति शामिल हैं। प्रस्तावित परिवर्तन इसके महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचे के विस्तार कार्यक्रम को गति प्रदान करेंगे, जिससे हवाई अड्डे और इसकी सुविधाओं में और अधिक परिवर्तन आएगा तथा उन्हें भविष्य की हवाई यात्रा मांगों के लिए तैयार किया जा सकेगा।

## रोचक खबरें



### साथी की मौत पर रोने लगा हाथी 25 साल तक थे साथ-साथ

**मास्को।** रूस में एक सर्कस हाथी का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने 25 साल के साथी को खोकर गहरे शोक में डूबा हुई दिखाई दे रहा है। जेनी और मैग्डा नाम की ये दोनों हाथियां लगभग 25 साल से एक-दूसरे के साथ थे और हाल ही में रिटायरमेंट का जीवन जी रहे थे। इसी बीच जेनी अचानक गिर गई और उसकी मौत हो गई. इस घटना के बाद मैग्डा का व्यवहार देखकर हर किसी का दिल दहल गया. वीडियो में देखा जा सकता है कि मैग्डा ने पहले जेनी को धक्का दिया और उसे उठाने की कोशिश की। यह एक ऐसी कोशिश थी, जो उसने अपने साथी को खोने के दर्द से बचने के लिए की। जब उसकी कोशिश नाकाम हो गई, तो मैग्डा ने जेनी को गले लगा लिया और उसके पास खड़ा होकर अंतिम विदाई दी। ऐसा लगा मानो वो भावुक होकर रो रहा हो। यह मार्मिक वीडियो देख आप भी भावुक हो जाएंगे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मैग्डा कई घंटों तक जेनी के आसपास ही रहा और पशु चिकित्सकों को भी उसके पास जाने नहीं दिया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो देखकर लोग भावुक हो गए। एक यूजर ने लिखा, 'प्यार की कोई सीमा नहीं होती।

### बचपन से नहीं खाया अन्न, फिर भी स्वस्थ हैं 23 साल की कृष्ण

**लखनऊ।** कहा जाता है कि अगर जन्म से कोई अलौकिक शक्ति के साथ पैदा होता है, तो उसे भगवान का अवतार माना जाता है। कुछ ऐसा ही जीवन अलीगढ़ की एक लड़की जी रही है। यहां अलीगढ़ के सरसौल इलाके में रहने वाली 23 साल की कृष्ण शर्मा ने अपने अनोखे आहार और जीवनशैली से सबको हैरत में डाल दिया है। उनका दावा है कि जन्म से लेकर अब तक उन्होंने कभी अन्न ग्रहण नहीं किया, फिर भी वह पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय है। उनकी यह जीवनशैली चिकित्सा और विज्ञान की दुनिया के लिए एक रहस्य बनी हुई है। कृष्ण शर्मा की ये असाधारण कहानी न केवल उनके परिवार और पड़ोसियों के लिए चौंकाने वाली है, बल्कि चिकित्सा विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को भी सोचने पर मजबूर कर रही है। जहां आम इंसान के लिए अन्न ऊर्जा और पोषण का मुख्य स्रोत माना जाता है, वहीं कृष्ण की जीवनशैली इस धारणा को चुनौती देती है। कृष्ण शर्मा ने बताया कि उन्होंने बचपन से ही अन्न नहीं खाया। वह केवल फल और जूस पर जीवन यापन करती हैं। उनका कहना है कि अगर वह अन्न से बना कुछ भी खाती हैं, तो उनकी तबीयत बिगड़ जाती है। एक बार उनके पिता ने उन्हें रोटी खिलाने की कोशिश की थी, जिससे उनकी तबीयत इतनी खराब हो गई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।



## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# सूरज की रोशनी जरूरी नहीं!

## समंदर की गहराई में मिल गई डार्क ऑक्सीजन, विज्ञान जगत में खलबली

न्यूयार्क। आप जानते होंगे कि धरती पर ऑक्सीजन का आधा उत्पादन समुद्री क्षेत्र से आता है। पौधे, शैवाल आदि प्रकाश संश्लेषण करते हैं। इसमें सूरज के रोशनी की सबसे ज्यादा अहमियत होती है, लेकिन अब समुद्र के नीचे बेड पर एक दिलचस्प खोज हुई है। अब तक हम यही पढ़ते रहे हैं कि ऑक्सीजन के बनने में सूरज की रोशनी का अहम रोल है। हालांकि, गहरे समुद्र में खोजी गई 'डार्क ऑक्सीजन' जीवन के नए रहस्य से पर्दा उठा सकती है। प्रशांत महासागर में काफी नीचे गहराई में यह खोज हुई है। हालांकि, वैज्ञानिक इस पर एकमत नहीं हैं। अगर यह सच साबित हुआ तो खोज क्रांतिकारी होगी।

### अंधेरे में ऑक्सीजन?


सवाल यह है कि क्या समुद्र के सबसे गहरे, अंधेरे क्षेत्रों में धातु की चट्टानें सूरज की रोशनी के अभाव में भी ऑक्सीजन बना सकती हैं? कुछ वैज्ञानिक ऐसा मानते हैं, लेकिन कुछ दूसरे साइंटिस्ट इस दावे को चुनौती दे रहे हैं। उनका मानना है कि समुद्र तल में सूरज की रोशनी के बगैर तथाकथित 'डार्क ऑक्सीजन' नहीं बन सकती है। यह खोज पिछली जुलाई में जर्नल नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित हुई है। इसने पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के बारे में लंबे समय से चली आ रही धारणाओं पर सवाल उठाया है और वैज्ञानिक बहस को भी जन्म दे दिया है। ये निष्कर्ष माइनिंग कंपनियों के लिए भी महत्वपूर्ण है जो इन पॉलिमेटैलिक नॉड्यूल्स में पाए जाने वाली कीमती धातुओं के निकालने के लिए उत्सुक रहती हैं।

### प्रशांत महासागर में काफी नीचे गहराई में हुई है यह खोज



### खोज में क्या निकला?

शोधकर्ताओं का कहना है कि आलू के आकार के नॉड्यूल्स (गांठ) समुद्र के पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में बांटने के लिए आवश्यक इलेक्ट्रिकल करंट पैदा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को इलेक्ट्रोलिसिस कहते हैं। यह लंबे समय से स्थापित उस सोच पर संदेह करता है जिसमें कहा जाता रहा है कि जीवन तब संभव हुआ जब जीवों ने प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ऑक्सीजन का उत्पादन शुरू किया। यह बात लगभग 2.7 अरब साल पहले की है। स्कॉटिश एसोसिएशन फॉर मरीन साइंस ने शोध के प्रकाशन पर कहा है कि गहरे समुद्र की यह खोज जीवन की उत्पत्ति पर सवाल उठाती है।





### खनन से पारिस्थितिक तंत्र को हो सकता है गंभीर नुकसान

पर्यावरणविदों ने कहा है कि डार्क ऑक्सीजन होने से पता चलता है कि इतनी गहराई में जीवन के बारे में बहुत कम जानकारी है। उन्होंने इस बात का भी समर्थन किया कि गहरे समुद्र में खनन से पारिस्थितिक तंत्र को गंभीर नुकसान हो सकता है। कई संगठन प्रशांत महासागर में माइनिंग का विरोध करते रहे हैं। प्रशांत महासागर में सतह के नीचे चार किमी समुद्र तल पर बिखरे हुए पॉलीमेटैलिक नोड्यूल्स में मैंगनीज, निकल, कोबाल्ट और इलेक्ट्रिक कार बैटरी में उपयोग की जाने वाली कई धातुएं होती हैं।

# 99 फीसदी लोग गलत तरीके से पका रहे दाल थाली में आने से पहले कम हो जाती है पौष्टिकता

नई दिल्ली। कमजोरी-थकान, विटामिन की कमी दूर करने के लिए दाल काफी असरदार है। यह शरीर को जरूरी ताकत देती है और वजन संतुलित रखने में भी मदद करती है। लेकिन, डाइटिशियन का कहना है कि लोग इसे गलत तरीके से पकाते हैं, जिससे इसकी ताकत बर्बाद हो जाती है। मॉडर्न होने के साथ हमारी आदतों में कई बदलाव आए हैं। पहले के मुकाबले हमारा जीवन ज्यादा आसान और सुविधाजनक हो गया है। लेकिन यह चीज कुछ जगहों पर नुकसान भी कर सकती है, जैसा कि कभी-कभी खाने-पीने में देखा जाता है। आजकल पेट की भूख मिटाना काफी आसान हो गया है और स्वादिष्ट भी, लेकिन कई बार इन टेस्टी फूड से बीमारियां भी लग जाती हैं।



### प्रेशर कुकर में दाल पकाना है गलत

जल्दी पकाने के लिए आजकल हर कोई दाल को प्रेशर कुकर में बनाता है। लेकिन, डाइटिशियन ऋचा के मुताबिक यह सही तरीका नहीं है। इस हीट और प्रेशर के कारण कई सारे विटामिन और मिनरल दाल से चले जाते हैं। अगर आप प्रेशर कुकर की जगह मिट्टी की हांडी या बर्तन में दाल पकाएं तो सबकुछ बदल जाता है।

### ज्यादा ताकत के लिए ऐसे पकाएं दाल

जब मिट्टी के बर्तन में खाना पकाते हैं तो आंच की गर्मी धीरे-धीरे फैलती है और दाल के सारे पोषक तत्व उसी में रहते हैं। यह दाल का फ्लेवर बढ़ाने में भी मदद करता है। हमारे बुजुर्ग और पूर्वज भी मिट्टी के बर्तन में खाना पकाते थे। इस तरीके से मिट्टी में मौजूद मिनरल भी मिल जाते हैं, जो आपकी सेहत के लिए बहुत बढ़िया साबित हो सकते हैं। यह दाल को जल्दी पचाने में मदद करता है।

### 400 साल पुराना 'खंडहर', आज भी देखता है मालिक का रास्ता, सजे हैं चाय के प्याले, खुली हैं किताबें!

**लंदन।** दुनिया में आपको बहुत सी अलग-अलग तरह की जगहें मिल जाएंगी। कुछ शहर आज भी आबाद हैं तो कुछ शहर ऐसे भी हैं, जो कभी आबाद होते थे लेकिन आज वीरान हैं। ऐसी जगहों के बारे में लोगों को ज्यादा तो पता नहीं होता, लेकिन अगर कोई कभी वहां पहुंच जाए, तो उसकी आंखें आश्चर्य से फटी रह जाती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ एक शख्स के साथ, जो 400 साल पुराने खंडहर में पहुंच गया।कभी ये एक विशाल घर इतने सालों में लगभग खंडहर बन चुका है, लेकिन आज भी यहां डाइनिंग टेबल पर मालिक के लिए चाय के प्याले सजे हैं। इतना ही नहीं, एक पियानो भी इंतज़ार कर रहा है कि कोई उस पर मीठी धुन बजाए। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये घर 17वीं सदी का बना हुआ है, जहां मानो वक्त रुक सा गया है।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


# न गाड़ी.. न रिक्शा और न ही बस, पिता ने अपने बच्चों को इस तरह भेजा स्कूल

एजेंसी ▶▶| नालंदा

बिहारशरीफ के रहने वाले इंजीनियर अजीत कुमार ने अपने बच्चों को घोड़े पर स्कूल भेजा, जो कि शहर भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। पिता अजीत कुमार के अनुसार बच्चों की पढ़ाई की शुरुआत शुभ और यादगार हो इसलिए उन्होंने अपने बच्चों को घोड़े पर बैठा कर स्कूल भेजा। उनके दोनों जुड़वा बच्चे अलग-अलग घोड़े की सवारी कर रहे थे। इस दौरान पिता भी बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए साथ-साथ चल रहे थे। इस नजारा को जिसने देखा वह हैरान हो गया। जुड़वा बच्चों के पिता अजीत कुमार कहते हैं कि उन्होंने इसके लिए पहले से ही प्लानिंग की थी। हालांकि, वो बच्चों को हाथी की सवारी कराना चाह रहे थे, लेकिन हाथी उपलब्ध नहीं हो पाया, ऐसे में उन्होंने घोड़े की सवारी कराई ताकि बच्चों के लिए उनके शैक्षणिक जीवन की शुरुआत शुभ और यादगार हो सके। अजीत के अनुसार उन्होंने अपने बच्चों के नामांकन के लिए जिले के 15 स्कूलों का दौरा किया। वह विद्यालय जाकर वहां की शैक्षणिक गतिविधि, शिक्षकों के विचार, स्कूल की मनोदशा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, बच्चों के साथ शिक्षकों का व्यवहार सहित बाकी चीजों का अध्ययन कर रहे थे।



## शब्द पहेली - 5809



**बाएँ से दाएँ**

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली- 5808 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | रा | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | रा | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 5819

★★★★☆ कठिन


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5818 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |



# जॉन अब्राहम की फिल्म ने लगाई छलांग...

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' ने रिलीज होते ही कमाल दिखाना शुरू कर दिया है। होली के दिन रिलीज हुई इस पॉलिटिकल-थ्रिलर ने पहले ही दिन अपनी कमाई से चौंका दिया था। इसने उम्मीद से बेहतर परफॉर्म करते हुए 4 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। रिलीज से पहले 'द डिप्लोमैट' को लेकर कोई खास बज़ नहीं था, और ना ही इसे बढ़ा-चढ़ाकर प्रमोट किया गया। इस हिसाब से देखा जाए, तो इसने बढ़िया ओपनिंग की, और दूसरे दिन भी कमाल दिखा दिया। 'द डिप्लोमैट' को दूसरे दिन सुबह के शोज में 7.08% दर्शक मिले, लेकिन शाम और रात के शोज में यह आंकड़ा बढ़कर 27.65% पहुंच गया।

लाइफ Style



# राशा

## मां रवीना संग 'उई अम्मा' पर किया डांस

साल 2025 स्टार किड राशा थडानी के लिए काफ़ी रोमांचक साल रहा है। अपनी मां रवीना टंडन के नक्शेकदम पर चलते हुए राशा ने इस साल की शुरुआत में 'आज़ाद' से अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने अपने ट्रैक 'उई अम्मा' पर पूरे देश को नचाया, जिसमें उनकी सबसे अच्छी दोस्त तमन्ना भाटिया भी शामिल थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


राशा ने महाकुंभ की यात्रा करने से पहले अपने 12वें ज्योतिर्लिंग के दर्शन भी किए। अब वो अपने बर्थडे को खास तरीके से मना रही हैं। राशा ने 2025 में अपना 20वां जन्मदिन मनाया। स्टार किड ने अपनी खूबसूरत मां के साथ खूबसूरत काले रंग की ड्रेस पहनकर डांस भी किया। एक बार फिर, राशा थडानी ने अपने पहले से ही चार्टबस्टर हिट गाने 'उई अम्मा' पर डांस फ्लोर पर धूम मचा दी। अपनी बर्थडे पार्टी के एक अनदेखे वीडियो में उन्होंने एक केक काटा और फिर रवीना के साथ डांस किया। बर्थडे गर्ल ने अपने अच्छे दोस्त और 2025 की फिल्म के एक्टर वीर पहाड़िया को केक खिलाया, वहीं बैकग्राउंड में राशा के गाने पर रवीना टंडन ने अपने मूव्स से सभी को चौंका दिया। स्काई फोर्स के एक्टर वीर के अलावा, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान और तमन्ना भाटिया भी मेहमानों की लिस्ट में शामिल थे। ररशा की बर्थडे पार्टी के ये अनदेखे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के तुरंत बाद, बहुत से फैंस ने बर्थडे गर्ल पर प्यार और आशीर्वाद बरसाया। लेकिन ज़्यादातर लोग रवीना की सदाबहार खूबसूरती और चमक को देखकर दंग रह गए।

हॉलीवुड मसाला




# नाबालिग को डेट करने का आरोप

**नई दिल्ली।** साउथ कोरिया के मशहूर एक्टर किम सू ह्यून का नाम इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। कोरियन ड्रामा देखने वाले उन्हें बखूबी जानते होंगे। इस बार एक्टर अपने किसी अपकमिंग ड्रामा की वजह से नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में 37 साल के एक्टर पर आरोप लगा है कि उन्होंने 15 वर्षीय किम से रोन को डेट किया था। किम से रोन के बारे में बता दें कि एक्ट्रेस को 16 फरवरी के दिन उनके घर पर मृत पाया गया था।



# 62 की उम्र में 36 की एक्ट्रेस को डेट कर रहे टॉम क्रूज...

**लॉस एंजिलिस।** टॉम क्रूज और एना डी आर्मस को लंदन में एक साथ देखा गया था। इसके बाद से दोनों की डेटिंग को लेकर अफवाह ने फिर से जोर पकड़ लिया है। हाल ही में साथ में दोनों की मौजूदगी को देखते हुए ये कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं या फिर इससे कुछ ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार की शाम को दोनों अभिनेताओं को हेलीकॉप्टर से लंदन हेलीपोर्ट पर आते देखा गया। 62 वर्षीय क्रूज और 36 वर्षीय डी आर्मस दोनों ने कैज़ुअल आउटफिट पहना हुआ था। क्रूज ने काली जींस और भूरे रंग की बटन-डाउन शर्ट पहनी हुई थी, जबकि डी आर्मस ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर काले रंग का ट्रेंच कोट पहना था, जिसे उन्होंने जींस और सफेद स्नीकर्स के साथ पेयर किया गया था। दोनों को हेलीपोर्ट स्टॉफ के साथ मस्ती मजाक करते हुए देखा गया और वो ठहाके लगाकर हंस रहे थे।



# लड़के के आंख मारने पर बौखलाईं...

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा एक कमाल की डांसर हैं जो अक्सर अपने डांस मूव्स से हर किसी का दिल जीत लेती हैं। वो फिलहाल टीवी शो 'हिप हॉप इंडिया' के दूसरे सीज़न को जज कर रही हैं। अपनी शानदार टाइमिंग के लिए जानी जाने वाली मलाइका हर वक्त लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस के साथ कुछ ऐसा हुआ जिसके बारे में बात करके वो गुस्सा हो गईं। वायरल हो रहे वीडियो में मलाइका अरोड़ा एक 16 साल के लड़के को डांस शो के दौरान डांस करने और उनकी आंख मारने के लिए डांटती नजर आ रही हैं। उन्होंने लड़के से ये भी कहा कि वो उसकी मम्मी को फोन करेंगी। उनके रिएक्शन ने तुरंत सबका ध्यान खींच लिया। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा- उसका यह कहना जायज नहीं था कि उसकी उम्र ही क्या है अभी।



# सनी की फिल्म रि-रिलीज में मचाएगी गदर

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार सनी देओल की मूवीज को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है। गदर 2 की अपार सफलता के बाद सनी आने वाले समय में फिल्म जाट में दिखाई देंगे, जिसका ट्रेलर कुछ दिन बाद रिलीज किया जाएगा। लेकिन जाट से पहले सनी पाजी एक पुरानी फिल्म को री-रिलीज किया जाएगा, जो अपने समय में ब्लॉकबस्टर रही थी। 2023 में निर्देशक अनिल शर्मा की फिल्म गदर 2 की अपार सफलता से सनी देओल ने सिनेमा जगत में जोरदार कमबैक किया। इस बीच सनी ने अपनी एक पुरानी फिल्म की री-रिलीज की घोषणा इंस्टाग्राम पर कर दी है। दरअसल उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म घातक को रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के दौरान सिनेमाघरों में दोबारा से रिलीज किया जाएगा। 21 मार्च को घातक बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

टीवी मसाला

# रैना को फिर लगा झटका दिल्ली में 2 शोज कैंसिल...

**मुंबई।** कॉमेडियन समय रैना को 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बीच एक और झटका लगा है। उनके 21 और 23 मार्च 2025 को



दिल्ली में होने वाले शो को अब कैंसिल कर दिया गया है। 'अनफिल्टर्ड' नाम के इस शो की एडवांस बुकिंग पूरी हो चुकी थी, लेकिन इसे रद्द कर दिया गया है। मैसेज में लिखा था, 'शुक्रवार 21 मार्च 2025 (या रविवार 23 मार्च 2025) को शाम 7:00 बजे तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में होने वाला आपका समय रैना अनफिल्टर्ड - तालकटोरा स्टेडियम शो रद्द कर दिया गया है। असुविधा के लिए खेद है। हमने राशि के लिए रिफंड प्रोसेस कर दिया है... रिफंड 7 से 10 वर्किंग डे में दिखाई देना चाहिए।' हालांकि, आयोजकों ने प्रोग्राम कैंसिल करने के पीछे का सटीक कारण नहीं बताया है और 'समय' ने भी अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## शर्मनाक! इंडियन आइडल की स्क्रिप्ट देख हैरान हुए फैंस...


**मुंबई।** रियलिटी शो की प्रामाणिकता के बारे में संदेह लंबे समय से मौजूद हैं। अब हाल ही में सोशल मीडिया यूजर्स को इसका प्रमाण भी मिल गया।



रेडिट पर पोस्ट की गई एक पोस्ट से इस बात की पुष्टि हुई है। इंडियन आइडल 15 के लेटेस्ट होली स्पेशल एपिसोड के दौरान तेज-तर्रार नजरों वाले रेडिटर्स ने एक गलती पकड़ने में जरा सा भी समय नहीं लगाया। दरअसल सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रही है जिसमें शो में गेस्ट के तौर पर आईं जज हेमा मालिनी को शो की पूरी स्क्रिप्ट पकड़े हुए देखा गया। पोस्ट में शेयर किए गए स्क्रीनशॉट में हेमा मालिनी को सफेद साड़ी पहने, हाथ में स्क्रिप्ट पकड़े हुए देखा गया। इस पूरे मामले में जिस बात ने सभी का ध्यान खींचा, वह यह थी कि स्क्रिप्ट केवल एक मोटा खाका नहीं था - इसमें देवनागरी में लिखी गई उनकी सटीक पंक्तियां थीं। एक पार्ट में साफ लिखा हुआ था कि हेमा जी मथुरा शैली की होली का वर्णन करेंगी। प्रियगंशु इसे लट्ठ मार होली कहते हैं... इसके बाद लट्ठ मार होली के बारे में डिटेल्स दी गई हैं।

# तमन्ना-विजय का नहीं हुआ ब्रेकअप

**मुंबई।** बॉलीवुड की एक जोड़ी टूट गई। कहा जा रहा है कि तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा अब साथ नहीं हैं। दोनों ने रवीना टंडन की होली पार्टी तो अटैंड की, लेकिन कहीं भी साथ में पोज नहीं दिया। दो साल का रिश्ता हफ्तेभर पहले खत्म हो गया! खैर, दोनों की तरफ से अभी तक इस पर रिएक्शन नहीं आया है, लेकिन तमन्ना को हाल ही में विजय के एक सामान के साथ देखा गया, जिसके बाद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तमन्ना रविवार रात को राशा थडानी की बर्थडे पार्टी में शामलि हुईं। उन्हें ब्लैक वन पीस और ब्लैक एंड व्हाइट स्ट्राइप्ड कोट पहने देखा गया। वैसे तो एक्ट्रेस हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही थीं, लेकिन नेटिजन्स ने नोटिस किया कि उन्होंने विजय वर्मा का कोट पहना हुआ है। देखते ही देखते सोशल मीडिया पर कॉमेंट्स की बाढ़ आ गई। कुछ लोग ये भी अनुमान लग रहा हैं कि इसका मतलब ये है कि इनका ब्रेकअप नहीं हुआ है!



# 30 दिन में वर्ल्डवाइड 750 करोड़ पार



***मुंबई।*** *विक्की कौशल की 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर रुकने का नाम नहीं ले रही है। रिलीज के 1 महीने बाद भी फिल्म हर रोज करोड़ों कमा रही है। ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि दुनिया भर में विक्की कौशल का जादू बरकरार है। 'छावा' पर्दे पर आने के एक महीने बाद भी हिट फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ रही है और नए आयाम रच रही है। 'छावा' ने अब वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 750 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 30 दिनों की कमाई के साथ विक्की कौशल की फिल्म ने कुल 750.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। वहीं 31वें दिन फिल्म ने भारत में 8 करोड़ रुपए कमाए और अगर इस कलेक्शन को जोड़ दिया जाए तो 'छावा' का कुल कलेक्शन 758.5 करोड़ हो जाता है। विक्की कौशल ने 'छावा' के महीने भर के शानदार कलेक्शन के साथ रजनीकांत का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साउथ सुपरस्टार के खाते में वर्ल्डवाइड 10वीं सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म का रिकॉर्ड था। रजनीकांत की 2018 में रिलीज हुई फिल्म 2.O ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 744.78 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था।*

## अब कंपनी पर सेलेब्स के डेढ़ करोड़ रुपए बकाया हैं

# 25 सेलेब्स के साथ हुई धोखाधड़ी, ऐड करवाकर नहीं दी पेमेंट

***मुंबई।*** *सेलिब्रिटीज के साथ हुई धोखाधड़ी से जुड़ा एक मामला सामने आया है। दरअसल, सेलिब्रिटी मैनेजिंग कंपनी ने एनर्जी ड्रिंक ब्रांड की एक कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाते हुए यह आरोप लगाया है कि कंपनी ने कई सेलेब्स से एनर्जी ड्रिंक का ऐड करवाया, लेकिन बाद में उन्हें पेमेंट नहीं दी। अब कंपनी पर सेलेब्स के डेढ़ करोड़ रुपए बकाया हैं। जिन सेलेब्स के साथ धोखाधड़ी हुई है, उसमें अंकिता लोखंडे, करण कुंद्रा, आयुष शर्मा समेत बॉलीवुड और टीवी के मिलाकर 25 सितारों का नाम शामिल है।*



### पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत

बता दें कि मुंबई के चेंबूर पुलिस स्टेशन में सेलेब्रिटी मैनेजिंग कंपनी चलाने वाली रोशन गैरी ने इस मामले को लेकर पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवाई है। गैरी ने तनिष छेड़जा, मनु श्रीवास्तव, फैसल रफीक, अब्दुल और रितिक पांचाल नाम शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

### एनर्जी ड्रिंक ब्रांड ने कही थी ये बात

एक रिपोर्ट के अनुसार, शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह एक विज्ञापन कंपनी चलाती हैं और उन्हें जुलाई 2024 में एक शख्स ने फोन किया, जिसने कहा कि वह एक एनर्जी ड्रिंक ब्रांड के लिए 25 सेलेब्स के साथ कोलेब करना चाहता है। फिर उसने इस कॉन्ट्रैक्ट के लिए 10 लाख रुपए एडवांस देने की बात कही थी और पैसों की रसीद भी भेजी, लेकिन शिकायतकर्ता के अकाउंट में कोई पेमेंट नहीं आई।

### 15 लाख की भेजी थी तस्वीर

फिर बाद में आरोपी ने शिकायतकर्ता को दादर में एक पार्टी में कलाकारों को लाने के लिए कहा और उस पार्टी में अर्जुन बिजलानी, अभिषेक बजाज और हर्ष राजपूत समेत लगभग 100 सितारे शामिल हुए थे, जहां एनर्जी ड्रिंक ब्रांड के लिए 25 सेलेब्स का चयन किया गया। उस दौरान कुल पेमेट 1.32 करोड़ रुपये तय हुई थी। यहां तक कि आरोपी ने शिकायतकर्ता को आश्वासन के तौर पर 15 लाख रुपये के चेक की तस्वीर भेजी गई, जिसमें यह वादा किया गया कि जल्द ही पैसे उनके खाते में जमा हो जाएंगे।

### कंटेंट सोशल मीडिया पर भी अपलोड

आरोपी के आश्वासन देने के बाद रोशन ने विज्ञापन का शूट जारी रखा और कंटेंट को सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया गया, इस समझौते के साथ कि सभी भुगतान 35 दिनों के अंदर कर दिए जाएंगे। बता दें कि जिस एनर्जी ड्रिंक को सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और अभिनेताओं द्वारा शूट किया गया उसका नाम स्काई 63 है। इसके बाद एनर्जी ब्रांड कंपनी ने कुछ चेक भी दिए, लेकिन सभी बाउंस हो गए।

### इन सेलेब्स के साथ हुई धोखाधड़ी

*ये धोखाधड़ी अंकिता लोखंडे, आयुष शर्मा, अभिषेक बजाज, अद्रिजा रॉय, बसिर अली, पार्थ कलनावत, नियति फतनानी, समर्थ जुरैल, हेली शाह, कशिश, अंकित गुप्ता, मोहित मलिक, जन्नत जुबैर, विजयेंद्र कुमरिया, तेजस्वी प्रकाश, करण कुंद्रा, मिकी शर्मा, रिद्धिमा पंडित, जय भानुशाली, कुशाल टंडन, विभा आनंद, सना सुल्तान, भूमिका गुरांग, ध्वनि पवार, सना मकबूल संग हुई। अब मुंबई पुलिस इस केस को इन्वेस्टिगेट कर रही है।*

## भारत की लंबी दूरी की धाविका है अर्चना जाधव

# भारतीय धाविका जाधव डोप टेस्ट में फेल, लगा चार साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव पर जनवरी में डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण मंगलवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अर्चना ने बार-बार याद दिलाने पर भी डोप परीक्षण में असफल रहने के खिलाफ अपील नहीं की जिससे विश्व एथलेटिक्स ने यह मान लिया कि वह अपना अपराध स्वीकार करती है और इसलिए उस पर प्रतिबंध लगा दिया। विश्व एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के अनुसार, जाधव का जो नमूना पिछले साल दिसंबर में पुणे हाफ-मैराथन के दौरान लिया गया था, उसमें प्रतिबंधित पदार्थ ऑक्सेंड्रोलोन था। यह सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है।




### सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे

प्रतिबंध सात जनवरी से लागू हुआ। जाधव इस अवधि के लिए अस्थायी तौर पर निलंबित थी। 15 दिसंबर 2024 से उनके सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे और उन्हें इस अवधि के लिए सभी पुरस्कार, पदक, अंक, पुरस्कार और उपस्थिति राशि जमा करने होंगे।

### जाधव ने ईमेल पर खेद जताया था

*जाधव ने 25 फरवरी को एआईयू को एक ईमेल में उल्लंघन के आरोप का जवाब देते हुए कहा था, ''मुझे बेहद खेद है सर...मैं आपके फैसले का स्वागत करती हूं।'' एआईयू ने कहा कि इस संवाद को लेकर उसकी समझ यह थी कि जाधव को सुनवाई की आवश्यकता नहीं थी और वह निकाय से निर्णय से संतुष्ट थी।*

### तीन मार्च तक का समय दिया गया था

*एआईयू ने कहा कि फिर भी जाधव को सूचित किया गया कि उनके पास यह स्वीकार करने के लिए तीन मार्च तक का समय है कि उन्होंने डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन किया है। इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 28 फरवरी को उन्हें इसकी याद दिलाई।*

### आखिरी बार अक्टूबर 2024 दिल्ली मैराथन में भाग लिया

*हालांकि, एआईयू को जाधव से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया था, जिसमें भारतीय महिला खिलाड़ियों में लिली दास, कविता यादव और प्रीति लांबा के पीछे चौथे स्थान पर रहीं थी।*

### श्रेष्ठ प्रदर्शन

**10,000** मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 35:44.26 और हाफ मैराथन में 1:20:21 है। 3,000 मीटर में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10:28.82 है।

## खबर संक्षेप

### शेफाली की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हैट्रिक

**गुवाहाटी।** भारत की आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने महिलाओं की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हरियाणा के लिये खेलते हुए कर्नाटक के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में हैट्रिक लगाई। भारतीय टीम से बाहर शेफाली ने सलोनी पी और सौम्या वर्मा को 44वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर आउट किया और 46वें ओवर की पहली गेंद पर नमिता डिसूजा का विकेट लिया।

### हॉकी के इतिहास पर और किताबें लिखी जाए : टिर्की

**नई दिल्ली।** भारत के महान डिफेंडर और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि पिछले सौ साल में भारतीय हॉकी के गौरवशाली इतिहास पर लिखा जाना चाहिये ताकि मौजूदा पीढी को इसके बारे में पता चले। भारत के लिये 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके टिर्की ने 1975 विश्व कप जीत की स्वर्ण जयंती पर आई किताब 'मार्च टू ग्लोरी' के विमोचन के मौके पर कहा, ''भारतीय हॉकी का यह सौवां साल है और इसके गौरवशाली इतिहास की कहानियां नयी पीढी के सामने आनी चाहिये।

### महिला वनडे विश्व कप के लिए बनाएगी समिति

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की कोलकाता में 22 मार्च को होने वाली आपात बैठक में महिला वनडे विश्व कप के लिये आयोजन समिति का गठन किया जायेगा और इस साल होने वाले टूर्नामेंट के लिये वेन्यू का भी चयन किया जायेगा। बैठक गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच ईडन गार्डंस पर होने वाले आईपीएल के पहले मैच के दौरान होगी। बीसीसीआई ने पिछली बार 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी।

### कपिल दौरे पर परिवार साथ रखने के पक्ष में

**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव विदेश दौरे पर क्रिकेटरों के अपने परिवार साथ में रखने के पक्ष में है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मामले में संतुलित रवैया अपनाया जाना चाहिए। भारत की ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 1–3 से हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने निर्देश जारी किया कि 45 से अधिक दिन के दौरे में क्रिकेटर अधिकतम 14 दिन तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं।


**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर**
कार्यालय पता तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर -दूरभाष 0761 (2625425) ई - मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक / 290 / निविदा / ग्रायांसेवा / 2025 — **संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10 /2024-25** — जबलपुर, दिनांक – 12/3/25

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 6 में अंकित पी. ए. सी. की राशि रुपये 1.00 करोड से अधिक होने पर तीन लिफाफा पद्धति एवं पी.ए.सी. की राशि रुपये 1.00 करोड़ से कम होने पर दो लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार, ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in देखी जा सकती है । (निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियाँ ऑनलाईन देखी जा सकती है, पृथक से प्रकाशित नही की जायेगी ।) विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC) (राशि रुपए में) | अमानत राशि (राशि रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर | 2025_RES_409429_1 | नवीन पंचायत भवन निर्माण (क्लस्टर) कार्य ग्राम पंचायत मनकेड़ी | शहपुरा | 3561730.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | तृतीय | 11.04.2022 |
| 2 | जबलपुर | 2025_RES_409433_1 | **डाईट जबलपुर में विभिन्न निर्माण कार्य** :- 1. 250 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण कार्य डाईट परिसर 2. पुरूष शौचालय निर्माण कार्य डाईट परिसर 3. सी. डब्ल्यू. एस. एन. रैम्प निर्माण कार्य डाईट परिसर 4. महिला शौचालय निर्माण कार्य डाईट परिसर 5. प्रशासनिक भवन उन्नयन कार्य डाईट परिसर 6. बाउण्ड्रीबाल निमार्ण कार्य डाईट परिसर | जबलपुर | 16062880.00 | 160700.00 | 12500.00 | 365 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 3 | जबलपुर | 2025_RES_409434_1 | **डाईट जबलपुर में विभिन्न निर्माण कार्य** :- 1. पुस्तकालय भवन निर्माण कार्य डाईट परिसर 2. रिसर्च एण्ड एनोवेशन सेन्टर निर्माण कार्य डाईट परिसर 3. जी – टाईप क्वाटर निर्माण कार्य डाईट परिसर 4. बालक छात्रावास उन्नयन कार्य डाईट परिसर 5. सी. डब्ल्यू. एस. एन. रैम्प निर्माण कार्य डाईट परिसर 6. पार्किंग शेड निर्माण कार्य डाईट परिसर 7. सीमेंट कांक्रीट सडक निर्माण एवं पेवर ब्लाक निर्माण कार्य डाईट परिसर जबलपुर | जबलपुर | 14052985.00 | 140600.00 | 12500.00 | 365 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 4 | मण्डला-2 | 2025_RES_409435_1 | नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य ग्राम पंचायत देवरी | नारायणगंज | 2843804.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 5 | कटनी | 2025_RES_409436_1 | ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य इमलाज | रीठी | 2844107 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 6 | कटनी | 2025_RES_409437_1 | ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य बम्हौरी | बड़वारा | 2844107.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 7 | कटनी | 2025_RES_409438_1 | शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में बाउण्ड्रीबाल का निर्माण कार्य | विजयराघव गढ़ | 5474572.00 | 54800.00 | 10000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |

निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates) :-
1 Date of Publishing of Tender/ Document Download/Sale Start Date 20.03.2025 (11:00AM)
2 Technical Bid Submision End Date 28.03.2025 (06:00PM)
3 Bid Opening Date 01.04.2025 (11:00AM)

अधीक्षण यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जबलपुर मण्डल जबलपुर

G-24484/24



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
राइट टाउन शाखा, 466, राइट टाउन, डॉ. आर.एन. चटर्जी रोड, जबलपुर-482001
फ़ोन - +91-9109173119, ईमेल - dbwrig@bankofbaroda.com

**मांग सूचना**

(वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस (सरफेसी एक्ट)

बैंक ऑफ बड़ौदा, राईट टाउन, जबलपुर( म.प्र. ) के माध्यम से प्राप्त किये गये ऋण जो एन.पी.ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्न वर्णित ऋणियों को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत निम्न वर्णित दिनांक 11.03.2025 को पंजीकृत डाक पावती सहित द्वारा आप सभी को भेजी गई थी । जो कि प्राप्तकर्ता उपलब्ध नहीं होने के कारण/अस्वीकृत कर देने के कारण वापस कर दी गई है। निम्न वर्णित मांग सूचना दिनांक में हमने इस आशय को स्पष्ट कर दिया है, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शाई राशि 60 दिनों के अंदर जमा नहीं कराई गई तो उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अनुसार बैंक में दृष्टिबंधक प्रतिभूति एवं बंधक संपत्ति जो कि निम्नलिखित ऋणियों /जमानतदारों के नाम है, उसका आधिपत्य ले लिया जाएगा। बकाया राशि का उल्लेख निम्नानुसार है –

| क्रं. सं. | शाखा का नाम | ऋणी/जमानतदार का नाम व पता | एन.पी.ए. दिनांक / मांग सूचना दिनांक / (₹) बकाया राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राईट टाउन | 1. मेसर्स पिनाक एसोसिएट्स की प्रोपराइटर वीणा पांडे, वो हिमांशु पांडे (उधारकर्ता फर्म) 3627, संचार नगर, पचौरी पेट्रोल पंप के पीछे दीनदयाल चौक, जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482001<br>2. श्रीमती वीणा पांडे, श्री हिमांशु पांडे (फर्म मेसर्स पिनाक एसोसिएट्स के मालिक) 3627, संचार नगर, पचौरी पेट्रोल पंप के पीछे दीनदयाल चौक जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482001<br>3. श्रीमती सुनीला पांडे पत्नी श्री चंद्र मोहन पांडे (गारंटर) वार्ड क्रमांक 25, अवस्थी कंपाउंड, कृष्णा नगर, तहसील रघुराजनगर, सतना (म.प्र.) – 485001<br>4. हिमांशु पांडे पुत्र चंद्र मोहन पांडे (गारंटर) 3627, संचार नगर, पचौरी पेट्रोल पंप के पीछे दीनदयाल चौक, जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482001<br>5. श्रीमती प्रेमलता चौहान पत्नी स्वर्गीय अमर सिंह चौहान (गारंटर) 1047, मेन रोड, अवधपुरी कॉलोनी, जैन किराना स्टोर के पास ग्वारीघाट रोड, जबलपुर (म.प्र.) – 482002<br>इसके अलावा - H.No. 38 सूर्या एन्क्लेव कलेक्टर हाउस के पास मालाखेड़ी रोड होशंगाबाद, मध्य प्रदेश - 461001 | NPA DATE 24/02/2025<br>Demand Notice Date 11/03/2025<br>O/s as on 11/03/2025 Rs.69,93,408.13 + Other Charges & Interest there on | 1. अचल आवासीय परिवर्तित संपत्ति (भूमि एवं भवन) का सम्पूर्ण भाग, जिसका सर्वे क्रमांक 351/1/3 एवं 352/1/3 है, जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट है, जो ग्राम कोलगवां, वार्ड क्रमांक 25, आर.आई.सर्किल सतना, पटवारी हल्का क्रमांक 83/97, तहसील रघुराज नगर, सतना, जिला सतना (मध्य प्रदेश) में श्रीमती सुनीला पाण्डेय पत्नी श्री चन्द्र मोहन पाण्डेय के नाम पर स्थित है। सीमाएं: पूर्व: चंद्र मोहन पांडे का मकान, पश्चिम: ममता मिश्रा का मकान, उत्तर: रामलाल काछी कानूनी वारिस की आराजी, दक्षिण: 20 फीट पीसीसी रोड<br>2. अचल आवासीय परिवर्तित संपत्ति (भूमि) का समस्त भाग, के.एच.नं.144 (पुराना), के.नं.144 एस (नया) क्षेत्रफल 0.700 हेक्टेयर और खसरा नं.236 (पुराना), खसरा नं.236 (एस) क्षेत्रफल 1.640 हेक्टेयर - कुल क्षेत्रफल 2.34 हेक्टेयर मौजा ग्राम काकरतला, एन.बी.524, पी.एच.नं.14, आर.एन.एम. में स्थित है। बड़ौदा/महाराजपुर, विकासखंड एवं तहसील पनगर, जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) श्रीमती प्रेम लता चौहान पत्नी स्व. श्री अमर सिंह चौहान के नाम पर<br>सीमाएँ: खसरा नंबर 144 की सीमाएँ<br>पूर्व: खसरा नंबर 146, पश्चिम: खसरा नंबर 143, उत्तर: गांव रोड, दक्षिण: खसरा नंबर 145<br>खसरा संख्या 236 की सीमाएँ - पूर्व: खसरा संख्या 237, 238 और 239, पश्चिम: खसरा संख्या 220 और 225, उत्तर: खसरा संख्या 241,242,243 और 244, दक्षिण: खसरा संख्या 234 |

अतः आप सभी को सुझाव दिया जाता है कि उक्त मांग सूचना पत्र/लिफाफा जो कि आपको डाक द्वारा **11.03.2025** को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से भेजा गया था। (1) आप नोटिस की कॉपी **शाखा** से प्राप्त कर लें ताकि आपको सूचना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाये एवं (2) मांग सूचना में दर्शाई गई बकाया राशि ब्याज एवं खर्च आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक – 19/03/2025 — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा


# भारत का मालदीव से आज मुकाबला

एजेंसी ▶▶| शिलांग



भारत और मालदीव के बीच बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेला जाएगा तो सभी की निगाहें संन्यास से वापसी करने वाले स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री पर टिकी रहेंगी। भारत के लिए यह मैच एक सप्ताह से भी कम समय में इसी स्थान पर बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर मैच के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा।

भारत एशिया कप क्वालीफायर में अपना पहला मैच 25 मार्च को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 40 वर्षीय छेत्री ने इस प्रतियोगिता में भारत को सफलता दिलाने के लिए ही इस महीने के शुरू में संन्यास से वापसी करने की घोषणा की थी। भारतीय टीम के लिए यह अभ्यास मैच ऐतिहासिक भी है क्योंकि वह पहली बार फुटबॉल के दीवाने इस पहाड़ी शहर में मैच खेलेगी।

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में वापसी की घोषणा के बाद यह भारत के सर्वकालिक शीर्षस्कोरर छेत्री का भी पहला मैच होगा। भारत के मुख्य कोच मानोलो मार्केज़ ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''यह पहला अवसर है जबकि हम यहां खेल रहे हैं, लेकिन मैंने यहां के कई कोचों और खिलाड़ियों के साथ काम किया है। मुझे पता था कि यह बहुत अच्छी जगह है।''


**श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, जबलपुर**
आई.टी.आई के पास, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.) 482002
ESTD 2001

श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, जबलपुर कॉलेज कोड-28 के अंतर्गत सहायक प्राध्यापक चयन हेतु, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं 2 फोटोग्राफ सहित आवेदन पत्र आमंत्रित करता है, आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर।

| क्रं. | पद | विषय | पदों की संख्या | योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक | विधि | 15 | UGC के मापदंडों के अनुसार |
| 2 | सहायक प्राध्यापक | अंग्रेजी | 01 | |
| 3 | सहायक प्राध्यापक | अर्थशास्त्र | 01 | |
| 4 | सहायक प्राध्यापक | इतिहास | 01 | |
| 5 | सहायक प्राध्यापक | राजनीति विज्ञान | 01 | |

नोटः- 1. उपरोक्त पदों के चयन हेतु UGC के नियम प्रभावशील होंगे।
2. आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के प्राचार्य के उपरोक्त पते पर स्वयं उपस्थित होकर, डाक द्वारा अथवा ई मेल- *sriljabalpur@gmail.com* पर अंतिम तिथि के पूर्व भेज सकते हैं।
3. अधिक जानकारी के लिये महाविद्यालय के इस नं. 8770097601 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**
// निविदा सूचना // (1st Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | न.नि.ज./प्रकाश / 2024-25/44/पी.आर.ओ./ 652 दिनांक 18/03/2025 | Supply, Installation Testing & Commissioning (SITC) of 16 Mtr Highmast at Adhartal Talab ward No.61 JMC Jabalpur | 03 माह एवं 358557.00 | 2000.00 एवं 3586.00 | 05/04/2025 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम, जबलपुर



**कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला कटनी, (म.प्र.)**

क्रमांक /1807 — **द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना** — दिनांक:- 18/03/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन प्रकाशन ऑनलाईन www.gem.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

| क्रं. | जेम बिड नं. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | आनलाईन निविदा जारी करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2025/B/6060600 18.03.2025 | कचरा गाड़ी हाईड्रोलिक होपर ट्रिपर 04 नग बीए-6 | कार्यादेश दिनांक से 30 दिवस तक | 40 लाख | 120000.00 | 04.04.2025 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरही
जिला कटनी (म.प्र.)



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला कटनी (म.प्र.)**

क्र./पुअ/कटनी/रनि/रीडर/63 -C/25 — **निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति** — दिनांक 17.03.2025

1. वित्तीय वर्ष 2025-26 में कानून व्यवस्था एवं व्हीआईपी / व्हीव्हीआईपी ड्यूटी के दौरान नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराने हेतु निम्न प्रोफार्मा एवं मैन्यू अनुसार कोटेशन प्राप्त किये जाने हैं:-

| क्र. | प्रकार | दर | मैन्यू |
|---|---|---|---|
| 1 | नाश्ता | 20/- | पोहा, चाय, फल मौसम अनुसार |
| 2 | दोपहर भोजन (पैकिंग सहित ) | 40/- | रोटी, सब्जी, दाल, चावल, सलाद, अचार |
| 3 | शाम का भोजन (पैकिंग सहित ) | 40/- | |

2. कृपया उपरोक्त दर अनुसार प्रति व्यक्ति नाश्ता एवं भोजन का मैन्यू तैयार कर बंद लिफाफे में पुलिस अधीक्षक कटनी के नाम दिनांक 28.03.25 तक भेजें। मैन्यू को स्पष्ट करेंगें की 20 रुपए में कितना नाश्ता एवं भोजन 40 रुपए में क्या रहेगा । विवरण सहित कोटेशन प्रस्तुत करें।

**समय सारणी**

| क्रमांक | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 22.03.2025 |
| 02 | निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक | 23.03.2025 |
| 03 | निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक | 28.03.2025 |
| 04 | निविदा खोलने का दिनांक | 30.03.2025 |

नोट :-उपरोक्त निविदाओं को mppolice पोर्टल में अपलोड किया गया है। कृपया विस्तुत जानकारी हेतु पोर्टल पर विवरण प्राप्त करें ।

शर्तें:-1. नि:शुल्क भोजन मद में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा निर्धारित दर से अधिक का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। 2. नाश्ता एवं भोजन समय पर उपलब्ध कराने बावत स्थानीय स्तर पर फर्म द्वारा निविदा में भाग लिया जावेगा। 3. फर्म का जीएसटी होना अनिवार्य है। 4. निविदा के संबंध में पूर्ण जानकारी रक्षित निरीक्षक कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त करे। 5. नाश्ता एवं भोजन का आदेश मिलने के एक घंटे में उपलब्ध कराना होगा। 6. शासन द्वारा बजट उपलब्ध होने पर समय-समय पर भुगतान किया जावेगा। 7. नाश्ता एवं भोजन की गुणवत्ता सही पाये जाने एवं शिकायत प्राप्त होने पर कायार्देश निरस्त होगा। 8. भुगतान हेतु देयक तीन प्रतियों में अधोहस्ताक्षरकर्ता के नाम से भेजना होगा। 9. उपरोक्त समस्त शर्तो में किसी भी प्रकार के संशय अथवा विवाद होने की स्थिति में पुलिस अधीक्षक, कटनी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

पुलिस अधीक्षक
जिला कटनी

G-24499/24



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र - 1, सिवनी**

निविदा आमंत्रण क्र. 25/1161/व.ले.लि./2024-25 — **निविदा - सूचना** — सिवनी, दिनांक 17.03.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWD RB_410003 | लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. -2 सिवनी के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो के सर्वे एवं डी. पी. आर. तैयार करने का कार्य। | पंचम | 2000 | 10.00 लाख | 20000 | 02 (दो) माह | कार्यपालन यंत्री,लो.नि.वि. संभाग क्र- 1 सिवनी |
| 2 | 2025_PWD RB_410005 | उपसंभाग क्र.- 1 सिवनी के अन्तर्गत ओ.बी. सी. बालक एवं कन्या छात्रावास सिवनी मे रैनोवेशन का कार्य। | द्वितीय | 2000 | 16.94 लाख | 33880 | 01 (एक) माह | कार्यपालन यंत्री,लो.नि.वि. संभाग क्र- 1 सिवनी |
| 3 | 2025_PWD RB_410006 | उपसंभाग केवलारी के अंतर्गत डाईट पहुंच मार्ग लं. 0.80 किमी. लोनिवि उपसंभाग पहुंच मार्ग लं. 0.15 किमी. ब्लाक कालौनी केवलारी मार्ग लं. 0.40 किमी. उगली रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग 0.12 किमी., पलारी रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग 0.11 किमी. कुल लम्बाई 1.58 कि.मी. मे बी.टी. रिनीवल का कार्य । | प्रथम | 2000 | 13.66 लाख | 27320 | 01 (दो) माह वर्षा ऋतु सहित | कार्यपालन यंत्री,लो.नि.वि. संभाग क्र- 1 सिवनी |
| 4 | 2025_PWD RB_410008 | उपसंभाग लखनादौन के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो की मरम्मत कार्य । | प्रथम | 2000 | 16.94 लाख | 33880 | 06 (छै) माह वर्षा काल सहित | कार्यपालन यंत्री,लो.नि.वि. संभाग क्र- 1 सिवनी |
| | | योग 04 कार्य | | | 57.54 लाख | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04.04.2025 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205 / प्रस / लोनिवि / 20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निदेर्शानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा । इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. ( धरोहर राशि ) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें । इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप मे ई. एम. डी. (धरोहर राशि ) स्वीकार नही की जावेगी ।


(इंजी. आर.के. हनुमंते)
कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.(भ/स) संभाग क्र -1 सिवनी

G-24503/24

## हाईकोर्ट ने सुरक्षित किया गया आदेश सुनाया

# यूपीएससी में ईडब्ल्यूएस को आयु सीमा में नहीं मिलेगी छूट

हरिभूमि जबलपुर।



मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग यानि ईडब्ल्यूएस को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दिए जाने की मांग से संबंधित 20 याचिकाओं की संयुक्त सुनवाई पूरी होने के बाद पूर्व में सुरक्षित किया गया आदेश सुना दिया। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस के मूलभूत बिंदुओं को अभिलेख पर लिया था। इसी के साथ अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था। जिसे सार्वजनिक करते हुए मांग अस्वीकार कर दी।

सतना निवासी आदित्य नारायण पांडे सहित 20 ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों की ओर से याचिकाएं दायर की गई थीं। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल सहित अन्य ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पक्ष रखा था। वहीं अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से आशुतोष चौबे व काशी प्रसाद शुक्ला एवं अन्य और प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य की याचिकाओं में वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह, रमेश प्रजापति, एस कौल ने पक्ष रखा था।

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि जिस तरह पूर्व में माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में ईडब्ल्यूएस को पांच वर्ष की आयु सीमा की छूट का लाभ दिया गया था, उसी तरह संघ लोक सेवा आयोग यानि यूपीएससी की सिविल सर्विसेज परीक्षा-2025 के ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को भी मिलना चाहिए।

ऐसा इसलिए भी क्योंकि ईडब्ल्यूएस भी एससी, एसटी व ओबीसी की भांति आयु सीमा में छूट के लाभ के अधिकारी हैं। केंद्र सरकार को निर्देश दिया जाए कि वह केंद्रीय भर्तियों में अन्य वर्गों की भांति ईडब्ल्यूएस को भी आयु सीमा में छूट का प्रविधान करे।

- दिवंगत सेवानिवृत्त सफाई कर्मी की विधिवा के मामले में हाईकोर्ट की टिप्पणी
- एक माह के भीतर ब्याज सहित पेंशन व ग्रेच्युटी राशि का भुगतान करने के निर्देश

# पेंशन की फूटी कौड़ी दिए बिना नहीं किया जा सकता गुडबाय

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक आदेश में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि 45 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए सफाई कर्मी को पेंशन की फूटी कौड़ी दिए बिना गुडबाय नहीं किया जा सकता। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने नगर पालिका दमोह की योगदान नहीं, तो पेंशन नहीं की दलील पर करारी फटकार लगाई। कोर्ट ने दिवंगत सफाई कर्मी की विधवा को एक माह के भीतर छह प्रतिशत ब्याज सहित पेंशन जारी किए जाने का आदेश दिया। 12 प्रतिशत ब्याज सहित ग्रेच्युटी राशि भी दिए जाने का आदेश सुनाया। याचिकाकर्ता दिवंगत सफाई कर्मी पुरुषोत्तम मेहता की दमोह निवासी विधवा सोमवती बाई वाल्मीकि की ओर से अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा, असीम त्रिवेदी और रोहिणी प्रसाद शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता को पति की मृत्यु के बाद पेंशन के रूप में एक पैसा भी नही मिला। नगर पालिका ने भविष्य निधि में योगदान न होने की बात कहकर आवेदन निरस्त कर दिया। इस मामले में नगर पालिका, दमोह ने मनमानी का परिचय दिया। इसलिए उनके सभी तर्क दरकिनार किए जाने योग्य हैं।

# चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि बढ़ी

**अब 21 मार्च तक करा सकेंगे किसान अपना पंजीयन**

**जबलपुर।** राज्य सरकार द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार रबी वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि बढ़ा दी गई है। किसान अब 21 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए जिले में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 20 फरवरी से प्रारंभ की गयी थी। इन फसलों का उपार्जन 25 मार्च से 31 मई तक किया जायेगा। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) के लिये औसत अच्छी गुणवत्ता के चना, मसूर एवं सरसों का समर्थन मूल्य क्रमशः 5 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल, 6 हजार 700 रुपए प्रति क्विंटल एवं 5 हजार 950 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। डॉ निगम के मुताबिक किसान गेहूँ पंजीयन केन्द्रों के साथ-साथ एम पी किसान एप, एम पी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे एवं स्वयं के मोबाइल के माध्यम से भी चना, मसूर एवं सरसों के लिये पंजीयन करा सकते हैं। सिकमी एवं बटाईदार श्रेणी के किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जाएगा। पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर एवं आईएफएससी कोड तथा भूमि के अभिलेख खसरा बी-1 एवं सिकमीनामा की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। उप संचालक कृषि ने पंजीयन हेतु आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखने की अपील किसानों से की है। उन्होंने बताया कि गेहूँ उपार्जन की भांति चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिये भी स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था रहेगी।

# संतरागाछी हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन दो ट्रिप निरस्त

**जबलपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में प्री-एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत चौथी रेललाइन कनेक्टिविटी का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के दौरान कुछ यात्री रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली जबलपुर-संतरागाछी-जबलपुर हमसफ़र एक्सप्रेस प्रभावित रहेंगी।

16 एवं 23 अप्रैल 2025 को संतरागाछी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20828 संतरागाछी-जबलपुर हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन दो ट्रिप के लिए निरस्त रहेगी। दिनाँक 17 एवं 24 अप्रैल 2025 को जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन दो ट्रिप के लिए निरस्त रहेगी।



### कोच कंपोजीशन

इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 19 कोच रहेंगे।

### गाड़ी के हाल्ट

रास्ते में यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में न्यू फरक्का, बड़हरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जंक्शन, अभयपुर, किऊल जंक्शन, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जंक्शन, सतना जंक्शन, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी जंक्शन, खण्डवा जंक्शन, भुसावल जंक्शन, जलगांव जंक्शन, मनमाड़ जंक्शन एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशनों पर रुकेगी।

**सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, होकर पहुंचेगी गंतव्य**

## जबलपुर होकर चलेगी पुणे के बीच स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 03425/03426 मालदा टाउन-पुणे-मालदा टाउन के मध्य एक-एक ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 03425 मालदा टाउन से पुणे होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 मार्च 2025 को मालदा टाउन स्टेशन से सायं 17:30 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन सतना दोपहर 13:50 बजे, कटनी 14:40 बजे, जबलपुर सायं 16:10 बजे, पिपरिया 18:25 बजे, इटारसी रात 20:00 बजे, पहुंचकर और तीसरे दिन सुबह 11:35 बजे पुणे स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03426 पुणे से माल्दा टाउन होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 23 मार्च 2025 को पुणे स्टेशन से रात्रि 22:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी दोपहर 13:00 बजे, पिपरिया 14:10 बजे, जबलपुर सायं 16:30 बजे, कटनी 17:58 बजे, सतना रात 19:25 बजे और तीसरे दिन सायं 16:30 बजे मालदा टाउन स्टेशन पहुँचेगी।

**पश्चिमी विक्षोभ से मौसम के मिजाज प्रभावित होने की संभावना**

# पूर्वी मध्यप्रदेश में बन रहे बूंदाबांदी और तेज हवा के आसार

**जबलपुर।** पूर्वी मध्यप्रदेश में अगले 24 घंटों में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ से बने चक्रवात के प्रभाव से 19 से 20 मार्च के बीच जबलपुर संभाग के जिलों में बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। 19 मार्च को जबलपुर, सागर और शहडोल संभाग में बादल, बारिश, गरज-चमक और आंधी के आसार है। यहां 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। 20 मार्च को दमोह, कटनी, उमरिया-शहडोल में आंधी, गरज-चमक का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है, उससे एक द्रोणिका भी संबद्ध है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान एवं उससे लगे हरियाणा पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात और उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में भी एक चक्रवात है, जिससे हवा का रूख बदला हुआ है और नमी आ रही है।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दिन और रात के तापमान में आंशिक गिरावट आई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 17.00 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 46 प्रतिशत और सायंकाल 37 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6 बजकर 14 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6 बजकर 21 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 37.2 डिग्री तापमान नर्मदापुरम और खरगौन जिले में दर्ज किया गया। सबसे कम 12.09 डिग्री तापमान शाजापुर जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। उत्तर-पूर्वी हवायें 4 से 5 कि.मी. प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 32.04 और न्यूनतम तापमान 19.00 डिग्री दर्ज किया गया था।






VML.5798.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240